दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज

दतिया ■ शुक्रवार 27 सितंबर 2024 ■ वर्ष -19 ■ अंक-331 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

**सुविचार**

अपने माता-पिता का पूजन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त करने वाले मनुष्य का घर बैठे ही तीर्थ-स्नान हो जाता है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव : चरखी दादरी में मुख्यमंत्री की जनसभा

# पाक परस्त कांग्रेस, पाकिस्तान जाकर ही करें राजनीति : डॉ. यादव

## पीएम मोदी के नेतृत्व में किसान और जवान का सम्मान हुआ सुरक्षित, सभी के कल्याण करने वाले पीएम बढ़ा रहे हैं, विश्व में भारत की कीर्ति

### हरियाणा हरि का निवास, सरस्वती जैसी प्राचीन नदियों का प्रवाह भी

### यह भारतीय संस्कृति की ध्वजा लहराने का समय

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव में दादरी विधानसभा के लिए भाजपा प्रत्याशी सुनील सांगवान के समर्थन में चरखी दादरी के खेल स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सभी देशवासियों के हित में पीएम नरेन्द्र मोदी ने ऐतिहासिक कार्य किया है। समाज के सभी वर्गों का कल्याण सुनिश्चित किया जा रहा है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का मंत्र नागरिकों के जीवन को आसान बना रहा है। पीएम मोदी विराट व्यक्तित्व के धनी हैं। उन्होंने देशवासियों की चिंता की है और भारत का पूरे विश्व में मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह समय भारतीय संस्कृति की ध्वजा लहराने का समय है। नागरिकों को भी पीएम मोदी और भाजपा से ही आशाएं



और उम्मीदें हैं। खेत में किसान और सीमा पर जवान का सम्मान सुरक्षित किया गया है। बहनों को रसोई गैस से लेकर अनेक योजनाओं में राशि दी जा रही है। पात्र लोगों को बिना पर्ची और खर्ची देने के नौकरी देने का कार्य भी किया जा रहा है। पीएम मोदी के विराट व्यक्तित्व का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की कीर्ति बढ़ाने का कार्य मोदी जी कर रहे हैं। वे अन्य राष्ट्रों के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पवित्र गीता की प्रति भेंट करते हैं, जो कर्मवाद की प्रेरणा देती है। उनका यह कार्य अन्य सभी के लिए एक शिक्षा की भांति है। मनुष्य ने जन्म लिया है तो उसकी मृत्यु भी होगी। जन्म और मृत्यु के मध्य की अवधि में जो प्रसन्न भाव से सद्कर्म करता है, उसका जीवन सार्थक कहलाता है। सीएम यादव ने कहा कि भाजपा ने एक साधारण परिवार के सदस्य नरेंद्र मोदी को तीन बार मुख्यमंत्री और तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है, जो हमारे लोकतंत्र का सच्चा उदाहरण है। भारत विश्व के बड़े गणतंत्र देशों में शामिल है। मोदीजी प्रधानमंत्री के पद को जिस तरह सुशोभित कर रहे हैं, वह कांग्रेस और अन्य विरोधियों के लिए उनकी छाती पर सांप लौटने की तरह है। उन्होंने कांग्रेस पर सीधा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस यदि पाकिस्तान-परस्त है, तो पाकिस्तान में जाकर ही राजनीति करें। सीमाओं पर अपना रक्त बहाने वाली सेना को लज्जित करने का कार्य न करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के कुरूक्षेत्र का भी महाभारत काल से संबंध है और हरियाणा ही नहीं पूरे विश्व के विद्यार्थी आज भी गीता जैसे ग्रंथ से ज्ञान प्राप्त कर अपने आनंद को बढ़ा सकते हैं।

उन्होंने हरियाणा की विशेषताओं की चर्चा करते हुए कहा कि यहां हरि का निवास रहा है, सरस्वती जैसी प्राचीन नदियों का प्रवाह भी। हरियाणा के राष्ट्रभक्त जवान राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा में अग्रणी रहते हैं। हरियाणा सरकार ने आम जनता को अनेक योजनाओं का लाभ दिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किसान सम्मान निधि के माध्यम से पूरे देश के किसानों को सहायता दी है। हरियाणा में भी किसानों, जवानों, बहनों, युवाओं के साथ सभी के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। राज्य के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज शुरू करने की तैयारी है। स्वर्ण जयंती गुरूद्वारे, निर्धनों को अनाज के वितरण, पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए क्रीमीलेयर में 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख की वृद्धि करने के कार्य हरियाणा राज्य में हुए हैं।

### आज पाकिस्तान को गोली का जवाब गोले से दिया जाता है

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पाकिस्तान की बोलती बंद है। क्योंकि आज उसकी हर गोली का जवाब गोले से दिया जाता है। पीएम मोदी की दूरदृष्टता एवं कार्यशैली के पाकिस्तानी भी इतने कायल हो गए हैं कि वे कहते हैं कि काश मोदीजी हमारे प्रधानमंत्री होते। मुख्यमंत्री हरियाणा के मिलकपुर बवानी खेरा में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। मिलकपुर यहां दूध-दही हो भी क्यों न जिसका नाम हरियाणा भगवान हरि यानी कृष्ण के नाम पर हो, क्योंकि भगवान कृष्ण का बचपन ही दूध-दही और गायों के साथ बीता है। मैं जब आपके बीच आया तो मुझे मथुरा, वृंदावन और गोकुल के दूध और दही का मजा मिलकपुर में मिठाई खाकर मिल गया। हरियाणा वीरों की धरती है, जहां खेत में किसान और देश की रक्षा में शामिल सीमा पर जवान के रूप में हरियाणा का बेटा तैनात है। उन्होंने कहा कि तैमूरलंग ने जब भारत पर आक्रमण किया तो उसे कोई नहीं रोक सका और यदि रोका तो हरियाणा के वीरों ने उसे आगे नहीं बढ़ने दिया।

अरविंद केजरीवाल ने फिर पीएम पर किया जोरदार हमला

# मोदी जी बहुत ताकतवर हैं, लेकिन भगवान नहीं

एजेंसी ■ नई दिल्ली



दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को विधानसभा में एक बार फिर पीएम मोदी पर जोरदार हमला किया। इस्तीफा देने के बाद पहली बार विधानसभा पहुंचे केजरीवाल ने कहा कि मोदी जी बहुत ताकतवर हैं, लेकिन भगवान नहीं हैं। केजरीवाल ने कहा कि दुनिया में भगवान तो हैं, कोई शक्ति है, जिन्हें कोई भगवान कोई अल्लाह कहता है। केजरीवाल ने कहा कि वह शक्ति उनके साथ है।

महीनों तक जेल में रहने के बाद जमानत पर बाहर आए केजरीवाल ने पहली बार विधानसभा में पहुंचे। पहली बार बतौर विधायक सदन में पहुंचे केजरीवाल ने कहा कि आज मैं भगवान की कृपा से दिल्ली और देश के करोड़ों लोगों के आशीर्वाद से जेल से छूटकर आया हूं। मैं सब लोगों का शुक्रिया अदा करता हूं, भगवान का शुक्रिया अदा करता हूं। मेरे विपक्ष के साथी मुझे और सिसोदिया को यहां देखकर दुखी होंगे। मैं हमेशा कहता हूं मोदी जी बहुत ताकतवर हैं, अथाह पैसा और रिसोर्सेज हैं उनके पास, लेकिन मोदी भगवान नहीं हैं।' केजरीवाल ने कहा कि भगवान उनके साथ हैं। केजरीवाल ने एक बार फिर दावा किया कि भाजपा के एक नेता ने उन्हें बताया कि दिल्ली का कामकाज रोकने के लिए उन्हें गिरफ्तार किया गया था। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने खुद इस्तीफा दे दिया, किसी ने मांगा नहीं था। उन्होंने कहा कि अब चुनाव में जनता जवाब देगी कि केजरीवाल चोर है या केजरीवाल को जेल में भेजने वाले चोर हैं। जनता जवाब देगी कि जनता को काम रोकने वाले पसंद हैं कि काम करने वाला पसंद हैं।

केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में तीन बार बड़े-बड़े पदों से इस्तीफा दिया है, क्योंकि उन्हें सत्ता की भूख नहीं है। पूर्व सीएम ने कहा कि दिल्ली की जनता के मन में दो बातें है, एक कि केजरीवाल कट्टर ईमानदार है और दूसरा केजरीवाल काम करता है। दोनों बातों पर चोट करने के लिए फर्जी केस करके सबको जेल में डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में उन्हें कोई बेईमान नहीं कह रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### कोर्ट ने संशोधित आईटी नियमों को किया रद्द

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट के तीसरे न्यायाधीश के फैसले के बाद गुरुवार को उच्च न्यायालय ने औपचारिक रूप से संशोधित आईटी नियमों को रद्द कर दिया। आईटी संशोधन का उद्देश्य सोशल मीडिया पर सरकार के खिलाफ फैलाई जा रहीं फर्जी खबरों की रोकथाम करना था, लेकिन हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक बताकर संशोधित नियमों को रद्द कर दिया। इससे पहले 20 सितंबर को न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर की एकल पीठ ने कहा था कि संशोधित नियम अस्पष्ट हैं और इनका सोशल मीडिया पर भी व्यापक प्रभाव पड़ सकता है और संशोधित आईटी नियमों को रद्द करने का आदेश दिया था।

### पार्टी बनाने के बजाए मोदी को मजबूत करते तो अच्छा होता

**नई दिल्ली।** भाजपा के पूर्व दिग्गज नेता यशवंत सिन्हा ने झारखंड विधानसभा चुनाव के ठीक पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से एक नई पार्टी का गठन कर दिया है। अब अटल बिहारी वाजपेयी की पौत्री अंजलि मिश्रा ने कहा है अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से चाहे जितनी भी पार्टियां बना ली जाएं, लेकिन अटल जी का नाम केवल भाजपा के साथ जुड़ा है उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से अलग पार्टी बनाने की बजाय यशवंत सिन्हा पीएम मोदी के हाथ को मजबूत करना चाहिए।

### त्योहारी सीजन में पेट्रोल और डीजल होगा सस्ता!

**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन में लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। पेट्रोल और डीजल 2-3 रुपए प्रति लीटर कम हो सकते है। कच्चे तेल की कीमतों में आई कमी से पेट्रोलियम कंपनियों के वाहन ईंधन पर मुनाफे में सुधार हुआ है। इससे तेल कंपनियों को पेट्रोल तथा डीजल की कीमतों में दो से तीन रुपए प्रति लीटर की कटौती करने की गुंजाइश मिली है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने गुरुवार को यह बात कही। वहीं, सीएलएसए के मुताबिक 5 अक्टूबर के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतें कम हो सकती हैं।

# जब कुछ गलत किया नहीं तो क्यों दूं इस्तीफा, कानूनी लड़ाई लड़ेंगे

## हाईकोर्ट की डबल बेंच में अपील करेंगे सीएम सिद्धरमैया

एजेंसी ■ बेंगलुरु

कर्नाटक के सीएम सिद्धरमैया ने गुरुवार को एक बार फिर दोहराया कि वह अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे। उन्होंने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा उनकी पत्नी को 14 भूखंड आवंटित किए जाने में किसी भी तरह की अनियमितता के आरोपों को भी खारिज कर दिया। सिद्धरमैया ने खुद पर लगे आरोपों को बीजेपी का षड़यंत्र करार देते हुए कहा कि वह कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।

सोमवार को हाई कोर्ट की सिंगल बेंच के आदेश को चुनौती देने के लिए सीएम कर्नाटक उच्च न्यायालय की डबल बेंच में अपील कर सकते हैं। सिंगल बेंच ने मुख्यमंत्री पर मुकदमा चलाने के लिए राज्यपाल की मंजूरी को हरी झंडी दी थी। इसके बाद बुधवार को बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने मुदा भूमि आवंटन घोटाले में मुख्यमंत्री के खिलाफ मैसूर में लोकायुक्त पुलिस द्वारा जांच कराने का आदेश दिया था, जिसके साथ ही उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का रास्ता साफ हो गया। वहीं उपमुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने भी सिद्धरमैया के इस्तीफे की संभावना से इनकार किया है।

दूसरी तरफ गुरुवार को विपक्षी बीजेपी ने सिद्धारमैया के इस्तीफे की मांग करते हुए विधानसभा में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना दिया। विधान सभा और विधान परिषद में विपक्ष के नेता आर अशोक और चालावाड़ी नारायणस्वामी के नेतृत्व में कई पार्टी विधायकों और नेताओं ने तख्तियां लेकर और नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया।



### सरकार ने सीबीआई को जांच के लिए दी गई सहमति वापस ली

कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य की कांग्रेस सरकार ने कर्नाटक में सीबीआई को जांच के लिए दी गई सहमति वापस ले ली है। राज्य कानून मंत्री एचके पाटिल ने इसकी जानकारी दी। अब केंद्रीय जांच एजेंसी बिना राज्य सरकार की अनुमति के कर्नाटक में प्रवेश नहीं कर सकेगी। पाटिल ने कहा कि ऐसा इसलिए किया गया है, क्योंकि यह स्पष्ट है कि सीबीआई या केंद्र सरकार अपने साधनों का उपयोग करते समय उनका विवेकपूर्ण उपयोग नहीं कर रही है। इसलिए मामले-दर-मामले हम सत्यापन करेंगे और सीबीआई जांच के लिए सहमति देंगे। सामान्य सहमति वापस ले ली गई है।

विपक्षी नेताओं ने कहा कि अब तक सिद्धारमैया के खिलाफ दो अदालती आदेश आ चुके हैं, इसलिए उन्हें तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा, जब हमने पहली बार विधानसभा के अंदर और बाहर विरोध प्रदर्शन किया तो उन्होंने इसे राजनीति से प्रेरित बताया और जब राज्यपाल का आदेश आ गया है तो वो कह रहे हैं कि यह केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के इशारे पर हो रहा है।

# महालक्ष्मी के 59 टुकड़े करने वाले आरोपी ने कर ली आत्महत्या

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में 29 वर्षीय महिला महालक्ष्मी की हत्या करने के आरोपी मुक्तिरंजन प्रताप रे ने ओडिशा में कथित रूप से आत्महत्या कर ली। महालक्ष्मी की हत्या करने के बाद उसके शव के 59 टुकड़े कर दिए गए थे और फिर उसे फ्रिज में रख दिया गया था। पुलिस को आरोपी की डायरी भी मिली है, जिसमें सच सामने आ गया है। ओडिशा पुलिस का कहना है कि मुक्तिरंजन प्रताप रे महालक्ष्मी के साथ रिलेशनशिप में था और महालक्ष्मी लगातार उस पर शादी करने का दबाव डाल रही थी। इसी वजह से दोनों के बीच अक्सर बहस भी होती थी, जिसकी वजह से मुक्तिरंजन ने महालक्ष्मी की हत्या कर दी। हत्या के बाद, रे ने कथित तौर पर अपने छोटे भाई को फोन किया था।



### पुलिस को आरोपी के पास मिली डायरी

भारत 6जी अलाएंस की बैठक में शामिल हुए केंद्रीय दूरसंचार मंत्री

# भारत करेगा 6जी में दुनिया का नेतृत्व: सिंधिया

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारत सरकार 5जी को बड़े पैमाने पर लाने के बाद अब 6जी पर काम कर रही है। इसी बीच केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को भारत 6जी अलाएंस के सात समूहों के साथ बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान मंत्री सिंधिया ने कहा कि दुनिया में आज भारत के देश के मिशन 6जी स्टैंडर्ड के योगदान में नेतृत्व कर रहा है। भारत आज के समय में दूरसंचार का सबसे बड़ा बाजार है। इसमें डिवाइस का उत्पादन, एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर से



लेकर वॉयस एंड टेलीफोनी डेटा शामिल है। ऐसे में भारत को जरूर इसका नेतृत्व करना चाहिए। भारत 6जी अलाएंस के ऊपर वैश्विक स्टैंडर्ड और उनके प्रोस्प्रेक्टिव की अहम जिम्मेदारी है। ऐसे में मैं काम का तरीका और उसकी गुणवत्ता की गहराई देखकर हैरान हूं। भारत आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर 6 जी में दुनिया का नेतृत्व जरूर करेगा। मंत्री सिंधिया ने अपनी एक्स पोस्ट में कहा कि 6जी भारत का भविष्य है और भारत में 6जी के लिए काफी क्षमता है। उन्होंने अपनी पोस्ट में आगे कहा, पीएम नरेंद्र मोदी के विजन के तहत भारत टेलीकॉम सुपरपावर बनाना है। ऐसे में भारत 6जी अलाएंस के साथ सात समूह काम कर रहे हैं, इस संबंध में एक बैठक हुई। उन्होंने आगे कहा कि इसके साथ ही हम इस सेक्टर की ताकत बढ़ाने के लगातार चर्चा कर रहे हैं।

# संजय राउत को पहले मिली जेल फिर मिली बेल

## मानहानि मामला: कोर्ट ने 15 दिनों के लिए सुनाई थी जेल की सजा

एजेंसी ■ मुंबई

शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत को मानहानि केस में जमानत मिल गई है। मुंबई की एक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने उन्हें मेधा सोमैया द्वारा दायर मानहानि केस में दोषी ठहराया था। लेकिन राउत की सजा को 30 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया, जिससे संजय राउत को अपील करने का समय मिल गया। मेधा सौमेया के वकील विवेकानंद गुप्ता ने कहा कि मझगांव की मजिस्ट्रेट कोर्ट ने संजय राउत को भारतीय दंड संहिता की धारा 500 के तहत दोषी पाया था। इसमें उन्हें 15 दिनों की जेल और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई थी। इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए राउत ने कहा कि भ्रष्टाचार और अन्य गुनाहों के खिलाफ आवाज उठाने वाले हम जैसे लोगों को उस देश में न्याय कैसे मिल सकता है, जहां खुद पीएम गणपति उत्सव के दौरान मुख्य न्यायाधीश के घर जाते हैं। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा कि मामले में यह फैसला मुझे अपेक्षित था। इस फैसले को पास करने वाले जज का में दिल से सम्मान करता हूं। लेकिन मैंने जो भी कहा था वह एक आरोप था, वह व्यक्ति( किरीट सौमेया) भी आरोप लगाता रहता है। कोई बात नहीं अगर यह फैसला आया है लेकिन एक बात तो तय है कि देश में न्यायपालिका का केंद्रीकरण हो गया है। राउत को मानहानि के लिए दोषी करार दिया गया। हिरासत में लिए जाने के दौरान संजय राउत मजिस्ट्रेट कोर्ट के बाहर खामोश बैठे रहे और कहने लगे अब मैं जेल जाऊंगा। हालांकि उनके वकील और उनके भाई सुनील राउत ने कहा है कि उन्होंने जमानत याचिका दायर की है और मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश के खिलाफ मुंबई सेशन कोर्ट में अपील करेंगे। राउत के वकील के दायर आवेदन पर मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सजा को 30 दिनों के लिए निरस्त कर दिया है।



### मोदी सरकार की श्रमिकों को बड़ी सौगात

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश में बढ़ती महंगाई को ध्यान में रखते हुए श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दरों में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। गुरुवार को श्रम और रोजगार मंत्रालय ने एक बयान जारी करते हुए बताया कि सरकार ने न्यूनतम मजदूरी दरों में बढ़ोतरी की है। इस फैसले से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को बढ़ती महंगाई और जीवन यापन की लागत का सामना करने में मदद मिलेगी। संशोधित दरों का फायदा उन मजदूरों को मिलेगा जो निर्माण, लोडिंग-अनलोडिंग, चौकीदारी, सफाई, हाउसकीपिंग, खनन और कृषि जैसे कार्यों में लगे हुए हैं, और जो केंद्र सरकार के दायरे में आते हैं।

निर्णय | सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया घरेलू हिंसा अधिनियम पर ऐतिहासिक फैसला

# संरक्षण कानून हर महिला पर लागू होता है, चाहे वह किसी भी धर्म की हो

एजेंसी ■ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने घरेलू हिंसा अधिनियम पर ऐतिहासिक फैसला सुनाते कहा कि घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 हर महिला पर लागू होता है। चाहे उस महिला की धार्मिक संबद्धता और सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और एन कोटिस्वर की पीठ ने कहा कि 2005 में बना कानून हर महिला के अधिकार की रक्षा करता है। सुप्रीम कोर्ट ने भरण-पोषण और मुआवजा देने से संबंधित मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देने वाली एक महिला द्वारा दायर





अपील पर फैसला सुनाया। महिला ने अधिनियम की धारा 12 के तहत एक याचिका दायर की थी। इससे पहले एक मजिस्ट्रेट ने फरवरी 2015 में महिला को 12 हजार रुपए मासिक और एक लाख रुपए मुआवजा देने के उसके पति को निर्देश दिए थे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि महिला के पति 2015 के आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी। महिला के पति ने अधिनियम की धारा 25 के तहत मजिस्ट्रेट से आदेश में परिवर्तन करने की अपील की थी, जिसे अपील को खारिज कर दिया गया। इसके बाद महिला के पति ने अपीलीय अदालत के सामने अपनी मांग रखी। इसे अपीलीय अदालत ने स्वीकार करते हुए दोनों पक्षों को अपने साक्ष्य लाकर मजिस्ट्रेट के सामने पेश होने के लिए कहा।

### पीड़ित व्यक्ति परिवर्तन की कर सकता है मांग

इसके बाद महिला ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी और मजिस्ट्रेट को पति की ओर से दायर आवेदन पर विचार करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह स्पष्ट है कि पीड़ित व्यक्ति अधिनियम के प्रावधानों के तहत दिए गए आदेश में परिवर्तन, संशोधन या निरस्तीकरण की मांग कर सकता है, लेकिन यह तभी संभव है जब परिस्थितियों में परिवर्तन हुआ हो। इस मामले में मजिस्ट्रेट तभी निरस्तीकरण या संशोधन आदेश दे सकते हैं, जब वह मानते हों कि परिस्थितयों में बदलाव हुआ है और आदेश में संशोधन की जरूरत है।

फडणवीस का दावा, बोले-

# एनसीपी की वजह से बीजेपी को लोकसभा में मिले कम वोट

एजेंसी ■ मुंबई

महाराष्ट्र के महायुति गठबंधन को लेकर डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में बीजेपी को अजित पवार की एनसीपी के चलते कम वोट मिले थे। उन्होंने कहा कि बीजेपी के 80 फीसदी मूल वोटर को चुनाव में एनसीपी के साथ गठबंधन पसंद नहीं आया। फडणवीस ने दावा किया कि बीजेपी के कोर वोटर को एनसीपी से गठबंधन पसंद नहीं आया। लेकिन अब हमने अपने कार्यकर्ताओं को गठबंधन की जरूरत के बारे में बता दिया है। कई बार ऐसे राजनीतिक समझौते होते हैं जो विश्वास के विपरीत जाते हैं। हमारा कम से कम 80 प्रतिशत मतदाता अब एनसीपी के साथ गठबंधन को लेकर आश्वस्त है। फडणवीस ने यह भी कहा कि राज्य की 288 विधानसभा सीटों में से 80 प्रतिशत पर चर्चा पूरी हो चुकी है। हमारे लिए जीतना ज्यादा अहम है।



## ब्रीफ न्यूज

### मक्सी में हुई जनहानि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शाजापुर जिले के मक्सी में आपसी विवाद के बाद से हुई जनहानि पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि दोषियों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने देर रात हुई घटना के संज्ञान में आते ही पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को कड़ी कार्यवाही करने एवं घायलों के समुचित इलाज कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून-व्यवस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घटनाके दोषियों की पहचान कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश में सौहार्द एवं शांति बनाए रखने के लिए हम कटिबद्ध हैं।

### प्रति व्यक्ति विद्युत खपत 1332 किलोवाट प्रति घंटा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में विद्युत योजना के प्रभावी ढंग से लागू होने और विद्युत अधोसंरचना में तेज गति से विकास के कारण प्रति व्यक्ति विद्युत खपत में बढ़ोत्तरी हुई है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि प्रदेश में इस वित्तीय वर्ष में प्रति व्यक्ति विद्युत खपत 1332 किलोवाट प्रति घंटा हो गई। पिछले तीन साल में प्रदेश में प्रति व्यक्ति विद्युत खपत में 11.65 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई। मप्र में वर्ष 2021-22 में प्रति व्यक्ति विद्युत खपत 1193 किलोवाट प्रति घंटा थी जो बढ़ कर वर्तमान में 1332 किलोवाट प्रति घंटा हो गई। वित्तीय 2022-23 में प्रदेश में प्रति व्यक्ति विद्युत खपत 1280 किलोवाट प्रति घंटा थी। वर्तमान में प्रदेश में कुल उपभोक्ताओं की संख्या एक करोड़ 77 लाख 74 हजार है।

### विद्युत वितरण कंपनी को मिला पीएसयू आई टी अवार्ड

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को नवीन बिजली कनेक्शन एवं कनेक्शन सम्बन्धी अन्य सेवाओं के लिए नेशनल लेवल पर 9वां पीएसयू आई टी अवार्ड मिला है। यह अवार्ड सरल संयोजन पोर्टल व विद्युत संबंधी विभिन्न कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मिला है। गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने क्वालिटी कंट्रोल पोर्टल का निर्माण कर राज्य की अन्य कंपनियों में एक मिसाल कायम की है। नेशनल अवार्ड मिलने पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कंपनी के सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग सहित सभी कार्मिकों को बधाई दी है।

### 22 लाख से ज्यादा छात्रों को पाठ्य पुस्तकें वितरित

**भोपाल।** प्रदेश में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 22 लाख 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों को पिछले वर्ष निशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गई। स्कूल शिक्षा विभाग की निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण योजना में हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययनरत् सभी विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती हैं। इस योजना में विभाग ने करीब 100 करोड़ रुपए का बजट में प्रावधान किया था। स्कूल शिक्षा विभाग में अकादमिक एवं प्रशासनिक कार्यों में क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग तथा परिणामों की समीक्षा के लिए विभिन्न स्तरों जानकारी की त्वरित उपलब्धता और उनके आधार पर सुधारात्मक कार्यवाही के लिये एजुकेशन पोर्टल को विकसित किया गया है।

**सदस्यता अभियान : 28 को होगी समीक्षा, दूसरा चरण 1 से 15 अक्टूबर तक**

# भाजपा ने 24 दिन में बनाए 1.81 करोड़ सदस्यः वीडी शर्मा



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य प्रदेश भाजपा ने उत्तर प्रदेश के बाद दूसरे नंबर पर 1 करोड़ से ज्यादा सदस्य बनाएं है। भारतीय जनता पार्टी ने दो सितंबर से शुरू सदस्यता अभियान में 25 सितंबर तक 1 करोड़ 81 हजार 437 सदस्य बनाए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सिर्फ 24 दिन के अंदर प्रमाणिक एवं पारदर्शी तरीके से 1 करोड़ सदस्य बनाकर नया रिकॉर्ड कायम किया है। लोकतंत्र में किसी राजनीतिक दल के इतने कम समय में रिकॉर्ड बनाना अभूतपूर्व है। संगठन पर्व के पहले चरण में प्रदेश में 1 करोड़ 81 हजार 437 सदस्य बने, जिसमें से 95 लाख ऑनलाइन फॉर्म भरे गए।

भाजपा के सदस्यता अभियान में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री, सांसद, विधायक और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं ने एक साथ उतरकर और गली गली घूमकर सदस्य बनाएं। शर्मा ने कहा कि यह बताता है कि मध्य प्रदेश में भाजपा का कार्यकर्ता कर्मठता और संगठन की निष्ठा का आदर्श है।

शर्मा ने कहा कि पहले चरण के सदस्यता अभियान की 28 सितंबर को समीक्षा की जाएगी। इसमें जिन क्षेत्र में पीछे रहे उन्हें भी अगले चरण में आगे लाने को लेकर योजना बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि दूसरा चरण 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलेगा। शर्मा ने कहा कि 29 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुनते हुए सदस्यता अभियान चलाकर सदस्य बनाए जाएंगे।

### आखिरी दिन 15 लाख सदस्य बनाए

भाजपा के सदस्यता अभियान का पहला चरण बुधवार को पूरा हो गया। बुधवार को महासदस्यता अभियान के दिन भाजपा ने 15 लाख सदस्य बनाए। इस दिन भाजपा के दिग्गजों ने सदस्यता को लेकर पूरी ताकत झोंक दी। मुख्यमंत्री, प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष ने गली गली घूमकर सदस्य बनाए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए भाजपा के सदस्य बनें। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने पहली बार डिजिटल सदस्यता दिलाई।

## पासतारिया को एयर एंबुलेंस से जबलपुर से भोपाल लाया गया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार कटनी -रीठी सड़क मार्ग स्थित ग्राम हरदुआ के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मरीज विनय पासतारिया को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर से उच्च इलाज सुविधा के लिए भोपाल के लिए रेफर किया गया है।

कलेक्टर कटनी दिलीप कुमार यादव ने बताया कि रायसेन जिले के बरेली निवासी 35 वर्षीय मरीज विनय पासतारिया को सीरियस हेड इंजुरी होने की वजह से जबलपुर के डुमना विमान तल से पीएम श्री एयर एंबुलेंस से भोपाल के हमीदिया मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल ने बताया है कि दुर्घटना व आपदा पीड़ितों अथवा गंभीर बीमारी से ग्रसित रोगियों को देश व प्रदेश के उच्च स्तरीय संस्थानों में उपचार के लिए त्वरित परिवहन किए जाने के उद्देश्य से प्रदेश में पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा का संचालन 29 मई 2024 से किया जा रहा है। योजना से अब तक 13 का निःशुल्क एवं 6 का सशुल्क कुल 19 मरीजों का परिवहन किया जा चुका है।

# आज सागर में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, उद्योगपतियों से होगी वन-टू-वन चर्चा

**नई एवं प्रस्तावित परियोजनाओं का होगा शिलान्यास व भूमि-पूजन**

### मुख्यमंत्री करेंगे कोयंबटूर में मप्र आईडीसी कार्यालय का वर्चुअल लोकार्पण




सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को सागर में रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव में उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन चर्चा कर सेक्टोरल-सत्रों में शामिल होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न नवीन एवं प्रस्तावित परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे। इनमें सागर, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के क्षेत्रीय कार्यालय के लिए प्रस्तावित भूमि आवंटन, सागर में एमपीआईडीसी के रीजनल कार्यालय का भूमि-पूजन, सागर, दमोह, पन्ना, टीकमगढ़, छतरपुर एवं निवाड़ी जिलों में जिला निवेश प्रोत्साहन केंद्र का लोकार्पण और कोयंबटूर में एमपीआईडीसी के कार्यालय का लोकार्पण शामिल हैं। प्रदेश के चौथे रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव का आयोजन सागर के जवाहरलाल नेहरू पुलिस अकादमी ग्राउंड में शुक्रवार को किया जा रहा है। कॉन्क्लेव में देश-विदेश के उद्योगपति एवं निवेशक शामिल होंगे। शुभारंभ सत्र में र देश के प्रमुख उद्योगपति राज्य में निवेश के प्रति अपने विचार रखेंगे। कॉन्क्लेव में विभिन्न सेक्टोरल-सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसमें पेट्रोकेमिकल, प्लास्टिक एवं संबधित सेक्टर कृषि, खाद्य प्र-संस्करण और डेयरी क्षेत्र, एमएसएमई एवं स्टार्टअप, कुटीर उद्योग, रिन्यूएबल एनर्जी, टेक्सटाइल व टेक्निकल टेक्सटाइल पर दो राउंड-टेबल सत्र, एक ज़िला-एक उत्पाद से संबंधित कार्यशाला और स्थानीय समस्याओं के आईटी आधारित समाधान के लिए हैकथोन का आयोजन भी शामिल हैं। प्रमुख सचिव पर्यटन शिव शेखर शुक्ल द्वारा इन्वेस्टमेंट अर्पोच्यूनिटिज इन टूरिज्म सेक्टर और सचिव एमएसएमई डॉ. नवनीत मोहन कोठारी एमएसएमई एवं स्टार्टअप्स पर प्रेजेंटेशन देंगे। कॉन्क्लेव में प्रबंध निदेशक हस्तशिल्प, हथकरघा विकास निगम एवं मध्यप्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड मोहित बुंदस द्वारा कुटीर एवं ग्रामोद्योग पर प्रेजेंटेशन देंगे। प्रमुख उद्योगपति मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर अपने अनुभव साझा करेंगे। रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर एवं टेक्सटाइल व टेक्निकल सेक्टर में निवेश पर राउंड टेबल मीटिंग होगी।

#### फोकस कुटीर उद्योग पर

कॉन्क्लेव का मुख्य फोकस स्थानीय कुटीर उद्योग होगा। बीड़ी उद्योग पर आधारित पृथक सेशन में विस्तृत कार्य-योजना पर चर्चा की जायेगी। एक जिला-एक उत्पाद में सागर संभाग के सभी जिलों के स्थानीय उत्पादों की विश्व स्तरीय गुणवत्ता, विपणन एवं प्र-संस्करण सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी।

#### बुंदेलखंडी नृत्य और गायन की दी जाएगी प्रस्तुति

कॉन्क्लेव में एक जिला-एक उत्पाद सहित विभिन्न विभागों की हितग्राहीमूलक योजनाओं की प्रदर्शनी एवं स्टॉल भी लगाए जाएंगे। कॉन्क्लेव में बुंदेलखंडी संस्कृति से सराबोर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। स्थानीय कलाकार बुंदेलखंडी नृत्य और गायन की आकर्षक प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम स्थल पर पारम्परिक तरीक़े से अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। अतिथिगण भोजन में स्थानीय व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे।

**बीजेपी के सदस्यता अभियान को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने बताया फर्जी, कहा-**

## डरा धमका कर लोगों को बनाया जा रहा है सदस्य

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य प्रदेश सहित देश भर में भारतीय जनता पार्टी इन दिनों सदस्यता अभियान चला रही है। इसे लेकर पार्टी में काफी उत्साह देखा जा रहा है। मध्य प्रदेश में पहले चरण में एक करोड़ से ज्यादा लोगों को सदस्य बनाने का दावा किया जा रहा है। वही दूसरी तरफ नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सदस्यता अभियान को फर्जी बताते हुए वीडी शर्म पर जमकर निशना साधा। उन्होंने कहा है कि जैसा फर्जी क्ष्ड्डक्का सदस्यता अभियान, वैसा ही फर्जी पार्टी अध्यक्ष वीडी शर्मा का बयान भी है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में 25 सितंबर को सदस्यता अभियान का पहला चरण पूरा होने पर बीजेपी द्वारा प्रदेश में सदस्यता महाअभियान का आयोजन किया गया था। इस में बताया गया कि कार्यकर्ताओं और नेताओं ने बढ़चढ़कर काम किया और एक करोड़ से अधिक का टारगेट पूरा किया। तो वही एक करोड़ से अधिक सदस्य बनाने पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने वीडी शर्मा पर हमला बोलते हुए मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि जैसा फर्जी बीजेपी का सदस्यता अभियान, वैसा ही फर्जी पार्टी अध्यक्ष वीडी शर्मा का बयान भी है। आए दिन मीडिया में खबरें आ रही है कि जबरन जनता को धमका कर, सरकारी तंत्र का प्रयोग करके भाजपा अपना फर्जी सदस्यता अभियान चला रही है। उज्जैन में आउटसोर्स कर्मचारियों को भाजपा का सदस्य बनाने का काम दे दिया गया जिससे जनता के कार्य को रोका गया। हालांकि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा जी मीडिया में आने वाली खबरों को झूठा बता रहे है।



#### सार्वजनिक स्थान बने भाजपा कार्यालय

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आगे कहा कि 'सरकारी राशन की दुकान हो, सरकारी कॉलेज हो या हॉस्पिटल हो सभी जगह भाजपा का फर्जी सदस्यता अभियान चल रहा है, जनता परेशान है। सार्वजनिक स्थानों को भाजपा कार्यालय में तब्दील कर दिया गया है। क्या यह जन व्यवस्था और सरकारी तंत्र का दुरुपयोग नहीं? क्या वीडी शर्मा जी मारपीट कर, सदस्य बनाने को सही मानते हैं?

# पशु संगणना में भारत पूरी दुनिया में अव्वल

## 21वीं पशु संगणना में पूरी तरह ऑनलाइन होगा डाटा कलेक्शन

सत्ता सुधार ■ भोपाल




पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र में भारत विश्व के अग्रणी देशों में शामिल है। पशु संगणना में जहां भारत का विश्व में प्रथम स्थान है, वहीं विश्व में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन भी भारत में ही होता है। विश्व के सकल दुग्ध उत्पादन का 25 फीसदी भारत में होता है। भारत में कृषि उत्पादन में पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र का 30 फीसदी योगदान है। मध्य प्रदेश किसान क्रेडिट कार्ड (पशुपालन) सहित अन्य योजनाओं में भारत में अग्रणी है। अगले माह मध्य प्रदेश सहित पूरे भारत में 21वीं पशु संगणना प्रारंभ होने वाली है। पशु संगणना में इस बार डाटा कलेक्शन का पूरा कार्य ऑनलाइन किया जाएगा। यह जानकारी गुरुवार को संचालनालय, पशु चिकित्सा एवं डेयरी के सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में दी गई। कार्यशाला में भारत सरकार की मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी विभाग की सचिव अलका उपाध्याय ने पशु संगणना 2024 की तैयारियों के संबंध में ऑन लाइन संदेश दिया गया। कार्यशाला का शुभारंभ संचालक पशुपालन एवं डेयरी पीएस पटेल ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में पूरे प्रदेश के पशु चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य संबंधित मौजूद थे। कार्यशाला में बताया 21वीं पशु संगणना मध्य प्रदेश के 55 जिलों के एक करोड़ 80 लाख परिवारों में घर-घर जाकर की जानी है। पशु संगणना में इस बार जब संगणक पशुओं की गणना करेंगे तब वे प्राप्त आंकड़ों को सीधे अपने टैब के माध्यम से पशु गणना सॉफ्टवेयर में भरेंगे। इस बार संगणना में पशुओं की नस्लों का भी विवरण दिया जाएगा। इसके लिए जब वे पशुओं का फोटो स्कैन करेंगे तब सॉफ्टवेयर के माध्यम से पशुओं की नस्ल की जानकारी मिल जाएगी। पूरे प्रदेश में पशु गणना के लिए 5264 इकाई ग्राम एवं 728 शहरी वार्ड निर्धारित किए गए हैं।पशु संगणना के लिए ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक 3000 परिवार एक संगणक और शहरी क्षेत्र में प्रत्येक 4000 परिवार एक संगणक नियुक्त किए गए हैं। उनके ऊपर सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। कुल 5558 संगणक नियुक्त किए गए हैं, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में 4141 और शहरी क्षेत्र में 1417 संगणक बनाए गए हैं। कुल 970 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में 828 एवं शहरी क्षेत्र में 142 हैं।

पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 21वीं पशुधन गणना के लिए मध्य प्रदेश मैं प्रभावी रणनीति बनाकर उसे क्रियान्वित करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**जनजातीय वर्गों के सांस्कृतिक मूल्यों का करे सम्मान**

# पेसा कानून के क्रियान्वयन में मप्र अग्रणीः मंत्री पटेल

सत्ता सुधार ■ भोपाल



पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल गुरुवार को नई दिल्ली स्थित डॉ. अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र में पेसा अधिनियम पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए। केन्द्रीय पंचायती राज्य एवं मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल सहित कई राज्यों के मंत्री, प्रदेश के अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास मलय श्रीवास्तव, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और एक्टीविस्ट शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पेसा कानून वर्ष 1996 में नोटिफाइड हुआ था, उस समय मैं संसद सदस्य था। मध्यप्रदेश में पेसा अधिनियम का क्रियान्वयन 15 नवंबर 2022 से नियम बनाकर लागू किया गया। प्रदेश के 20 जिलों के 88 विकासखण्डों की 5133 पंचायतों के 11 हजार 596 ग्रामों में लागू हुआ। इस कानून एक बड़ा क्षेत्र मध्यप्रदेश है, राज्य ने कानून के क्रियान्वयन के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं। मंत्री पटेल ने कहा कि मानव संसाधन की दृष्टि से मध्यप्रदेश में एक वृहद नेटवर्क बनाया गया है, जिसमें 13 जिला समन्वयक, 81 विकासखण्ड स्तरीय समन्वयक और 4824 पेसा मोबलाइजर नियुक्त किए गए है। पेसा मोबलाइजर एक नया कान्सेप्ट है जिसे राज्य में लागू किया गया है। इसमें मध्यप्रदेश में बेहतरीन कार्य किया है। पेसा कानून में अब तक ग्राम पंचायतों के निर्वाचन के बाद 165 नवीन ग्राम सभाओं का गठन हुआ है। कानून में सबसे महत्वपूर्ण विषय वित्तीय प्रबंधन है, जिसके तहत राज्य में अब तक 11 हजार 524 खाते खोले गए हैं, जिसमें ग्राम पंचायतें समितियों को राशि ट्रांसफर करती है। सर्वाधिक बैंक खाते खोलने में मध्यप्रदेश ने सफलता अर्जित की।

मंत्री पटेल ने कहा कि वनाधिकार के सामूहिक दावों के लिए कार्य किया जा रहा है, इंडीविजुअल रूप से पट्टे देने के काम में राज्य ने सफलता अर्जित की है। भूमि प्रबंधन में तीन व्यक्तियों को विधिवत उनकी जमीन वापस दिलाई गई है, यह सफलता की पहली सीढ़ी है। उन्होंने कहा कि गौण खनिज समितियों को अब तक 131 खनिज खदानों की लीज के आवेदन प्राप्त हुए हैं। राज्य में सघन प्रशिक्षण अभियान भी आयोजित किए गए। पेसा कानून की जागरूकता के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद प्रशिक्षण में सहयोगी संस्था है। राज्य स्तरीय 100, जिला स्तरीय 800 एवं जनपद स्तरीय 35 हजार से अधिक प्रतिभागियों का प्रशिक्षित किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में साहूकारी नियंत्रण पर बनाए गए ट्रेनिंग मॉड्यूल की सभी राज्यों में सराहना हुई है।

**विरोध** | **मासूमों से दरिंदगी की घटनाओं को लेकर कांग्रेस हमलावर, कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, सीएम हाउस घेरने की दी चेतावनी**

# भाजपा ने प्रदेश को बेटियों के लिए नर्क से बदतर बना दिया : जीतू पटवारी

सत्ता सुधार ■ भोपाल

प्रदेश सहित राजधानी भोपाल में महिलाओं एवं बच्चियों के साथ लगातार बढ़ रही यौन शोषण की घटनाओं के विरोध में सरकार के खिलाफ आक्रमक हुई कॉग्रेस सड़को पर उतर आई है। पीसीसीचीफ ने भी सरकार पर हमला करते हए कहा है कि भाजपा ने प्रदेश को बेटियों के लिए नर्क से बदतर बना दिया है।

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि भाजपा ने मध्य प्रदेश को हमारी बेटियों के लिए नर्क से भी बदतर बना दिया है। कहीं हमारी बच्चियों के साथ घिनौने अपराध हो रहे हैं, तो कहीं दिनदहाड़े हत्याएँ। भोपाल की एक मासूम बेटी, जो तीन दिनों से गायब थी, आज दुर्भाग्यवश पानी की टंकी में मृत मिली है। अगर प्रदेश की राजधानी ही सुरक्षित नहीं है, तो बाकी जगहों पर बेटियां कैसे निश्चिंत होकर बाहर निकल सकेंगी? मुख्यमंत्री जी, आप मध्य प्रदेश को किस दिशा में ले जा रहे हैं? आपके शासन में मासूम बच्चियों के साथ बर्बरता, दुष्कर्म और हत्या की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जो बेहद चिंताजनक हैं। प्रदेश में अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ रहा है और जनता भय के साए में जी रही है। आखिर कब हमारी बेटियों के लिए मध्य प्रदेश एक सुरक्षित प्रदेश बनेगा? मैं इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा हूँ और मुख्यमंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि दोषियों को तत्काल कड़ी सजा देकर हमारी बेटी को न्याय दिलाएँ। कॉग्रेसं नेताओ ने चेतावनी भरे अंदाज में कहा है कि कि अगर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस भी पूरे रमखम के साथ सीएम हाउस का घेराव करेगी। भोपाल जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग द्वारा विधायक आरिफ मसूद के नेतृत्व में स्टेट बैंक चौराहे पर बड़ी संख्या में कॉग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमा होकर नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही कांग्रेस ने शाहजहांनाबाद इलाके में 5 वर्षीय मासूम बच्ची की हत्या के विरोध में शाहजहांनाबाद का घेराव कर मामले को फास्ट ट्रेक कोर्ट में चलाने की मांग की। विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव के पास गृह विभाग भी है। अब मोहन यादव बताएं की मासूम बच्ची की लाश को लेकर परिवार वाले कहां जाएं क्या उनके बंगले पर लेकर आए। इसके साथ ही मसूद ने कहां है, वह कलेक्टर और एसपी कहां है, जो बैरसिया में छेड़छाड़ की घटना को लेकर प्रदर्शनकारियों से कह रहे थे, जो कार्रवाई आप कहोगे वही होगी लेकिन बीते दिनों शहर के अलग-अलग इलाकों में मासूमों के साथ हुई दरिंदगी की घटनाओं को लेकर कुछ नहीं बोल रहा है। वह कलेक्टर एसपी कहां मुहं छिपा कर बैठ गए, अब सामने क्यों नहीं आ रहे है। मसूद ने कहा कि राजधनी भोपाल में 13 सितम्बर 2024 को थाना कमला नगर में 3 साल की मासूम से स्कूल शिक्षक द्वारा दुष्कर्म किए जाने की घटना सामने आई। इसके बाद 13 सितम्बर 2024 को थाना शाहपुरा 9 साल की किशोरी से पड़ोसी द्वारा हैवानियत की गई। 21 सितम्बर 2024 को थाना कटारा हिल्स में नाबालिग स्कूली छात्र के साथ स्कूल शिक्षक द्वारा कुकर्म किए जाने की घटना और 21 सितम्बर को ही थाना खजूरी सड़क में नाबालिग किशोरी का अपहरण कर दो व्यक्तियों द्वारा बंधक बनाकर रेप किए जाने के मामले सामने आए। थाना ऐशबाग में 5 साल की छात्रा से स्कूली वेन में छेड़छाड़ किए जाने और 23 सितम्बर 2024 को थाना कोलार इलाके में 60 वर्षीय वृद्ध महिला के साथ दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आई थी। अब 24 सितम्बर को शाहजहांनाबाद से 5 साल की मासूम बच्ची का अपहरण कर हत्या कर दी गई।



# शिक्षकों के प्रोफे शनल डेवेलपमेन्ट में सहायक है शैक्षिक संवादः डॉ अनिल कुमार दुबे प्राचार्य डाइट

सत्ता सुधार ■ दतिया

डाइट दतिया में एक दिवसीय जिलास्तरीय जनशिक्षा केन्द्र पर आयोजित होने वाले शैक्षिक संवाद का उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें दतिया जिले के प्रत्येक जनशिक्षा केंद्र से सहजकर्ता (सीएसी), सह-सहजकर्ता को प्रशिक्षण दिया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा जारी किए निर्देशों के क्रम में कक्षा 1 से 8 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों के कक्षा शिक्षण को बेहतर बनाने, क्षमतावर्धन करने एवं प्रोफे शनल डेवेलपमेन्ट बढ़ावा देने के लिए 2024-25 के सत्र में जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर शैक्षिक संवाद का आयोजन किया जाना है। इसी के क्रम में डाइट दतिया में शैक्षिक संवाद उन्मुखीकरण कार्यक्रम



डाइट प्राचार्य डॉ अनिल कुमार दुबे द्वारा सहजकर्ता एवं सहसहजकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे छात्रों और हमारे राष्ट्र के लिए सर्वोत्तम संभव भविष्य सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों की प्रेरणा और सशक्तिकरण की आवश्यता है। उन्होंने सहजकर्ता एवं सहजकर्ता को जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर शैक्षिक संवाद को प्रभावी व सफल बनाने के लिए निर्देशित किया। आलोक गोस्वामी द्वारा शैक्षिक संवाद की विस्तार से रूप रेखा रखी। रश्मि मिश्रा, पीपल ग्रुप, करन सिंह परिहार, ओपी त्रिपाठी, शरद रावत, शिवकुमार मिश्रा एवं स्वतंत्र उपाध्याय द्वारा कार्यशाला को संबोधन दिया गया। बीआरसीसी दतिया अखिलेश राजपूत, बीआरसीसी आशीष कंचन सेवढा, बीआरसीसी पुरुषोत्तम पाठक भाण्डेर, बीएसी प्रशांत मिश्रा, प्रशिक्षण प्रभारी राजेश पेंकरा, ऋतु उपाध्याय, रेखा शर्मा, सुनीत मिश्रा डाइट व्याख्याताओं द्वारा कार्यशाला को व्यवहारिक रूप सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

## पितृ पक्ष में श्राद्ध करने से पितर तृप्त रहते हैंः पं. नीरज नयन शास्त्री



सत्ता सुधार ■ दतिया

हमारा सौभाग्य है कि श्राद्ध पक्ष मे ठाकुर श्री बिहारी जी चरणों मे बैठकर अपने पितरों का चिंतन करते हुए श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर रहे है। पूरे वर्ष श्रद्धा पूर्वक श्राद्ध करना चाहिए। यदि वर्ष भर श्राद्ध नही कर सकते तो इन 16 दिनों में श्राद्ध करने से पितृ तृप्त रहते हैं। उनकी प्रसन्नता से वंशजों को दीर्घायु, संतति, धन, विद्या, सुख एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्राद्ध में श्रद्धा का सर्वाधिक महत्व है। पितृपक्ष में पितरों के निमित्त भागवत पुराण कथा कराएं, भागवत कथा का श्रवण करें। गोकर्ण ने धुंधकारी की मुक्ति के लिए भागवत कथा का आयोजन किया था। यह बात पं. नीरज नयन शास्त्री ने पितृ शांति हेतु श्राद्ध पक्ष में ठा. श्री बिहारी जी मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कही। कथा व्यास पं. नीरज नयन शास्त्री ने भागवत कथा का रसपान कराते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत 18000 श्लोकों की पावन पुराण है, जो 12 स्कन्धों और 365 अध्यायों में समाहित है। सभी पुराणों के प्रारंभ में किसी न किसी देवता की वंदना की गई है, लेकिन श्रीमद्भागवत में किसी देवता का नाम लेकर वंदना नही की गई भागवत कथा में सत्य की वंदना की गई। उन्होंने कथा के दूसरे दिन राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म सहित अन्य प्रसंग सुनाए। शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वन में चले गए। उनको प्यास लगी तो समीक ऋषि से पानी मांगा। ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि साधु ने अपमान किया है। उन्होंने मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने शाप दिया कि आज से सातवें दिन तक्षक नाग के डसने से राजा की मृत्यु होगी। समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित हैं और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है। समीक ऋषि ने जब यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी तो वह अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे। वहां बड़े ऋषि, मुनि देवता आ पहुंचे और अंत में व्यास नंदन शुकदेव वहां पहुंचे। शुकदेव को देखकर सभी ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

## पेड़-पौधे हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैंः धनंजय मिश्रा एसीईओ

### ऑक्सीजन पार्क में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया

सत्ता सुधार ■ दतिया

बाल प्रगति शिक्षण संस्थान (नवांकुर संस्था) एवं मीरा परशुराम सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत ग्वालियर रोड स्थित हाईवे ऑक्सीजन पार्क में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला पंचायत एडिशनल सीईओ धनंजय मिश्रा, अशोक कुमार गुलराजानी संरक्षक मीरा परशुराम सेवा समिति, बाल प्रगति संस्थान के संचालक सुदीप तिवारी, विशाल प्रजापति एवं बाल प्रगति संस्थान से चंद्रकांत तिवारी मौजूद रहे। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान सप्तपर्णी, आम, आमला आदि पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत एडिशनल सीईओ धनंजय मिश्रा ने पर्यावरण संरक्षण के विषय में जानकारी देते हुए



बताया कि जिस प्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है। पेड़-पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं और हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं। इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए। पेड़-पौधे लगाने के बाद उनका संरक्षण करना भी बहुत अनिवार्य है। बाल प्रगति संस्थान के संचालक सुदीप तिवारी ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इनसे पृथ्वी पर ऋतु चक्र बना रहता है। ऋतु चक्र को संतुलित बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना अनिवार्य है। हमें पौधे का पेड़ बनने तक बच्चों की तरह संरक्षण करना चाहिए। पौधा पेड़ बनकर हमें फल देता है। वहीं एक पेड़ सैकड़ों जिंदगियां बचाने में सक्षम होता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अज्ञानता और स्वार्थ के चलते पेड़ों की कटाई कर देते हैं। इससे पर्यावरण को नुकसान होता है। मीरा परशुराम सेवा समिति के संरक्षक अशोक कुमार गुलराजानी ने बताया की पेड़-पौधे पशु-पक्षियों के प्राकृतिक आवास हैं। मनुष्य द्वारा प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने से अनेकों पशु-पक्षियों की प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। वहीं पेड़ों की कटाई से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। इसका असर पृथ्वी के प्रत्येक प्राणी पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना प्रत्येक मनुष्य की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें आगे आना चाहिए और दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## रावतपुरा कॉलेज दतिया में मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस



**दतिया।** श्री रावतपुरा सरकार फार्मेसी संस्थान में बुधवार 25 सितम्बर को विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। इस दिवस की थीम वैश्विक स्वास्थय आवश्यकताओं को पूरा करने वाले फार्मासिस्ट थी। जिसका उद्देश्य समस्त छात्र, छात्राओं को जेनेरिक दवाओं के बारे में जागरूकता, रोगी परामर्श, नशीली दवाओं के उपयोग में कमी, वर्तमान में अच्छे विनिर्माण प्रथाओं (सीजीएमपी) की भूमिका थी। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के मैनेजिंग ट्रस्टी शांतनु अग्रवाल एवं शैली अग्रवाल के द्वारा मां सरस्वती के पूजन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन बी फार्मा फाइनल ईयर की छात्राओं रिजा खान एवं तनुजा रॉस द्वारा किया गया। फार्मेसी प्राचार्य प्रो गौरव मित्तल द्वारा जेनेरिक दवाओं, पेशेंट काउंसिलिंग और नशीली दवाओं के उपयोग में कमी के बारे में विस्तार से छात्र छात्राओं को अवगत कराया। इसी के साथ फार्मेसी के सभी छात्र छात्राओं ने पौधारोपण, रंगारंग कार्यक्रम एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन फार्मासिस्ट शपथ दिलाकर किया गया। अंत में विभागाध्यक्ष प्रो राजेश सिंह द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान डीन एडमिनिस्ट्रेशन अतुल सक्सेना, रजिस्ट्रार अरुण कौशिक, प्रो डॉ नवीन दीक्षित, सुनील कुमार, अभिनव तिवारी, नीलम यादव, नरेंद्र सिंह, प्रदीप राजपूत, नेहा अहिरवार, अनुज सक्सेना और सभी विभागों के प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## बाल विवाह के विरूद्ध सभी लोग आवाज उठाएं : अरविन्द उपाध्याय डीपीओ



सत्ता सुधार ■ दतिया

बच्चों की न्याय तक पहुंच कार्यक्रम के अंतर्गत लिटिल फ्लॉवर स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, में बाल विवाह मुक्त भारत बनाने हेतु वृहद सामूहिक शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरविंद उपाध्याय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में तन्मय मिश्रा समाजसेवी उपस्थित रहे। अध्यक्षता प्रगति कपूर प्राचार्य लिटिल फ्लॉवर स्कूल ऑफ एक्सीलेंस ने की। शपथ समारोह में सर्वप्रथम विद्यालय के बच्चों ने बाल विवाह के प्रति संवेदनशील बनाने प्रेरणादायक नाटक का मंचन किया। बच्चों की न्याय तक पहुंच कार्यक्रम के जिला समन्वयक रामजीशरण राय ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बारे में व्यापक जानकारी देते हुए बाल विवाह के दुष्प्रभावों को बताया। मुख्य अतिथि अरविंद उपाध्याय द्वारा स्कूल स्टाफ एवं छात्र, छात्राओं को बाल विवाह के विरुद्ध आवाज उठाने की अपील करते हुए बच्चों से अभिभावकों को बाल विवाह संबंधी आवश्यक जानकारी देने की बात कही। उपाध्याय ने पोषण अभियान एवं पोषित रहने के लिए प्रभावी टिप्स बच्चों को बताएं व बच्चों के द्वारा की किए गए प्रश्नों का समाधान भी किया। अध्यक्षता कर रही प्रगति कपूर द्वारा अभियान के उद्देश्य से प्रभावित होकर सहमति जताते हुए कहा कि वह अपने स्तर पर इस मुद्दे पर आवश्यक प्रयास करेंगी। बाल विवाह सामाजिक बुराई है इसे समाप्त होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि तन्मय मिश्रा द्वारा बाल विवाह रोकने हेतु निरंतर समुदाय के साथ गतिविधियों को आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक समन्वयक एसआर चतुर्वेदी व बृजेंद्रकुमार ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन व आभार अशोककुमार शाक्य ने व्यक्त किया। इस अवसर पर श्वेता श्रीवास्तव, गुनगुन जयवानी, अश्विनी अडजरिया, प्रियंका आहूजा, स्वदेश संस्था के पीयूष राय, बलवीर पांचाल, शिवा राय सहित विद्यालय परिवार की शिक्षकगण व छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे।

## प्राचीन गेट तोड़ना प्रशासन को भारी पड़ा, सुप्रीम कोर्ट ने गेटों के पुनर्निर्माण एवं बचे हुए गेटों के संरक्षण के दिए निर्देश

सत्ता सुधार ■ दतिया



दतिया नगर की प्राचीन रर में स्थापित दरवाजों को जेसीबी मशीन से तोड़ने की कार्यवाही जिला प्रशासन और नगर पालिका प्रशासन को भारी पड़ रही हैं। मामले को लेकर समाजसेवी रामकुमार इटोरिया ने सुप्रीम कोर्ट में पहले से याचिका दायर की हुई थी, जिसमें पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने प्राचीन दरवाजों के संरक्षण के निर्देश दिए थे। बावजूद प्रशासन ने गेटों के संरक्षण के लिए कोई कार्यवाही नहीं की। हाल ही में हुई बारिश के दौरान प्रशासन ने भांडेरी फाटक और रिछरा फाटक दरवाजे जेसीबी मशीन चलाकर तुड़बा दिए। कार्यवाही सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को दरकिनार कर की गई। शीर्ष कोर्ट की पुनः अवमानना होने पर याचिकाकर्ता द्वारा कंटेम फाइल किया था। सुप्रीम कोर्ट ने कंटेम पर 20 सितंबर को सुनवाई कर जिला प्रशासन को नोटिस जारी कर जबाब तलब किया। 25 सितंबर को प्रकरण की सुनवाई न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की संयुक्त पीठ द्वारा की गई। प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय ने दतिया कलेक्टर और मुख्य नगर पालिका अधिकारी दतिया को कहा है कि 4 सप्ताह में शपथपत्र दें कि प्राचीन दरवाजों का पुनर्निर्माण कैंसे करेंगे तथा शेष बचे हुए प्राचीन दरबाजों के संरक्षण के लिए क्या करेंगे।

### पुलिस अधीक्षक ने सायबर क्राईम फ्रॉड से बचने की दी जानकारी

## पीजी कॉलेज में दतिया सायबर सिक्योरिटी कार्यशाला का आयोजन हुआ

सत्ता सुधार ■ दतिया

मेरा युवा भारत (माय भारत) के तहत पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा शासकीय पीजी कॉलेज में विद्यार्थियों को नवीन सायबर क्राईम के बारे में जानकारियां दीं एवं नवीन घटित सायबर क्राईम के तरीको से बचने के बारे में बताया। उन्होंने बढते सायबर क्राईम से सावधानियां रखने के संबध में विद्यार्थियों को जागरुक किया। साथ ही डिजीटल अरेस्ट से संबधित होने वाले विडियो कॉल के जरिए इन्वेस्टीगेशन एजेंसी के नाम से



डरा धमकाकर ठगी को अंजाम देने वाले सायबर फ्रॉड से सतर्क रहने व बचने के तरीको के बारे मे बताया। पुलिस अधीक्षक बताया कि ओटीपी कभी शेयर न करें। अगर कोई व्यक्ति बैंक अधिकारी या किसी अन्य संस्था के नाम पर आपसे ओटीपी पूछता है, तो सावधान रहें। यह एक फ्रॉड कॉल हो सकती है। असली बैंक अधिकारी कभी ओटीपी नहीं मांगते। अनजान या संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, जो आपको ओटीपी डालने के लिए कहता है। यह फ्रॉड वेबसाइट हो सकती है। अपने मोबाइल को सुरक्षित रखें। अनधिकृत ऐप्स डाउनलोड न करें और ऐप्स को हमेशा आधिकारिक स्रोत (गूगल प्ले स्टोर) से ही डाउनलोड करें। सायबर क्राईम घटित होने की स्थिति में नजदीकी थाना व सायबर हेल्पलाईन न0 1930 पर त्वरित रुप से घटित अपराध की जानकारी दें। पुलिस अधीक्षक ने छात्र, छात्राओं और अध्यापकों से अपील कि वे अपनी साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूक रहें। छोटी-छोटी सतर्कताएं बड़े खतरों से बचा सकती हैं।



**खबर का असर** | **इधर वन मंडल में हुआ सुधार**

# उधर दीवार पर रिपोर्ट चस्पा कर रेंज कार्यालय की सुरक्षा से हो गया खिलवाड़




**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

वन मंडल कार्यालय में ग्वालियर में डीएफओ के ट्रेनिंग पर जाने के बाद कर्मचारियों द्वारा ऑफिस से होने के मामले में सीसीएफ ने संज्ञान लेते हुए बुधवार को परिसर में बने कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया और कर्मचारियों को हिदायत दी कि सभी को सुबह 10 बजे कार्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी और शाम को 6 बजे ही कार्यालय से जाएंगे। इसके बाद गुरुवार को वन मंडल कार्यालय का नजारा पूरी तरह बदला हुआ नजर आया। जानकारी के अनुसार लगभग सभी कर्मचारियों ने 10.30 बजे तक कार्यालय में उपस्थिति दर्ज करा थी। वहीं सभी कार्यालयों में शाम तक कर्मचारियों की चहलकदमी चलती रही। बता दें कि सत्ता सुधार ने बिना अधिकारियों की फौज, कर्मचारियों की मौज शीर्षक के खबर प्रकाशित की थी। उसके वन विभाग हरकत में आया था।




मंडल कार्यालय की स्थिति पूरी तरह सुधर भी नहीं पाई थी कि कर्मचारी विहीन गेम रेंज घाटीगांव में उपस्थित रिपोर्ट रेंज कार्यालय की दीवाल पर चस्पा करने के मामले ने वनों की चाक- चौबंद सुरक्षा की कलई खोलकर रख दी।

दरअसल गेंम रेंज घाटी गांव सोन चिरैया अभ्यारण्य क्षेत्र होने के साथ ही अवैध अतिक्रमण और उत्खनन इस क्षेत्र की नियति बन गया है। पिछले कुछ महिनों में ही इस रेंज की कई हेक्टेयर वन भूमि से जंगल उजाड़ कर भूमाफियाओं द्वारा कृषि योग्य बना दिया गया है। वहीं वनों की सुरक्षा में यहां तैनात कर्मचारी अधिकारी, मंडल कार्यालय पर भेदभाव के आरोप लगाकर अपनी सुरक्षा में जुटे रहे हैं। अब सवाल उठता है कि क्या उपस्थिति रिपोर्ट ऑफिस पर चस्पा करके रेंज मुख्यालय को लावारिस अवस्था में छोड़ा जा सकता है ? यदि इस दरमियान वहां मौजूद बंदूक तथा अन्य जरुरी दस्तावेज या फिर वाहनों के साथ कोई घटना घट जाती तो उसके लिए कोन जिम्मेदार होता। क्योंकि यह गेंम रेंज पहले से ही संवेदनशील इलाके में आती है। इसमें बड़ा सवाल यह भी है कि ऐसा कोनसा गंभीर टास्क था जिसके लिए रेंज को सूना छोड़कर पूरे अमले को जाना पड़ा। जबकि कंप्यूटर ऑपरेटर का तो जंगलों से कोई वास्ता भी नही होता है। इस संबंध में रेंजर नरेश काकोडिया को अनेक बार फोन पर संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। अब देखना यह है सरकारी असले और कार्यालय की सुरक्षा से खिलवाड़ के मामले में विभाग क्या कदम उठाएगा।

## शासकीय माल खजाने की सुरक्षा में लापरवाही








### सूनी रहती हैं वन चौकियां

इससे पहले भी इस गेंम रेंज में जंगल सुरक्षा के लिए बनाई गई वन चौकियों पर फील्ड में जाने के नाम पर ताले लटके रहने की लगातार सूचनाएं मिलती रही हैं ,इसमें चाहे भटपुरा वन चौकी की बात करें या फिर डांडा खिड़क वन चौकी की। वहीं गुरुवार को रेंज मुख्यालय पर उपस्थिति रिपोर्ट चस्पा कर स्थाई कर्मचारी तक न होना अपने आप में गंभीर लापरवाही सामने आई है ।

### रेंजर लगा चुके हैं भेदभाव के आरोप

घाटी गांव गेंम रेंज में पदस्थ वन परिक्षेत्र अधिकारी नरेश काकोडिया अभी कुछ दिन पहले ही काष्टिज्म को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों पर भेदभाव के गंभीर आरोप लगा चुके हैं। जबकि शासकीय सेवा नियमावली में अधिकारी या कर्मचारी को उसके पद से जाना जाता है न कि उसकी जाति से,ये खबर मीडिया तक पहुंच चुकी है। ऐसा कदम उनके द्वारा क्यों उठाया गया इस पर जांच होनी चाहिए और दोषी के खिलाफ कड़ा कदम उठाना चाहिए ताकि विभाग में भयमुक्त वातावरण बना रहे।

# पर्यटन, धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों पर चलाया स्वच्छता अभियान, दिलाई स्वच्छता की शपथ



**ग्वालियर।** स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान अंतर्गत शहर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के तहत आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिसमें आज पर्यटन स्थल, धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों पर स्वच्छता पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के साथ साफ सफाई कर सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

नगर निगम आयुक्त अमन वैष्णव के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता जन जागरूकता अभियान शहर में चलाया जा रहा है। जिसमें शहर को साफ व स्वच्छ बनाये रखने के लिए आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिसमें आज किले के ऊपर पर्यटन स्थल पर दुकानदारों एवं पर्यटकों के साथ किले पर विशेष सफाई अभियान चलाया तथा उनको स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी अजय सिंह ठाकुर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी मनीष श्रीवास, जेडएचओ भगवानदास छात्रे, डब्ल्यूएचओ आकाश करोसिया एवं रवि पारचे उपस्थित रहे। इसके साथ ही बार्ड 41 महाराज बाड़ा स्थित दत्त मंदिर पर श्रद्धालुओं एवं प्रसाद की दुकानो के दुकानदारों के साथ मंदिर की सफाई कर सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। साथ ही वॉर्ड क्रमांक 35 फालका बाजार अयोध्या धाम'



राम मंदिर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान में रंगोली बना कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी भीष्म कुमार पमनानी, जेडओ राकेश कुशवाह, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी राजेन्द्र सिंह, जेडएचओ सेवाराम खरे उपस्थित रहे।

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सूर्य मंदिर पिंटू पार्क में सफाई अभियान चलाकर सफाई कार्य कराया गया एवं नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया एवं स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई। जेडएचओ श्री निखिल कडेरे, डब्ल्यूएचओ श्री अनिल छात्रे, श्री राहुल उपस्थित रहे। इसके साथ ही वार्ड 45 एवं 57 के अंतर्गत धार्मिक स्थल अचलेश्वर मंदिर पर सफाई अभियान चलाया गया तथा दुकानदारों एवं श्रद्धालुओं तथा सफाई मित्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

## मंगलधाम वृद्धाश्रम में किया सेवाकार्य

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**



साईं लीला सेवा संस्था द्वारा मंगल धाम वृद्धाश्रम थाटीपुर में पितृपक्ष के उपलक्ष्य में उनकी जरूरत को पूरा कर सेवा कार्य में अपना योगदान दिया। संस्था का उद्देश्य समाज में जो बच्चे अपने माता-पिता का ध्यान नहीं रखते हैं, उनको संस्था के सदस्य सहारा देते हैं। संस्था लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रही है। इस कार्य में सभी मेंबर्स की कोशिश रही की सभी वृद्ध माता-पिता को कुछ खुशी के पल दिए जा सके। इस कार्य में सहयोगकर्ताओं ने दान रूपी जरूरत का समान देकर सेवा कार्य में अपना सहयोग दिया। संस्था पदाधिकारी नीतू गुप्ता सिंह, रश्मि गुप्ता, नलिनी चौहान, पूनम गोयल, श्याम अग्रवाल आरके रावत, गुलशन सिंह यादव एवं डॉ. तस्लीम अहमद खान मौजूद रहे।

## आशाराम बापू आश्रम में सामूहिक श्राद्ध तर्पण 2 अक्टूबर को

ग्वालियर। संत आशाराम बापू आश्रम में 2 अक्टूबर को सामूहिक श्राद्ध तर्पण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें कर्मकांडी ब्राह्मणों द्वारा सभी पितरों के निमित्त विधानपूर्वक मंत्रोच्चार के साथ श्राद्ध कर्म संपादित होगा। मीडिया प्रभारी बलवीर सिंह परमार ने बताया कि सनातनी साधक प्रातः 8 बजे शिवपुरी लिंक रोड स्थित आश्रम में शामिल हो सकते हैं। साथ में तांबे का लोटा, परात या थाली भी लाने का आग्रह किया गया है।

## विधानसभा अध्यक्ष के बंगले पर कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों का प्रदर्शन

**ग्वालियर।** पिछले एक महीने से परेशान कृषि महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने गुरुवार को महाविद्यालय प्रांगण में जमकर प्रदर्शन किया। इसके उपरांत मानव रैली बनाकर मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के बंगले पहुंचे। यहां एक घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया। जिसके बाद श्री तोमर ने उनकी समस्या सुनी। दरअसल कृषि महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थी गत 1 महीने से परेशान हो रहे हैं, इन विद्यार्थियों का फंडामेंटल ऑफ एग्रीकल्चर इकोनॉमिक्स विषय का पेपर 9 सितंबर को नहीं हो पाया, जिसके कारण विद्यार्थियों एक वर्ष बढ़ रहा है। उनका कहना है कि यदि समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो आगे भी विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।



## डबरा स्टेशन पर चला टिकट जांच महाअभियान

**ग्वालियर।** सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक आरके वर्मा के नेतृत्व में बिना टिकट यात्रियों की रोकथाम के लिए डबरा रेलवे स्टेशन पर व ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा, बिना बुक लगेज, गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध किलाबंदी जांच की गई। चेकिंग के दौरान ट्रेन में अनियमित यात्री इधर-उधर छिपते नजर आए तथा स्टेशन पर अफरा तफरी का माहौल रहा। जांच के दौरान 81 अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों से 48560 रुपए रेल राजस्व वसूल किया गया। डबरा रेलवे स्टेशन पर जांच में मुख्य टिकट निरीक्षक (मुख्यालय) आर.के. चारी, आर.के. श्रीवास्तव, प्रियांक पुरोहित, नागेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र घुरैया उपस्थित रहे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा ने बताया कि इस प्रकार के जांच अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

## कम्पू थाने का पुतला दहन आज

**ग्वालियर।** 16 सितंबर को रात्रि 9 बजे माधव डिस्पेंसरी पर कम्पू थाने के एएसआई ने एडवोकेट आकाश दुबे को गाली-गलौच, अभद्र भाषा व जान से मारने की धमकी दी। उक्त घटना का वीडियो भी वायरल हुआ था। घटना की शिकायत पुलिस अधीक्षक को भी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा आश्वासन दिये जाने के पश्चात् भी एएसआई पर कोई भी कार्यवाही नही की गई, जिससे अधिवक्ता वर्ग में काफी रोष व्याप्त हैं। इसे लेकर युवा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष व राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट अंकित वशिष्ट ने मीटिंग आहूत की जिसमें सर्वसहमति से निर्णय लिया कि 27 सितंबर को दोपहर 2 बजे जिला एवं सत्र न्यायालय ग्वालियर के गेट क्रमांक 2 के सामने (मेट्रो टावर के सामने) थाना कम्पू का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

## भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत

**भितरवार।** गुरुवार को शाखा भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर ऋषव जैन लाला डबरा का नगर भितरवार में आगमन हुआ । जिनका जैन मिलन भितरवार के अध्यक्ष महेश चंद जैन , मंत्री हरीश जैन (शिक्षक), कोषाध्यक्ष मुकेश जैन (एडवोकेट) द्वारा शाखा के सदस्यों का परिचय एवम शाखा के कार्यक्रम की जानकारी दी गई । अतिवीर ऋषव जैन लाला द्वारा शाखा के कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए सभी सदस्यों को जैन मिलन के अंतर्गत निरंतर और अधिक सामाजिक धार्मिक एवम सेवा से संबधित कार्यों को करने के लिए प्रोत्साहित किया गया एवं आगामी अक्टूबर माह में केंद्र द्वारा निर्देशित कार्यक्रम मैराथन दौड़ को आयोजित करने को लेकर कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की। जिसके लिए अध्यक्ष मंत्री के द्वारा शाखा स्तर पर एक बैठक कर कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संभावना व्यक्त की कार्यक्रम के अंत में मंत्री हरीश जैन द्वारा आभार व्यक्त किया गया । बैठक में क्षेत्रीय उपमंत्री रॉकी जैन, कार्यकारिणी सदस्य दामोदर जैन , हरीबाबू जैन , मुकेश जैन , आनंद जैन , कपिल जैन , रमेशचंद जैन एवम जैन मिलन शाखा के अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।



# चिकित्सा सेवा की रीढ़ हैं फार्मासिस्टः सीएमएचओ डॉ. श्रीवास्तव

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर हुए व्याख्यान

**ग्वालियर।** फार्मासिस्ट चिकित्सा सेवा की रीढ़ के रूप में जाना जाता है। यदि फार्मासिस्ट दवाओं को गुणवत्ता युक्त नहीं बनाते तो शायद मरीज का इलाज किया जाना मुमकिन नहीं होता। फार्मासिस्ट ही वो कड़ी हैं जो दवाओ का उचित ढंग से उपयोग, उचित मात्रा में व उचित समय पर लेने का ज्ञान रखता हैं। यह बात मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सीएमएचओ डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने गत दिवस विश्व फार्मासिस्ट दिवस के उपलक्ष्य में होटल डाउन टाउन में आयोजित हुए कार्यक्रम में कही। उन्होंने फार्मासिस्ट संवर्ग की महत्वता और स्वास्थ्य विभाग में उनकी उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ. राजेश शर्मा मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता जिला कुष्ठ एवं असंचारी रोग अधिकारी डॉ. प्रबल प्रताप सिंह ने की।


**क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई–टेंडरिंग/406/1502**
**कार्यालय प्रमुख अभियंता**
**जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल**
**ई मेल– mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in**
**फोन– 0755–2553402 फैक्स–0755–2552406**

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

**निविदा सूचना क्रमांक– 583/2715001/ई.डी.पी./2021–22/प्र.अ./ई–टेंडरिंग भोपाल, दिनांक 20/09/2024**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 07-10-2024 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है ।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स.क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रू. लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_WRD_354503 | पंचमनगर वृहद सिंचाई परियोजना के पगरा बांध एवं पंचमनगर बैराज की निगरानी और देखरेख का कार्य। | सागर | 9.15 |
| 2 | 2024_WRD_357578 | जावरा उपखण्ड के 15 नंबर बैराजों के गेट्स मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | रतलाम | 7.13 |
| 3 | 2024_WRD_365310 | माचक खिरकिया के वर्षाकाल के दौरान क्षतिग्रस्त नहर और संरचना के रखरखाव कार्य। | हरदा | 7.35 |
| 4 | 2024_WRD_365985 | सिंचाई कॉलोनी स्थित आवासों एवं संभागीय कार्यालय भवन के वार्षिक रखरखाव एवं मरम्मत कार्य। | रतलाम | 14.79 |
| 5 | 2024_WRD_366005 | स्वारा भवन, भोपाल की लिफ्ट का वार्षिक अनुरक्षण कार्य। | भोपाल | 2.02 |
| 6 | 2024_WRD_366240 | पार्वती काम्प्लेक्स (श्रृंखलाबद्ध बैराज) का सर्वेक्षण कार्य। | सीहोर | 8.42 |
| 7 | 2024_WRD_367208 | लाईट मशीनरी एवं वि./यां. उपसंभाग क्र.01 तवानगर हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | नर्मदापुरम् | 3.42 |
| 8 | 2024_WRD_367209 | लाईट मशीनरी एवं वि./यां. उपसंभाग क्र.04 बाडी हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | नर्मदापुरम् | 3.42 |
| 9 | 2024_WRD_367439 | लाईट मशीनरी एवं वि./यां. उपसंभाग क्र.03 भोपाल हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | भोपाल | 3.42 |
| 10 | 2024_WRD_367440 | कुण्डलिया बांध डूब क्षेत्र के ढाबला डी.एल एवं रोजड़ी ए.जी. फीडर के एक सेक्शन में 11 के.वी. लाईन शिफ्टिंग का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | भोपाल | 9.72 |
| 11 | 2024_WRD_367441 | मकसूदगढ़ डी.सी. के इम्नाखेड़ी फीडर से शाहपुर फीडर तक डी.टी. आर 11 के.वी. लाईन शिफ्टिंग का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | भोपाल | 2.52 |
| 12 | 2024_WRD_367442 | लाईट मशीनरी एवं वि./यां. उपसंभाग क्र.01 भोपाल हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | भोपाल | 3.42 |
| 13 | 2024_WRD_367443 | वाहन क्र. एम.पी.02 ए.व्ही. 5504 का सुधार व मरम्मत कार्य। | भोपाल | 0.61 |
| 14 | 2024_WRD_367445 | वि./यां. जल संसाधन मंडल भोपाल एवं ला.म.संभाग भोपाल हेतु लेखन सामग्री का प्रदाय। | भोपाल | 0.69 |
| 15 | 2024_WRD_367769 | उपसंभाग भिण्ड के मुख्य नहर के गेटों का मरम्मत कार्य। | ग्वालियर | 5.35 |
| 16 | 2024_WRD_367771 | उपसंभाग ग्वालियर के मउ शाखा के नहरों गेट, माईनर गेट का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | ग्वालियर | 3.33 |
| 17 | 2024_WRD_367772 | भिण्ड मुख्य नहर के गेटों का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | ग्वालियर | 3.84 |
| 18 | 2024_WRD_367773 | हरसी मुख्य नहर के गेटों का वार्षिक सुधार, मरम्मत, आईलिंग एवं ग्रीसिंग का कार्य। | ग्वालियर | 1.98 |
| 19 | 2024_WRD_367826 | अम्बाह शाखा नहर की आर.डी. 31.64 कि.मी. से आर.डी. 81.74 कि.मी. तक सफाई एवं मरम्मत कार्य। | मुरैना | 11.11 |
| 20 | 2024_WRD_367827 | अम्बाह शाखा नहर की आर.डी. 0.00 कि.मी. से आर.डी. 31.64 कि.मी. तक सफाई एवं मरम्मत कार्य। | मुरैना | 5.14 |
| 21 | 2024_WRD_367863 | साजली सिंचाई बांयी तट मिट्टी बांध में आवश्यक उपकरणों सहित स्ट्रीट लाईट व्यवस्था एवं अन्य कार्य। | सागर | 11.48 |
| 22 | 2024_WRD_367865 | सीतानगर सिंचाई बांध में स्थापित 33/6.6 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र पर आवश्यक उपकरणों का प्रदाय एवं अन्य कार्य। | सागर | 11.59 |
| 23 | 2024_WRD_368282 | ला.म.वि./या. महूअर बांध हेतु अकुशल एवं कुशल श्रमिक का प्रदाय। | ग्वालियर | 1.36 |
| 24 | 2024_WRD_368283 | अपर ककेटों बांध हेतु अकुशल एवं कुशल श्रमिक का प्रदाय। | ग्वालियर | 1.36 |
| 25 | 2024_WRD_368284 | हरसी हाई लेबल के एच.आर. सी.आर. गेटों का आईलिंग, ग्रीसिंग एवं सुधार का मरम्मत कार्य। | ग्वालियर | 4.25 |
| 26 | 2024_WRD_368325 | सेंदपा तालाब की नहर का मरम्मत कार्य। | छतरपुर | 4.95 |
| 27 | 2024_WRD_368326 | देवपुर द्वितीय तालाब की नहर का मरम्मत कार्य। | छतरपुर | 4.97 |
| 28 | 2024_WRD_368390 | तवा परियोजना की हंडिया शाखा नहर प्रणाली की हरदा उपनहर की आर.डी. 21 कि.मी. से 33 मी. के मध्य क्षतिग्रस्त लाईनिंग का मरम्मत कार्य। | हरदा | 10.34 |
| 29 | 2024_WRD_368391 | तवा परियोजना की हंडिया शाखा नहर प्रणाली की हरदा उपनहर की आर.डी. 21 कि.मी. से 33 मी. के मध्य क्षतिग्रस्त स्ट्रक्चर्स का मरम्मत कार्य। | हरदा | 5.13 |
| 30 | 2024_WRD_368853 | मोहनपुरा बांध से प्रभावित ग्राम संजयग्राम को मुख्य मार्ग से जोड़ने हेतु बिटूमन रोड़ का निर्माण कार्य। | राजगढ़ | 16.65 |
| 31 | 2024_WRD_369147 | नयापुरा बैराज के 66 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य। | भोपाल | 16.92 |
| 32 | 2024_WRD_369148 | सुल्तानपुरा बैराज के 10 नग जलद्वार का एमबेडेड़ पाट्स प्रदाय का मरम्मत तथा रखरखाव कार्य। | भोपाल | 7.02 |
| 33 | 2024_WRD_369149 | जलद्वारों के निर्माण हतु एम.एस. राउण्ड़ बार 63 एम.एम. के स्कवेयर थ्रेडिंग का कार्य। | भोपाल | 1.76 |
| 34 | 2024_WRD_369150 | विभिन्न जल जल संसाधन संभागों के जलद्वारों के लिए डब्ल्यू. डब्ल्य 90 हेड स्टॉक 56 एमएम डाया नट के प्रदाय, कास्टिंग, मशीनिंग एवं असेम्बली का प्रदाय। | भोपाल | 11.15 |
| 35 | 2024_WRD_369151 | रायपानी बैराज के 10 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य। | भोपाल | 12.55 |
| 36 | 2024_WRD_369174 | लाईट मशीनरी एवं वि./यॉं उपसंभाग धार एवं खरगोन हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | धार | 3.42 |
| 37 | 2024_WRD_369175 | लहार नहर एवं इसकी वितरिकाओं का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | दतिया | 3.64 |
| 38 | 2024_WRD_369176 | भाण्डेर मुख्य नहर एवं इसकी वितरिकाओं का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | दतिया | 3.79 |
| 39 | 2024_WRD_369177 | दतिया सिंचाई नहर एवं इसकी वितरिकाओं का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य । | दतिया | 7.64 |
| 40 | 2024_WRD_369187 | मडीखेडा बांध पर ग्रेन्ट्री क्रेन, लिफ्टिंग बीम, होइस्टिंग अरेन्जमेंट, केट वाक वे का सी.डी., रेलिंग एवं हाईड्रोलिक पाईप का पेंटीग कार्य। | दतिया | 4.21 |
| 41 | 2024_WRD_369553 | समोहा बांध पर 315 के.व्ही. ट्रान्सफार्मर का मरम्मत का कार्य। | दतिया | 4.21 |
| 42 | 2024_WRD_369770 | डी 50 ए 15 काम्पेक्शन मशीन क्रं. 57, जे.सी.बी. 20 के सुधार कार्य। | बालाघाट | 1.18 |
| 43 | 2024_WRD_369771 | डी 50 ए 15 काम्पेक्शन मशीन क्रं. 61, 83, 08 के सुधार कार्य। | बालाघाट | 1.19 |
| 44 | 2024_WRD_369772 | डी 50 ए 15 काम्पेक्शन मशीन क्रं. 12, 02, 55, जे.सी.बी. 19,18, के सुधार कार्य। | बालाघाट | 1.58 |
| 45 | 2024_WRD_369774 | डी 50 ए 15 काम्पेक्शन मशीन क्रं. 61, 08, 83, के सुधार हेतु कलपुर्जो का प्रदाय। | बालाघाट | 2.49 |
| 46 | 2024_WRD_369778 | डी 50 ए 15 काम्पेक्शन मशीन क्रं. 57 एवं जेसी.बी. 20 के सुधार हेतु कलपुर्जो का प्रदाय। | बालाघाट | 1.54 |
| 47 | 2024_WRD_369781 | डी 50 ए 15 काम्पेक्शन मशीन क्रं. 12, 02, 55, जेसी.बी. 19,18 के सुधार हेतु कलपुर्जो का प्रदाय। | बालाघाट | 2.54 |
| | | | कुल योग | 265.74 |

G-16703/24 — नोडल अधिकारी (ई–टेंडरिंग)

स्वच्छता ही सेवा 2024
17 सितम्बर – 2 अक्टूबर 2024
स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

INVEST MADHYA PRADESH
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
7-8 फरवरी 2025, भोपाल

MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
MSME

# नया भविष्य गढ़ता मध्यप्रदेश...



## रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, सागर

## शुभारंभ

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

द्वारा

27 सितंबर, 2024 | पूर्वाह्न 10:00 बजे
जवाहरलाल नेहरू
पुलिस अकादमी ग्राउंड, सागर



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

**मुख्य बिंदु** ▶ 3500+ प्रतिभागी | वन-टू-वन मीटिंग | बायर-सेलर मीटिंग | सेक्टर आधारित सत्र | औद्योगिक इकाइयों हेतु भूमि आवंटन | एक जिला एक उत्पाद (ODOP) पर कार्यशाला | राउंड टेबल मीटिंग | वर्चुअल भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**फोकस एरिया** ▶ पेट्रोकेमिकल्स | नवीकरणीय ऊर्जा | कृषि, डेयरी और खाद्य प्रसंस्करण | कपड़ा और परिधान | माइनिंग और खनिज | हथकरघा और हस्तशिल्प | पर्यटन

## "प्रगति के पथ पर अग्रसर बुन्देलखण्ड"

**Website : invest.mp.gov.in**

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

EY Knowledge Partner | CII Confederation of Indian Industry National Partner

MPIDC(@MPIDC)/Twitter MP Industrial Development Corporation (MPIDC) MPIDC I Facebook MPIDC (@mpidc_gomp) MPIDC - YouTube

D-11070/24

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

# श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन


माधवराव सिंधिया का जन्म 10 मार्च, 1945 ई. को ग्वालियर के सिंधिया परिवार में हुआ था। माधवराव सिंधिया ग्वालियर राजघराने की राजमाता विजयाराजे सिंधिया और जीवाजी राव सिंधिया के पुत्र थे। माधवराव सिंधिया ने अपनी शिक्षा सिंधिया स्कूल से की थी। सिंधिया स्कूल का निर्माण इनके परिवार द्वारा ग्वालियर में कराया गया था। उसके बाद माधवराव सिंधिया ने ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी से अपनी शिक्षा प्राप्त की।

माधवराव सिंधिया का विवाह माधवीराजे सिंधिया से हुआ था। माधवराव सिंधिया के पुत्र ज्योतिरादित्य व पुत्री चित्रांगदा राजे हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया भी राजनीति में हैं। माधवराव सिंधिया का नाम मध्यप्रदेश के चुनिंदा राष्ट्रीय राजनीतिज्ञों में काफ़ी ऊपर है। माधवराव सिंधिया राजनीति के लिए ही नहीं बल्कि कई अन्य रुचियों के लिए भी विख्यात रहे हैं। क्रिकेट, गोल्फ, घुड़सवारी और हर चीज़ के शौक़ीन होते हुए भी माधवराव सिंधिया ने सामान्य व्यक्ति जैसा जीवन व्यतीत किया था। माधवराव सिंधिया की समाज सेवा, शिक्षा को प्रोत्साहन, वन्य जीवन




संरक्षण में विशेष रुचि थी। इसके अलावा वह आमोद-प्रमोद एवं मनोरंजन - क्रिकेट, तैराकी आदि के शौक़ीन थे। माधवराव सिंधिया जनसेवा के लिए प्रेरणा स्रोत थे। उन्होंने जीवन भर ग़रीबों की मदद की है। सिंधिया विचारमंच के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनिल मिश्रा ने सिंधिया जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश के विकास के लिए माधवराव सिंधिया ने कई कार्य किए हैं। उन्हें भुलाया नहीं जा सकता है। माधवराव सिंधिया ने लगातार नौ बार लोकसभा चुनाव जीतकर कीर्तिमान क़ायम किया। वे लोकसभा में माधवराव सिंधिया कांग्रेस संसदीय दल के उपनेता बनाए गए थे। इस समय श्री सिंधिया कांग्रेस की सर्वेसर्वा श्रीमती सोनिया गाँधी के सबसे विश्वसनीय सहयोगी बन चुके थे तभी 30 सितंबर 2001 को एक विमान दुर्घटना में माधवराव सिंधिया का निधन हो गया। माधवराव सिंधिया जीवित रहते तो आज प्रधानमंत्री होते। संघवी ने माधवराव सिंधिया ए लाइफ में एक जगह यह भी लिखा है कि यदि वे जनसंघ (भाजपा) में रहते तब भी शायद प्रधानमंत्री बनते।

**सदैव आपका अपने**
**महेंद्र भदकारिया, संजय दीक्षित, अनिल पुनियानी**



▪ गजेन्द्र सिंह शेखावत

# 'विकसित भारत हेतु पर्यटन : हमारे प्रथम 'अतुल्य भारतीय' का विजन'


**एक दशक पहले तक भारतीय पर्यटन को पर्यटन क्षेत्र में अन्य देशों के समकक्ष या उनसे आगे स्थापित करने के लिए भी एक ब्रांड एम्बेसडर की जरूरत सामान्य बात थी । जिस तरहअन्य देश अपने देश के पर्यटन के प्रचार-प्रसार हेतु सुविख्यात फिल्मी सितारों और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को आकर्षित करने के लिए विज्ञापन राशि खर्च कर रहे थे ठीकउसी तरह यहाँ भी यह महसूस किया गया कि अतुल्य भारत कोएक नया रूप दिए जाने की आवश्यकता है।**

पिछले एक दशक में और पिछले 100 दिनों से भारत के केन्द्रीय पर्यटन मंत्री के रूप में कार्य करते हुए मैंने सभी को यह कहते सुना है कि इस देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हमारे बीच एक ऐसे नेता हैं जो न केवल हमारे प्रधानमंत्री हैं बल्कि वे अतुल्य भारत के सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड एम्बेसडर और हिमायती हैं। अपनी हर भूमिका में, वे भारत की बेहतरी के लिए काम करते हैं। मैं यह देखकर अत्यंत विस्मित और प्रेरित होता हूँ कि माननीय प्रधानमंत्री सदैव पर्यटन को अत्यंत महत्व देते हैं।

एक प्रधानमंत्री के रूप में वे निरंतर हमें यह याद दिलाते हैं कि हमें देश में पर्यटन की समग्र प्रगति और विकास के लिए 'सरकार के प्रत्येक स्तर' पर कार्य करना है। लगभग 1,50,000 किलोमीटर लम्बा सड़क नेटवर्क बनाए जाने, बेहतर हवाई कनेक्टिविटी के लिए 500 नए हवाई रुट और 150 हवाईअड्डे शुरू किए जाने, तेज गति वाली वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत और लगभग 100 पर्यटन परियोजनाओं को पूरा किए जाने के परिणामस्वरूप भारत में 250 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) दर्ज की गईं जो वर्ष 2014 में भारत द्वारा दर्ज 128 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) का लगभग दोगुना है।

इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया। माननीय प्रधानमंत्री जी का यह विजन था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को माध्यम बनाकर इन 60 गंतव्यों की पर्यटन पेशकशों के साथ-साथ उनकी संस्कृति, क्विज़ीन तथा शिल्प की वैश्विक मंच पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। पिछले वर्ष जी-20 के कारण पर्यटन में हुई वृद्धि के परिणामस्वरूप वर्ष 2023 में भारत के पर्यटन क्षेत्र में होटल के नए कमरे सबसे अधिक संख्या में बनाए गए।

एक जन-नायक के रूप में उन्होंने विश्व की यात्रा पर निकलने से पहले अपने देश भारत को देखने-समझने के लिए राष्ट्र को 'देखो अपना देश' हेतु प्रेरित किया है। स्वच्छता के महत्व की सीख देकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि उत्तरदायी पर्यटन हम सभी का सहज स्वभाव बन जाए। हर अवसर पर वे वैश्विक प्रवासी भारतीयों को अतुल्य भारत का प्रतिनिधि बनने की उनकी भूमिका निरंतर याद दिलाते हैं कि वे अपने विदेशी मित्रों और परिचितों को इस बात की जानकारी दें कि भारत की यात्रा किस प्रकार उनके लिए अविस्मरणीय हो सकती है। सोशल मीडिया पर सबसे ज़्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेताओं में से



एक के रूप में उनके द्वारा लक्षद्वीप, काजीरंगा, कन्याकुमारी, श्रीनगर और अन्य कई स्थलों की यात्रा करने मात्र से घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों में ऐसे गंतव्यों की यात्रा करने और भारत की कम लोकप्रिय पर्यटन पेशकशों का अनुभव करने की अभूतपूर्व रुचि देखी गई है। पर्यटन में माननीय प्रधानमंत्री की निजी रूचि और भागीदारी को और अधिक स्पष्टकरने के लिए मैं आप सबको यह बताना चाहूंगा कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के पर्यटन विभाग में मुझे अपनी सेवा प्रदान करने का अवसर देते समय कहा था कि वे मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप रहे हैं ।तब से मेरानिरंतर यह प्रयास रहा है कि समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति और विकास के माध्यम के रूप में पर्यटन क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए हमभारत में इसके लिए एक व्यावसायिक योजना तैयार करें । अवसंरचना विकास में भारत द्वारा तेजी से की जा रही प्रगति का लाभ उठाते हुए नए पर्यटन गंतव्य विकसित करना इस व्यावसायिक योजना का सबसे महत्वपूर्ण घटक है। नए भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए और अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए पर्यटकों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इन नए गंतव्यों की परिकल्पना की गई है । वर्ष 1947 में हमारी स्वतंत्रता से लेकर वर्ष 2014 तक भारत में किसी पर्यटक गंतव्य को शुरूआत से समग्र और समावेशी तरीके से विकसित करने का एक भी उदाहरण देखने को नहीं मिलता है । वर्ष 2018 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विश्व को एकता नगर और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी की भेंट देने के बाद से इसमें परिवर्तन आया है । माननीय प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए । रोज़मर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई । स्थानीय लोगों और युवाओं को पर्यटन से संबंधित सेवाओं और कार्यों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की गई । अच्छे होटल, रिजॉर्ट और अन्य आवास स्थापित करने के लिए निजी निवेशों को शामिल किया गया । पीपीपी मोड में विभिन्न थीमों में अनेक नए आकर्षणों, कार्यकलापों और अनुभवों की शुरूआत की गई । इन सभी और अन्य कई कार्यकलापों के कारण एकता नगर में पर्यटकों की संख्या वर्ष 2018 में 4.5 लाख से 10 गुना बढ़कर वर्ष 2023 में 45 लाख हो गई थी । इसके अलावा, इन सभी प्रयासों से एकता नगर के स्थानीय लोगों के लिए पर्यटन अर्थव्यवस्था के माध्यम से आजीविका के नए साधन का सृजन हुआ है जो वर्ष 2014 से पहले इस क्षेत्र में उपलब्ध नहीं था । एकता नगर के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री ने हमें पर्यटन विकास और संवर्धन का एक नया मॉडल दिया है - एक ऐसा मॉडल जिसे ऐसे प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों का सृजन करने के लिए एक उदाहरण के रूप में अपनाया जा सकता है । स्वदेश दर्शन और प्रतिष्ठित पर्यटक गंतव्यों के विकास जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित मॉडल से प्रेरणा लेते हुए, पर्यटन मंत्रालय अब 'सरकार के हर स्तर पर'चयनित गंतव्यों को विकसित करने के संयुक्त प्रयासों द्वारा देश में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास कीअगुआई कर रहा है। ऐसे अधिक प्रभावकारी हस्तक्षेपों की शुरूआत के प्रयास किए जा रहे हैं जो विभिन्न गंतव्यों में पर्यटक अनुभव को पूरी तरह से बदल सकते हैं। साथ ही, निजी निवेश को सार्वजनिक निवेश का पूरक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि भारत में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास के लिएदोनों एक संयुक्त शक्ति के रूप में कार्य कर सकें।

**केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री, भारत सरकार**

# मप्र, अप्रतिम सौन्दर्य से बना फिल्म पर्यटन और शूटिंग का हब

मध्यप्रदेश, देश का फिल्म पर्यटन और शूटिंग का हब बन गया है। अब मध्यप्रदेश में बनी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित फिल्मों ने देश और विदेश के नामी फिल्म निर्माण कंपनियों और निदेशकों का ध्यान आकर्षित किया है। चंदेरी में शूट हुई फिल्म स्त्री-2 ने 600 करोड़ से ज्यादा का व्यवसाय कर लिया है और स्त्री-3 के लिए भी जमीन तैयार कर दी है। होर के गांवों में शूट हुई और ऑस्कर पुरस्कार के लिए नामांकित फिल्म लापता लेडीज में मध्यप्रदेश के स्थानीय कलाकारों ने अपनी अभिनय क्षमता का लोहा मनवा लिया। इस फिल्म में सीहोर के बमूलिया, सेमली, ढबला-माता, शिकारपुर, जोशीपुर घाट, गुंजारी मंदिर, इछावर मार्केट प्रमुखता से नजर आते हैं। वर्ष 2016 में बनी विश्वब प्रसिद्ध फिल्म



लॉयन की शूटिंग इंदौर, उज्जैन, खंडवा, खरगौन, देवास और बुरहानपुर में हुई। यहां 19 दिनों की शूटिंग हुई थी। इसे ऑस्कर के लिये नामांकित किया गया था और कई अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिले। फिल्म के निर्देशक गार्थ डेविस ने राज्य सरकार और पर्यटन विकास निगम के सहयोग का आभार माना है। मध्यप्रदेश को प्रकृति ने दिल खोलकर सौन्दर्य-समृद्ध बनाया है। फिल्म शूटिंग के लिए मध्यप्रदेश सुंदर स्थलों का स्वर्ग है। देश का हृदय प्रदेश होने से यहाँ चारों दिशाओं से कनेक्टिविटी आसान है। सड़क संपर्क में अभूतपूर्व सुधार होने से पहुँचना आसान हो गया है। हवाई सेवाओं के बढ़ने से फिल्म उदयोग के लिए और भी ज्यादा अनुकूल हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश में आने वाली फिल्म निर्माण परियोजनाओं में निवेशकों से निवेश करने का आग्रह किया है। इससे स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन मिलेगा और राज्य सरकार की उदार नीतियों से फिल्म निर्माण की लागत में भी कमी आयेगी। प्रदेश सरकार ने फिल्म इंडस्ट्री की आवश्यकताओं और शूटिंग के लिए उपलब्ध सुंदरतम स्थलों का महत्व समझते हुए प्रदेश की फिल्म निर्माण नीति बनाई है। इसमें फिल्म निर्माताओं को आकर्षक पैकेज दिए जा रहे हैं। यहाँ फिल्म निर्माण के लिए सबसे अनुकूल स्थिति, बेहतर कानून-व्यवस्था और शांति है, वह मध्यप्रदेश की पहचान है। प्रदेश में कहीं भी शूटिंग करना बहुत आसान है। पुलिस और प्रशासन का पूरा सहयोग मिलता है। शांत वातावरण में शूटिंग हो जाती है। स्थानीय लोग मददगार और मित्रवत व्यवहार करते हैं। इन सब खूबियों से मध्यप्रदेश शूटिंग हब के रूप में प्रसिद्धी पा रहा है।

**प्रसिद्ध बॉलीवुड फिल्मों में है मध्यप्रदेश**

मध्यप्रदेश में 1952 से फिल्मों की शूटिंग हो रही है। भारत की पहली टेक्नीकलर फिल्म आन की शूटिंग राजगढ़ जिले में नरसिंहगढ़ किले में हुई थी। इसे एक साथ 28 देशों में रिलीज किया गया था। इसके बाद 1955 में राजकपूर की श्री 420 की कुछ शूटिंग शाजापुर में हुई और 1957 में रानी रूपमती, 1957 में ही नया दौर की शूटिंग सीहोर जिले की बुदनी में हुई और 1963 में मुझे जीने दो फिल्म की शूटिग चंबल क्षेत्र में हुई। बॉलीवुड की बेहतरीन फिल्मों की मध्यप्रदेश में हुई शूटिंग की एक लंबी सूची है। वर्ष 1977 में किनारा, 1985 में मैसी साहेब, 1993 की इन कस्टडी, 1994 की बैंडिट क्वीन, 1998 की प्यार किया तो डरना क्या, 1999 में हो तू-तू और भोपाल एक्सप्रेस, 2001 में अशोका, 2003 में मकबूल, 2007 में जब वी मेट 2010 में पीपली लाइव, 2011 में आरक्षण और 2012 की सबसे प्रसिद्ध फिल्म पान सिंह तोमर कुछ उदाहरण हैं। इसी प्रकार वर्ष 2017 में टॉयलेट- एक प्रेम कथा, 2015 में बाजीराव मस्तानी, गंगाजल-2, राजनीति, स्त्री, पंगा, मोहनजोदडो और हाल में ही सीहोर में हुई पंचायत वेब सीरीज ने भरपूर नाम कमाया। इन फिल्मों के साथ ही मध्यप्रदेश का सौंदर्य भी लोगों के दिलों में बस गया। कई फिल्में भोपाल, रायसेन, मांडू, ओरछा, खजुराहो, पन्ना, अजयगढ़, ग्वालियर, रीवा, अमरकंटक, पातालकोट, पेंच, बांधवगढ़, कान्हा, जबलपुर, धार, ओंकारेश्वर, उज्जैन, असीरगढ़, बुरहानपुर, देवास, महेश्वर, इंदौर, पचमढ़ी, तवा, भोजपुर, सांची, भीमबेटका और इस्लामनगर (जगदीशपुर) में बनीं। प्रदेश के विभिन्न अंचलों में आये दिन फिल्मों की शूटिंग चलती रहती है।

**फिल्म सुविधा सेल**

राज्य सरकार ने फिल्म उद्योग और फिल्म की शूटिंग को प्रोत्साहित करने के लिए फिल्म सुविधा सेल बना दिया है। यह सेल फिल्म निर्माण कंपनियों, निर्माताओं के साथ समन्वय स्थापित करेगा और उनकी आवश्यकताओं को समझ कर नीति में आवश्यक बदलाव के लिए सुझाव भी देगा। इस सेल के संचालन की जिम्मेदारी म.प्र. टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक, पुरातत्व सलाहकार, उप संचालक वित्त, फिल्म निर्माण में विशेषज्ञ रखने वाले व्यक्ति और संबंधित विभागों के विभाग अध्यक्ष की है। यह सेल फिल्म निर्माण के सभी आवेदनों पर विचार करेगा और आवश्यकतानुसार तत्काल स्वीकृतियां जारी करेगा। यदि किसी निर्माता को फिल्म निर्माण के लिए अनुदान लेना हो तो उसके प्रस्ताव पर भी विचार करेगा।

**सिंगल विंडो सिस्टम**

प्रदेश में शूटिंग करने की इच्छुक फिल्म निर्माताओं के लिए सिंगल विंडो सिस्टम है। इससे अनुमतियां जारी की जाती हैं। राज्य शासन फिल्म पर्यटन निधि के माध्यम से मनोरंजन उद्योग के विकास को सहायता देकर आर्थिक गतिविधियों को विस्तार दे रही है। फिल्म संबंधी हितधारकों के लिए ज्यादा से ज्यादा अवसर पैदा करने की दृष्टि से प्रयास किये जा रहे हैं।

## राजकाज



### कॉलेजियम को लेकर सुप्रीम कोर्ट और सरकार आमने-सामने

कॉलेजियम व्यवस्था को लेकर सुप्रीम कोर्ट के ऊपर लगातार आरोप लगाए जा रहे हैं। कॉलेजियम के जरिए अंकल जज और जजों के परिवार के लोगों को हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जज बनाया जाता है। इसके आरोप कॉलेजियम पर समय-समय पर लगाते रहे हैं। जब सरकार जजों की नियुक्ति करेगी, तो क्या होगा। यह समझ पाना ज्यादा मुश्किल नहीं है। अभी कॉलेजियम के होते हुए सरकार जजों की नियुक्ति और ट्रांसफर पोस्टिंग में मनमानी कर रही है। यदि सरकार के हाथ में नियुक्ति और ट्रांसफर पोस्टिंग के अधिकार स्वविवेक से आ जाएंगे। तब न्यायपालिका की स्थिति क्या होगी। इसे आसानी से समझा जा सकता है। यह कहा जा रहा है, जो हालात अभी कार्यपालिका की है। वही न्यायपालिका की हो जाएगी। सरकार के ऊपर अभी न्याय पालिका का जो अंकुश है, वह खत्म हो जाएगा। हाल ही मे चुनाव आयोग में जिस तरह की नियुक्तियां हुई हैं। उसके बाद चुनाव आयोग की हैसियत क्या है। इसे आसानी से समझा जा सकता है। अब सरकार इस मामले में आर पार की लड़ाई में आ गई है। इसके लिए बड़ी तेजी के साथ माहौल बनाया जा रहा है। सुधार के नाम पर सरकार न्यायपालिका के पर कतरने की तैयारी कर रही है।

### भाजपा का सदस्यता अभियान चर्चाओं में

भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने का दावा करती है। भारतीय जनता पार्टी में सदस्यता अभियान बड़े पैमाने पर शुरू किया गया है। इस बार सदस्यता अभियान को लेकर नकारात्मक खबरें आ रही हैं। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को बार-बार कहना पड़ रहा है। सदस्यता अभियान को तेज करें। अब पदाधिकारियों ने फर्जी सदस्यता अभियान शुरू कर दिया है। बड़ी संख्या में घर बैठे सदस्य बनाए जा रहे हैं। स्कूलों और कॉलेजों में जाकर बड़े पैमाने पर जबरदस्ती सदस्यता अभियान भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा चलाया जा रहा है। अस्पतालों को भी सदस्यता अभियान मे शामिल किया जा रहा है। सरकारी योजना के लाभार्थी भी जबरिया भाजपा के सदस्य बनाए जा रहे हैं। भाजपा ने 10 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। अभी तक 4 करोड़ सदस्य ही देश भर में बने हैं। उसके बाद सदस्यता अभियान ने दम तोड़ दिया है।

### न्यायिक सक्रियता को लेकर लोगों में आशा की नई किरण

लोकसभा चुनाव नतीजे के बाद लोगों में न्यायिक सक्रियता को लेकर एक आशा बंधी है। चुनाव से पहले सभी मामले टाले जा रहे थे। विपक्षी दलों के नेताओं और राजनीतिक दलों के ऊपर सरकार द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही थी। विपक्षी दलों के राजनेता कई महीनो से जेल में बंद थे। अब जिस तरह से मूलभूत संवैधानिक अधिकार, जमानत अधिकार है, जैसे शब्द न्यायपालिका से सुनाई पड़ने लगे हैं। जजों की नियुक्ति को लेकर कॉलेजियम का रुख, सीबीआई पर की गई टिप्पणी, हाल ही में सीबीआई की याचिका को खारिज करने, बुलडोजर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जो निर्णय लिया है। उससे आम जनता के बीच में न्यायपालिका के प्रति एक आशा की किरण जागी है।

## फीचर



# योग के फायदे

**शारीरिक स्वास्थ्य : योग लचीलेपन, शक्ति और संतुलन में सुधार करता है ।इसमें विभिन्न पोज़ (आसन) शामिल हैं जो विभिन्न मांसपेशी समूहों पर काम करते हैं, समग्र शारीरिक फिटनेस को बढ़ाते हैं ।**

तनाव में कमीः योग में सांस लेने के व्यायाम और ध्यान शामिल हैं, जो मन को शांत करने और तनाव को कम करने में मदद करते हैं। यह विश्राम को बढ़ावा देता है और समग्र कल्याण में सुधार करता है। मानसिक स्पष्टता और फोकसः योग के नियमित अभ्यास से मानसिक स्पष्टता, एकाग्रता में सुधार और फोकस में वृद्धि हो सकती है। यह आपको दैनिक जीवन में अधिक उपस्थित और सचेत रहने में मदद कर सकता है। बेहतर पोस्चरः योगा पोज़ कोर की मांसपेशियों को मजबूत करके और रीढ़ की हड्डी को संरेखित करके पोस्चर में सुधार करने का काम करता है। यह खराब मुद्रा के कारण होने वाले पीठ और गर्दन के दर्द के जोखिम को कम कर सकता है। ऊर्जा के स्तर में वृद्धिः योग अभ्यास रक्त परिसंचरण में सुधार और तंत्रिका तंत्र को उत्तेजित करके ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है। यह थकान को कम करता है और जीवन शक्ति को बढ़ावा देता है।

बेहतर नींदः योग नींद की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद कर सकता है। योग की विश्राम तकनीक और तनाव कम करने के लाभ अनिद्रा से निपटने और आरामदायक नींद को बढ़ावा देने में सहायता कर सकते हैं।


वजन प्रबंधनः नियमित योगाभ्यास वजन प्रबंधन में योगदान कर सकता है। यह मांसपेशियों को टोन करने, चयापचय को बढ़ावा देने और पाचन में सुधार करने में मदद करता है, जो स्वस्थ वजन घटाने या रखरखाव का समर्थन कर सकता है।

लचीलेपन में वृद्धिः योग में मांसपेशियों, टेंडन और लिगामेंट्स को खींचना और लंबा करना शामिल है, जो समय के साथ धीरे-धीरे लचीलेपन में सुधार करता है।

## प्रेरणा

# बल और बुद्धि में संतुलन जरुरी

एक बार बल और बुद्धि में विवाद हो गया। बल ने कहा,मैं बड़ा हूं। मेरे बिना कुछ भी नहीं होता। बुद्धि ने कहा,तुम किसी काम के नहीं हो। मैं बड़ी हूं। मेरे बिना तुम्हारी उपयोगिता ही क्या है दोनों इस विषय पर उलझ गए। विवाद का निपटारा करने के लिए वे विवेक के पास पहुंचे। दोनों ने अपनी-अपनी श्रेष्ठता बताते हुए न्याय करने की प्रार्थना की। विवेक ने कहा,मेरे साथ चलो। मैं न्याय करूंगा। उसने अपने हाथ में एक हथौड़ा और लोहे की एक कील ली। वह कील मुड़ी हुई थी। विवेक उन दोनों को साथ लेकर चल पड़ा। वे तीनों एक वृद्ध व्यक्ति के पास पहुंचे। विवेक बोला,आप समझदार हैं, बुद्धिमान और अनुभवी हैं। हमारा एक छोटा-सा काम कर दें। यह लोहे की कील टेढ़ी हो गई। आप इसे सीधी कर दें। वृद्ध ने कहा-हां कर दूंगा। विवेक ने वृद्ध के हाथ में हथौड़ा थमा दिया। वृद्ध व्यक्ति ने हथौड़ा चलाना चाहा किंतु वह उसे चला नहीं सका। उसके हाथ इस कार्य को करने में असमर्थ थे। उसने हथौड़ा लौटाते हुए कहा,भाई, यह कार्य संभव नहीं है। विवेक ने बुद्धि से कहा,देखो, बुद्धिमान होते हुए भी यह वृद्ध इस छोटे से कार्य को नहीं कर सका।



बुद्धि, बल और विवेक तीनों आगे बढ़े। विवेक ने देखा एक हट्टा-कट्टा जवान खेत में काम कर रहा है। वह शक्तिशाली था किंतु बुद्धिमान नहीं था। तीनों उस जवान के पास पहुंचे। विवेक ने कहा,भैया, तुम बहुत शक्तिशाली हो। क्या तुम हमारा एक काम कर दोगे यह लोहे की कील टेढ़ी हो गई है। इसे सीधा करना है। तुम इस हथौड़े से इसे सीधा बना दो।

## अपनी बात



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उनकी पीढ़ियां भी जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को वापस नहीं ला सकती हैं।उन्होंने कहा कि आज, मैं कहना चाहता हूं कि अब्दुल्ला और राहुल गांधी की सात पीढ़ियां भी धारा 370 वापस नहीं ला सकतीं।भाजपा की ताकतवर सरकार वहां है।केंद्रीय मंत्री चौहान ने केंद्र शासित प्रदेश में कांग्रेस-एनसी गठबंधन पर रोजगार, भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया।



अरविंद केजरीवाल लगातार भाजपा पर हमलावर हैं।इसी कड़ी में गुरुवार को उन्होंने भाजपा को लेकर बड़ा दावा किया।केजरीवाल ने कहा कि मैं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में से एक से मिला...मैंने पूछा, मेरी गिरफ्तारी से क्या मिला? उन्होंने जो कहा मैं वह सुनकर स्तब्ध रह गया।केजरीवाल के मुताबिक भाजपा नेता ने कहा कि दिल्ली सरकार पटरी से उतर गई है, दिल्ली ठप हो गई है।

ब्रीफ न्यूज

### काम से हटवाने के शक में भाईयों से मारपीट

**गुना।** शहर के बीजी रोड पर काम से घर लौट रहे दो भाईयों के साथ पुरानी रंजिश पर दो युवकों ने गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी दानिश खान पुत्र जहीर खान निवासी हड्डी मील ने अपने छोटे भाई जाहिद खान के साथ पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि वह और उसका भाई भारत गैरिज कुशमौदा पर डेटिंग पैटिंग का काम करते हैं। गत रात वह रोज की तरह पने घर जा रहे थे। जैसे ही वह बजरंगढ बायपास पर राम हाईटेक हास्पिटल के सामने पहुंचे, तभी समीर खान अपने साथी अमन जाटव के साथ मिला और उससे बोला कि तूने मुझे सेठ से कहकर दुकान से हटवा दिया। जिस पर उसने बोला कि मैं कौन होता हूँ तुझे हटवाने वाला। इसी बात पर से समीर व अमन जाटव ने गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। जिसमें वह घायल हो गया। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

### 3 अक्टूबर तक करा सकते है आपत्ति दर्ज

**गुना।** सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने बताया कि जिले के समस्त मछुआ सहकारी समितियों को सूचित किया जाता है कि मछली पालन से सबंधित सभी मछुआ सहकारी समितियों की जॉच 20 अगस्त से 21 सितंबर तक की जा चुकी हैं। जिन समिति सदस्यों को जॉच के संबंध में कोई अभ्यावेदन देना हो तो 26 सितंबर से 3 अक्टूबर तक (अवकाश दिवसों को छोडकर) दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अपनी आपत्ति दर्ज कराकर निराकरण करा सकते हैं।

### पौधारोपण और मरीजों को फल वितरित कर मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

**गुना।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर स्टेट फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा पौधारोपण कर मनाया गया। साथ ही जिला चिकित्सालय के मरीजों को फल वितरित किए गए। इस अवसर पर सभी फार्मासिस्टों ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए निरंतर मरीजों की सेवा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन के अंकुर जैन, चेतन शर्मा, निदेश बाथम, मनीष पंत, सुधीर सिंह पाल ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य विभाग का महत्वपूर्ण अंग है।

### आधार पंजीयन केंद्र प्रारंभ करने के लिए आवेदन 30 सितम्बर तक

**गुना।** प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत आधार संबंधी लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्राइवेट आधार सुपरवाइजर्स ऑपरेटर्स की आधार किट को चालू किया जाना है। जिसके लिये ऐसे पात्र उम्मीदवार जिनके पास स्वयं की आधार एलरोलमेंट किट उपलब्ध हो, ऐसे आवेदकों से आवेदन निम्नलिखित शर्तों के अधीन आमंत्रित किया जाना प्रस्तावित हैं। आवेदक गुना जिले का स्थानीय निवासी हो एवं जिसकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो। वह 27 सितंबर से 30 सितंबर को सांय- 6 बजे तक आवेदन जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी, नवीन कलेक्ट्रेट कार्यालय भवन, गुना के कक्ष क्रमांक 201 में हार्ड कॉपी में अनिवार्य रूप से जमा करें।

# भाजपा के सदस्यता अभियान में जिले में बने 2 लाख 9 हजार भाजपा सदस्य

सत्ता सुधार ■ गुना

भाजपा द्वारा चलाएं जा रहे सदस्यता अभियान 2024 के प्रथम चरण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर महासदस्यता अभियान चलाकर कार्यकर्ताओं ने हर बूथ पर 100 सदस्य बनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसी का परिणाम रहा कि जिले में 2 लाख सदस्य बनाकर यह आंकड़ा पार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 2 लाख 9 हजार 66 भाजपा के नवीन सदस्य बनाकर गुना प्रदेश के टॉप टेन में शामिल रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 सितंबर को सदस्यता अभियान 2024 का पहला सदस्य बनकर इस अभियान का शुभारंभ किया था। जिसके अंतर्गत गुना जिले में भी जिलाध्यक्ष श्री सिकरवार के नेतृत्व में वृहद स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसका नतीजा



### चंद्रभान बारेला के घर खाया खाना

इधर जिलाध्यक्ष श्री सिकरवार ने बमोरी विधानसभा के सिरसी मंडल प्रवास के दौरान खेरीखता बूथ क्रमांक 154 पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसी के साथ ही दिन भर के प्रवास के दौरान जन जाति समाज के बीच पहुंच सदस्यता अभियान चलाकर बड़ी संख्या में समाज जनों को भाजपा का सदस्य बनाया। तत्पचात युवा मोर्चा के कार्यकर्ता चंद्रभान बारेला के घर पर मोटे अनाज से बने स्वादिष्ट भोजन किए। आदिवासी समुदाय का पारंपरिक भोजन उनकी माताजी पूर्व जिला पंचायत सदस्य कस्तूरी बाई बारेला ने अपने हाथों से बनाकर खिलाया। उन्होंने मोटे अनाज का महत्व भी बताया। इस अवसर पर भाजपामंडल अध्यक्ष मोहन बारेला, मंडल मंत्री देवेंद्र बारेला, आईटी संयोजक मोहित नामदेव सहित बारेला समाज बंधु मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

यह रहा की गुना विधानसभा में 73 हजार 468 सदस्य बने। बमोरी विधानसभा में 47 हजार 452, चांचौड़ा विधानसभा में 45 हजार 155 तो वही राघधौगढ़ विधानसभा में भी 42 हजार 991 नवीन सदस्य बनाएं जा चुके हैं। इस उपलब्धि पर जिलाध्यक्ष श्री सिकरवार ने कहा की गुना जिले के एक एक कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं परिश्रम के कारण ही जिले ने 2 लाख का आंकड़ा छू लिया है। इसके लिए में भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नेतृत्व को बधाई शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि जल्द ही हम 2 लाख 73 हजार के आंकड़े को पार करेंगे।

### राघौगढ़-रुठियाई में वारदातों को अंजाम दे रहे हैं बाहरी लोग

# विधायक ने नागरिकों के साथ रैली निकालकर एसडीओपी-तहसीलदार को दिया ज्ञापन

### जयवर्धन ने मुख्यमंत्री पर साधा निशाना, कहा-सीएम से कानून व्यवस्था नहीं संभल रही तो किसी और को दे दें गृह मंत्रालय

सत्ता सुधार ■ गुना

राघौगढ़ के बाद रुठियाई और धरनावदा थाना क्षेत्र में पिछले 15 दिनों से हो रही चोरी, लूट आदि आपराधिक घटनाओं के विरोध में गुरुवार को आम नागरिकों के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने आक्रोशित जनता के साथ बड़ी रैली के साथ पहुंचकर एसडीओपी व तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे विधायक जयवर्धन सिंह ने दावा किया कि क्षेत्र में बाहरी लोग सक्रिय हो गए हैं, जो लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह यादव पर कानून व्यवस्था न संभाल पाने का आरोप लगाया और गृह मंत्रालय छोड़ने की सलाह दे डाली। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर रुठियाई में किए गए प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोग बस स्टैंड पर एकत्रित हुए। इसके बाद नारेबाजी करते हुए विशाल रैली विश्राम गृह पहुंची। इस दौरान विधायक जयवर्धन सिंह ने बताया कि रुठियाई, धरनावदा क्षेत्र में बदमाशों की दहशत के चलते लोग भय के माहौल में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। चोरी की बढ़ती घटनाएं पुलिस की लचर कार्यप्रणाली का नतीजा है। विधायक ने बताया कि एक महीने से राघौगढ़, रुठियाई नगर के लोग अपने जान माल की सुरक्षा के लिए गश्ती दल बनाकर रातभर गश्त कर रहे हैं। घटनाओं के विरोध में 27 अगस्त को भी राघौगढ़ में प्रदर्शन किया गया था। लेकिन कुछ ही दिनों बाद राघौगढ़ में एक कुख्यात अपराधी द्वारा बकरी चोरी कर केवट समाज के दो गरीब पिता-पुत्र की हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड के बाद भी राघौगढ़, धरनावदा, विजयपुर थाना अंतर्गत नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों की कानून व्यवस्था में सुधार नहीं आया है। जयवर्धन सिंह ने काशीनगर स्थित सिविल जज के पैतृक निवास को चोरों द्वारा निशाना बनाए जाने पर चिंता जाहिर की।



### नशे की वजह से हो रही वारदातें

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि राघौगढ़ के साथ-साथ रुठियाई नगर में भी स्मैक सहित सफेद नशे का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। जुआ, सट्टा जैसी अवैध, आपराधिक गतिविधियां रुठियाई नगर में खुलेआम चल रही हैं। जिससे युवा पीढ़ी सहित सैकड़ों परिवार का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। इसीलिए गम्भीर वारदातें भी सामने आ रही हैं।

### तीन थानों की संयुक्त टीम बनाने की मांग

विधायक के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में मांग की गई है कि राघौगढ़, विजयपुर और धरनावदा पुलिस थानों की संयुक्त टीम बनाकर क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोह को जल्द से जल्द पकड़ा जाए। साथ ही अपराधियों को संरक्षण देने वालों को भी गिरफ्तार किया जाए। रुठियाई और आसपास के क्षेत्र में रोजगार के लिए आकर बसे लोगों की जांच की जाए। जिन लोगों ने अवैध कब्जे कर लिए हैं उन्हें भी हटाने की मांग की गई है। कानून व्यवस्था में जल्द से जल्द सुधार नहीं होने की स्थिति में एसपी ऑफिस का घेराव करने की चेतावनी दी गई है।

# देश की लोकतांत्रिक शक्ति के प्रतीक हैं बाबा साहब अंबेडकर



### जयवर्धन सिंह ने रुठियाई में किया संविधान निर्माता की प्रतिमा का अनावरण

सत्ता सुधार ■ गुना

विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान लिखने वाले डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर देश की लोकतांत्रिक शक्ति के प्रतीक हैं। यह बात राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने गुरुवार को रुठियाई में स्थापित की गई डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बाबा साहब की वजह से ही वंचित वर्ग के लोगों को समाज में सम्मान प्राप्त हुआ। उनके अधिकारों की रक्षा संविधान के माध्यम से की गई है। प्रसन्नता का विषय है कि संविधान निर्माता डॉक्टर बाबासाहेब की प्रतिमा राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के रुठियाई में स्थापित की गई है। हम सभी को उनके मूल्यों और आदर्श का अनुसरण करना होगा। प्रतिमा अनावरण समारोह में जयवर्धन सिंह ने राघोगढ़ और रुठियाई क्षेत्र में निरंतर हो रहे विकास का उल्लेख करते हुए बताया कि एनएफएल और गेल की वजह से रुठियाई की अलग पहचान बनी है। इस क्षेत्र में अभी भी विकास की निरंतर आवश्यकता है जिस के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। जल्द से जल्द रुठियाई नगर के उन इलाकों में भी मूलभूत सुविधाओं का पूरा इंतजाम किया जाएगा जहां अभी कुछ कमियां देखी जा रही हैं। इस मौके पर रुठियाई सहित आसपास के कई ग्रामीण क्षेत्र से नागरिक मौजूद रहे।

# हरिपुर में मनी पंडित दीनदयाल की जयंती, दिलाई भाजपा की सदस्यता



सत्ता सुधार ■ गुना

उच्च विचारक अंतिम छोर के व्यक्ति को समृद्ध बनाने की विचारधारा रखने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती हरिपुर पंचायत में मनाई गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, झागर मंडल अध्यक्ष दीपक मीणा के निर्देश पर जयंती मनाई गई। इसमें योगेंद्र कुमार लुंबा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, पूर्व सरपंच पूरन सिंह लोधा, जनपद सदस्य भाई प्रशांत लोधा ने अपने विचार रखें। इस अवसर पर श्री लुम्बा ने पंडित जी के विचारों को रखते हुए महान विचारक के सिद्धांतों पर चलने की अपील की। वहीं भाजपा की संस्था युवाओं को दिलवाई। भाजपा की पट्टी डालकर सदस्यों का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल उपाध्यक्ष बाबूलाल हरिपुर ने किया। इस दौरान सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे। अंत में बबलू यादव खासखेड़ा में आभार व्यक्त किया। जबकि परमाल लोधा ने सभी को सदस्यता दिलाने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि हमारे सभी कार्यकर्ता सदस्य बनने में लगे हुए हैं। हमारे मंडल को अग्रिम पंक्ति में लाने का प्रयास सभी कार्यकर्ताओं का है सभी कार्यकर्ताओं में मंडल अध्यक्ष द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि क्षितिज लुम्बा भी मौजूद थे।

### झांकी का चंदा एकत्रित करने के दौरान भिड़े युवक, चंदे के 11 हजार रुपए गिरे

**गुना।** शहर के कैंट थानांतर्गत शिव मंदिर कैंट रोड पर झांकी का चंदा एकत्रित कर रहे युवकों का विवाद पुरानी रंजिश पर अन्य युवकों के साथ हो गया। जिसमें एक युवक की जेब में रखे झांकी के चंदे के 11 हजार रुपए गिर गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रितिक रघुवंशी पुत्र श्रीरामकृष्ण रघुवंशी हाल निवासी गोकुल धाम कालोनी कालापाठा ने अपने दोस्त शुभम रघुवंशी, रोहित रघुवंशी के साथ पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम वह अपनी टीम के साथ झाँकी का चंदा इक्कठा करके दर्शन करने शिव मंदिर पहुँचा था। तभी वहाँ पर उसे विशाल रघुवंशी मिला और पुरानी रंजिश पर से गाली गलौंच कर मारपीट करने लगा। झगड़े में उसकी शर्ट में रखे 11 हजार रुपए कहीं गिर गए। फिलहाल युवक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज किया है।

# डुंगासरा डकैती मामले में पुलिस द्वारा खुलासा करने पर फरियादी ने डीआईजी और एसपी का किया सम्मान

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के म्याना थानांतर्गत डुंगासरा डकैती के मामले में पुलिस द्वारा खुलाशा करने पर फरियादी महेश शर्मा द्वारा अपने मित्रजनों सहित डीआईजी एवं एसपी का सम्मान किया गया। दरअसल 27-28 अगस्त 2024 की मध्य रात में जिले के म्याना थाना क्षेत्र के ग्राम डुंगासरा निवासी महेश शर्मा के ग्राम डुंगासरा स्थित घर पर कुछ अज्ञात बदमाशों द्वारा डकैती की बारदात की गई थी । डकैती के इस सनसनखेजी घटनाक्रम के अज्ञात आरोपियों की पतारसी हेतु गुना पुलिस द्वारा निरंतर प्रयास किये गये और जिसके परिणाम स्वरुप गुना पुलिस द्वारा मात्र 20 दिनों में ही डकैती की उक्त बारदात का खुलाशा कर प्रकरण में दो आरोपी गिरफ्तार किए। करीबन 05 लाख रूपये कीमत के सोने-चांदी के जेबर आरोपी से बरामद कर करीबन 10 लाख रूपये के जेबर ग्वालियर के जनकगंज थाने में जप्त हुए। इस प्रकार डुंगासरा डकैती में लूटा गया संपूर्ण माल पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया । गुना पुलिस की इस कार्यवाही से फरियादी महेश शर्मा सहित उनके परिजनों, ग्रामीणों, स्वजनों, मित्रजनों आदि में हर्ष का माहौल है एवं गुना पुलिस की इस कार्यवाही की हर ओर प्रशंसा की जा रही है । गुना पुलिस की इस कार्यवाही के लिए प्रकरण के फरियादी महेश शर्मा निवासी ग्राम डुंगासरा द्वारा अपने मित्रजनों सहित गुरुवार को गुना पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आज गुना प्रवास पर पहुंचे ग्वालियर रेंज पुलिस उप महानिरीक्षक अमित सांघी एवं गुना पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा सहित एएसपी मानसिंह ठाकुर व अन्य पुलिस अधिकारियों का शॉल, पुष्पगुच्छ व पुष्पहारों से स्वागत कर बधाईयां दी गई। साथ ही जिले में आगे भी अपराधियों पर इसी प्रकार कार्यवाही रहने हेतु शुभकामनाएं दीं । इस अवसर पर महेश शर्मा, अमर सिंह यादव, शुभम शर्मा, गोपेश्वर शर्मा, रामबाबू रघुवंशी, होकम सिंह रघुवंशी, राजकुमार रघुवंशी, अशोक शिवहरे आदि मौजूद रहे ।



### कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कार्यों की ली मासिक बैठक

# जिले के सभी डिलीवरी पाइंट को बनाये सर्व सुविधायुक्त और समुचित रूप से रखे साफ-सुथरा : कलेक्टर

सत्ता सुधार ■ गुना

कलेक्टर द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रतिमाह होने वाली विभागीय कार्यों की मासिक बैठक ली गयी बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रथम कौशिक, सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋश्विर एवं विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे । बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग से संबंधित इंडिकेटर्स, संजीवनी क्लीनिक, डिलीवरी पाइंट, न्यूट्रीशियन रिहाबिलिटेशन सेंटर, मेटरनल मोरटीलिटी रेट, क्रयूड डेट रेट, सेक्स रेशो आदि पर बिन्दुवार चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा सीएमएचओ एवं बीएमओ को निर्देशित किया गया कि जिले के सभी डिलीवरी पाइंट को बनाये सर्व सुविधायुक्त और समुचित रूप से साफ-सुथरा रखे। सभी डिलीवरी केन्द्रों पर लोगों को बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, साफ बैड, चादर गद्दे, की व्यवस्था रखे, अस्पताल परिसर के अंदर अच्छे फोटोग्राफ्स लगाये इसी प्रकार मरीज व उनके परिजनों को पीने के लिये साफ पानी की व्यवस्था और गर्म पानी की केतली की व्यवस्था कराई जावे। इसी प्रकार हर डिलीवरी केन्द्र पर कम से कम 2 बेड की उपलब्धता रिजर्व रखी जावे मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक की समीक्षा के दौरान मक्सूदनगढ एवं बीनागंज में भवन के परिसर के आगे जीरा गिट्टी डलवाकर साफ-सफाई रखी जावें। साथ ही रेडक्रास में उपलब्ध पैसे का उपयोग लोगों की सुविधा के लिये होना चाहिए।



### सभी बीएमओ ब्लॉक स्तर पर रक्तदान, दाताओं की कराये सूची तैयार

कलेक्टर द्वारा सभी बीएमओं को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने ब्लॉक में लगभग 200 रक्तदाताओं की सूची तैयार कराई जावे आपात स्थिति में गंभीर मरीज एवं गर्भवती महिलाओं को रक्त की आवश्यकता होने पर आसानी से उपलब्ध हो सके। स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग महिलाओं हीमोग्लोबिन बढाने के लिये जागरूक करे और उन्हें आवश्यक पोषण आहार के लिये प्रेरित करे। इसी प्रकार जिले में मातृ मृत्यु दर को कम किया जावे और गर्भवती महिलाओं का समय पर चैकअप हो, उन्हें एनिमिया से बाहर निकालने के लिये सतत कार्य करने की आवश्यकता है उनकी निगरानी व्यवस्था को दुरूस्त किया जावे, आवश्यकता पड़ने पर समय पर डॉक्टर उपलब्ध कराये एवं 108 वाहन समय पर उपलब्ध कराया जाना सुनश्चित करें ।

### जिले में डेंगू के मरीजों से वार्ड में जाकर घर-घर करे संपर्क

बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों निर्देशित किया गया कि जिले में डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के लिये लोगों को प्रचार रथ के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर जागरूक किया जावे एवं डेंगू मरीजो से वार्ड में जाकर घर-घर संपर्क करे और उनका उपचार सुनिश्चित करे । इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग से मिलकर फैमिली प्लानिंग के लिये जागरूक करे और फैमली वेल फेयर कार्यक्रम का आयोजन किया जाये ।

# किसी सुपरफूड से कम नहीं है काला चावल, बीपी-शुगर में रामबाण

**आपने आज तक सफेद या ब्राउन चावल के बारे में सुना होगा। लेकिन क्या आपने काले चावल के लाभ के बारे में सुना है। अगर नहीं तो चलिए आज हम आपको बताते हैं काले चावल के बेमिसाल फायदे।**

हमारे देश में चावल का सेवन सदियों से किया जा रहा है। बिरयानी से लेकर डोसा और इडली तक चावलों से ना जाने कितने ही व्यंजनों को तैयार किया जाता है। आज से कुछ समय पहले तक ज्यादातर लोगों को केवल सफेद चावल के बारे में ही जानकारी थी। लेकिन अब लोग चावल की अलग-अलग किस्मों को ना केवल जान रहे हैं बल्कि इनका सेवन भी कर रहे हैं। ऐसे में आप काले चावल को ही ले लीजिए। दरअसल काले चावल ओरीजा सैटिवा प्रजाति से आते हैं। प्राचीन काल में चीन के अंदर इन काले चावल के पोषक तत्वों को देखते हुए इसे रॉयल्टी में शामिल किया गया था। आपको बता दें कि काले चावल के अंदर कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट गुण और अन्य पोषक तत्व होते हैं जो आपको जिंदगी भर सेहतमंद रख सकते हैं। आज इन काले चावलों के जरिए विश्व भर में तरह-तरह की खाद्य सामग्री तैयार की जाती है। जिनका लुत्फ आप भी उठा सकते हैं। लेकिन इससे पहले जरा काले चावल के फायदे जानिए।



### आयरन और प्रोटीन का खजाना

अगर आप अपनी रोजाना की डाइट में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाना चाहते हैं, तो आप काले चावल का सेवन कर सकते हैं। आपको बता दें कि 10 ग्राम ब्लैक राइस में लगभग 9 ग्राम प्रोटीन होती है, जो ब्राउन राइस के मुकाबले कहीं अधिक है। यही नहीं इसमें आयरन भी मौजूद होता है जो शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने के लिए बेहद जरूरी है। इसके अलावा इसमें कुछ अन्य पोषक तत्व हैं जो कुछ इस प्रकार हैं।

**45 ग्राम चावल में पोषक तत्व की मात्रा**

कैलोरी - 160
फैट - 1.5 ग्राम
प्रोटीन - 4 ग्राम
कार्ब्स - 34 ग्राम
फाइबर - रोजाना की जरूरत का 6 प्रतिशत

### इसके 23 एंटीऑक्सीडेंट हृदय रोग और अल्जाइमर से बचाते हैं

आज तक आपने ऐसी बहुत सी खाद्य सामग्रियों का सेवन किया होगा जिनमें एक, दो या पांच एंटीऑक्सीडेंट होंगे। लेकिन ब्लैक राइस में एक या दो नहीं बल्कि पूरे 23 एंटी ऑक्सीडेंट तत्व पाए जाते हैं। यह एंटीऑक्सीडेंट गुण आपको ऑक्सीडेटिव तनाव से राहत दिलाते हैं। ज्ञात हो कि ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस की वजह से कैंसर, हृदय रोग और अल्जाइमर जैसी समस्या पैदा होती है। आप इन सभी समस्याओं से ब्लैक राइस की वजह से बचे रह सकते हैं। यही नहीं इसके अंदर कई तरह के फ्लेवोनोइड्स और कैरोटीनॉयड होते हैं। यह भी आपको सेहतमंद बनाए रखने में मदद करते हैं। इस लिहाज से आप ब्लैक राइस को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

### हृदय के लिए फायदेमंद

अब तक ब्लैक राइस को लेकर कई शोध हो चुके हैं जो हृदय रोगों से बचाने के दावे कर रहे हैं। हालांकि यह अध्ययन अभी उतने अधिक नहीं हुए हैं। आपको बता दें कि ब्लैक राइस को लेकर जानवरों और इंसानों पर कई शोध हुए हैं जिनमें एंथोसायनिन की भूमिका को जांचा गया है। इसके सेवन से कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड के स्तर में सुधार देखा गया है। अध्ययनों को देखकर लगता है कि यह हृदय के लिए फायदेमंद है। लेकिन अभी इस पर कुछ और अध्ययनों की आवश्यकता भी है।

### कैंसर से बचाए

ब्लैक राइस को लेकर हुए कई अध्ययनों में ऐसा पाया गया है कि जो लोग अधिक मात्रा में एंथोसायनिन का सेवन करते हैं उन्हें कोलोरेक्टल कैंसर होने का खतरा कम होता है। इसके अलावा हुए टेस्ट ट्यूब अध्ययन में पाया गया कि काले चावल में मौजूद एंथोसायनिन ने महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की कोशिका को कम कर दिया। साथ कैंसर के फैलने की गति को भी धीमा कर दिया। इन अध्ययनों में भले ही अब तक अच्छे प्रमाण हासिल हुए हों। लेकिन अभी इस पर अन्य अध्ययन की आवश्यकता है।

### आंखों के लिए फायदेमंद

ब्लैक चावल के अंदर जेक्सैन्थिन और ल्यूटिन मौजूद होता है जो दो प्रकार की कैरोटीनॉयड यह आंखों को स्वस्थ रखने में कारगर सिद्ध हो सकते हैं। आपको बता दें कि यह यौगिक आपकी आंखों को नुकसान पहुंचाने वाले हानिकारक मुक्त कणों से राहत दिला सकते हैं। साथ ही ब्लैक राइस के अंदर मौजूद इन गुणों पर जब अध्ययन किए गए तो इसमें पाया गया कि यह मोतियाबिंद जैसी समस्या से भी राहत दिला सकते हैं जो एक उम्र के बाद लोगों को होने लगती है। हालांकि इस पर अभी अध्ययन केवल चूहों पर ही किया गया है इंसानों पर नहीं।

### वजन घटाने में असरदार

अगर आप वजन घटाना चाहते है तो आप ब्लैक राइस का सेवन कर सकते हैं। आपको बता दें कि ब्लैक राइस के अंदर मौजूद प्रोटीन और फाइबर आपका पेट भी लंबे समय तक भरा रख सकते हैं और आपका वजन घटाने में कारगर सिद्ध हो सकते हैं। इसके अलावा एंथोसायनिन को भी वजन घटाने में कई अध्ययनों में कारगर माना गया है। हालांकि यह रिसर्च अभी तक इंसानों पर नहीं हुई हैं। इसलिए इस पर अभी और अध्ययन बाकी हैं।

### ग्लूटेन फ्री है ब्लैक राइस

आप शायद जानते ही होंगे कि ग्लूटेन फ्री एक तरह का प्रोटीन होता है जो कई तरह के अनाज में पाया जाता है जैसे गेहूं, जौ और राई आदि। ऐसे लोग सीलिएक रोग से पीड़ित लोगों को इस प्रोटीन से बचना होता है क्योंकि यह उनकी आंत को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में अगर आप सीलिएक रोग से पीड़ित हैं तो आप ब्लैक राइस का लुत्फ ले सकते हैं, क्योंकि यह आपकी स्थिति को बिगाड़ेगा नहीं।



# इन कामों को करने वाले सबसे ज्यादा झेलते हैं साइटिका का दर्द

***क्या*** आपको अक्सर कमर से लेकर पैरों तक तेज दर्द या जलन महसूस होती है, तो यह साइटिका या साइटिका की समस्या हो सकती है। आइए जानते हैं साइटिका के होने की वजह और इसके उपाय एवं इलाज के बारे में।

मानव शरीर के अंदर करीब 206 हड्डियां होती हैं। इनमें से अगर किसी में भी जरा दिक्कत शुरू हो जाए तो उसका असर पूरे शरीर पर पड़ता है। साथ ही आप एक भंयकर और जानलेवा दर्द से गुजरने लगते हैं। ऐसा ही कुछ होता है साइटिक नर्व में। इस स्थिति से जूझने वाले व्यक्ति को कमर से लेकर कूल्हों और पैरों तक बहुत तेज दर्द, जलन, और सुन्न होने की समस्या होने लगती है। इस स्थिति में दरअसल साइटिका के जरिए ही आप अपने पैरों को नियंत्रित कर पाते हैं और पैरों को महसूस इसकी वजह से होता है। साइटिका के उपचार या उपाय का तरीका जानने से पहले जरूरी है कि आप इस दर्द को सही प्रकार समझ लें। ऐसे में साइटिका दर्द की समस्या के कारण और उपचार के तरीकों और जटिलताओं के बारे में बता रहे हैं पेन स्पेशलिस्ट।

## क्या है साइटिका का दर्द

साइटिका नर्व आपकी रीढ़ की हड्डी से शुरू होकर आपके कूल्हों से लेकर आपके पैरों तक जाती है। यह मानव शरीर की सबसे महत्वपूर्ण तंत्रिकाओं में से एक है। आमतौर पर यह दर्द लोगों को 30 साल के बाद ही होता है। यूं तो साइटिका पेन एक अस्थाई दर्द ही है जो खुद भी ठीक हो जाता है और इसके लिए दवा और कुछ उपायों की आवश्यकता भी हो सकती है। साइटिका नर्व में हुई समस्या से जूझ रहे मरीजों को कमर दर्द, पैरों में सुन्नपन आ जाना या दर्द अनुभव होता है। साइटिका को कटिस्नायुशूल के नाम से भी जाना जाता है। आइए जानते हैं इस दर्द की वजह या कारणों के बारे में।

## किस वजह से होता है साइटिका

साइटिका की समस्या के पैदा होने की यूं तो कई वजह होती हैं। लेकिन डॉक्टर अमोद बताते हैं कि इस दर्द की मुख्य वजह स्लिप डिस्क होती है। आपको बता दें कि हमारी रीढ़ की हड्डी में बहुत सी हड्डियां होती हैं और इसके आगे एक डिस्क होती है, जिसे आप किसी कुशन की तरह समझ सकते हैं। इसकी वजह से हम आसानी से कमर को मोड़ सकते हैं।

लेकिन जब यह डिस्क अपनी जगह से हिल जाती हैं तो इसके पीछे निकलने वाली नसों पर दबाव पड़ने लगता है। अब यह नस जहां तक जाती हैं वहां तक साइटिका का दर्द हो सकता है। लेकिन ऐसा नहीं है कि साइटिका के दर्द का केवल यही कारण है। इसकी कई वजह हो सकती हैं जो कुछ इस प्रकार हैं।

- धूम्रपान-खराब लाइफस्टाइल बनते हैं साइटिका का कारण
- अगर हड्डियों की एलाइनमेंट खराब हो तो भी साइटिका पेन हो सकता है।
- उम्र के साथ बॉडी पॉश्चर में बदलाव आता है जिसकी वजह से भी यह समस्या हो सकती है।
- अगर कोई व्यक्ति अधिक वजन उठाने के कार्य करता है तो भी यह स्थिति उत्पन्न हो सकती है।
- खराब जीवन शैली भी साइटिका पेन की वजह बन सकता है।
- ऐसे लोग जिनका वजन अधिक है उन्हें भी साइटिका का दर्द हो सकता है।
- अधिक धूम्रपान करने वाले लोगों को भी साइटिका का दर्द हो सकता है।

## साइटिका का परीक्षण कैसे

आमतौर पर लोगों को लगता है कि साइटिका की स्थिति के बारे में जानने के लिए उन्हें एक्सरे कराना होगा। जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है। एक्सरे दूसरी कई समस्या में काम आ सकता है। लेकिन साइटिका के बारे में सही जानकारी प्राप्त करने के लिए आपको MRI ही करवाना होता है।

## साइटिका से जुड़े भ्रम और सच

साइटिका के दर्द को लेकर राहत की बात यह है कि यह तीन महीने के अंदर-अंदर ठीक भी हो सकती है। हालांकि कुछ लोगों को ऐसा लगता है कि साइटिका की स्थिति में केवल सर्जरी ही एक विकल्प होता है। जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है क्योंकि इस स्थिति में महज 1 प्रतिशत लोगों को ही सर्जरी की जरूरत पड़ती है। बाकि अन्य साधारण उपाय से भी ठीक हो जाते हैं।

## साइटिका का उपचार का तरीका

साइटिका के दर्द से राहत दिलाने और इसे हील करने के लिए डॉक्टर आपको कई तरह की पेन किलर दवाओं का सेवन करने की सलाह दे सकते हैं। इन दवाओं से आपको काफी हद तक आराम मिल सकता है। पेन किलर दवाओं का असर ना होने पर कई मामलों में डॉक्टर साइटिका की समस्या में आपके उसी हिस्से पर इंजेक्शन लगाते हैं जहां दर्द हो। इलाज की इस प्रक्रिया से जल्दी ही दर्द से राहत मिलने लगती है। वहीं अगर इनमें से कोई भी उपाय काम नहीं करता तो डॉक्टर आपको सर्जरी कराने का विकल्प देते हैं।

## कैसे ठीक होता है साइटिका

अगर आपको साइटिका की समस्या है तो डॉक्टर आपको वजन घटाने, धूम्रपान छोड़ने, और एक सही जीवन शैली का पालन करने की सलाह दे सकते हैं। डॉक्टर अमोद कहते हैं कि इस समस्या में सर्जरी का विकल्प सबसे आखिरी होता है। वहीं दवाओं और इंजेक्शन के माध्यम से सर्जरी को टाला जा सकता है। जबकि कई मामलों में यह स्थिति खुद भी ठीक हो जाती है।





# चीनी खाने से कैसे बढ़ता है आपका वजन?

**चीनी का इस्तेमाल हर घर में होता है। चाय, कॉफी और मिठाईयों के अलावा रोजमर्रा की ऐसी कई चीजें हैं, जिनमें शुगर की मात्रा बहुत ज्यादा होती हैं। ऐसे में चीनी का सेवन कम से कम करना चाहिए क्योंकि चीनी का सेवन ज्यादा करने से आपका वजन तेजी से बढ़ता है। आइए, जानते हैं कि चीनी कैसे बढ़ाती है आपका वजन-**

### फ्रक्टोज इंसुलिन प्रतिरोध का कारण बनता है

चीनी का अधिक मात्रा में सेवन करना आपके ब्लड में इन्सुलिन के स्तर को बढ़ा देता है, जो आपके खाद्य पदार्थो से एनर्जी को कम करता है और उसे फैट सेल्स में परिवर्तित करता है और जब शरीर में फैट की मात्रा अधिक हो जाती है, जो आपका शरीर आपके मष्तिष्क को भूख लगने का संकेत पहुंचाता है।

### फ्रक्टोज लेप्टीन नामक हार्मोन के प्रतिरोध का कारण


फ्रक्टोज लेप्टिन नामक हार्मोन के प्रभाव से वजन बढ़ने की समस्या होती है। लेप्टीन वसा कोशिकाओं द्वारा उत्पादित होता है। वसा कोशिका जितनी बड़ी होगी, उतना अधिक लेप्टिन का उत्पादन होगा। इस वजह से शरीर में अधिक वसा जमा हो जाती है और साथ ही वजन भी बढ़ता है।

### फ्रक्टोज ग्लूकोज की तरह काम नहीं करता

ग्लूकोज आपके पेट को लंबे समय तक भरा रखता है, लेकिन फ्रक्टोज के सेवन से ऐसा कुछ महसूस नहीं होता है, बल्कि फ्रक्टोज के सेवन से आपको अधिक भूख महसूस होती है और इस वजह से आप कैलोरी और फैट का सेवन अधिक मात्रा में करते हैं।


### फ्रक्टोज आपकी भूख को बढ़ाता है

फ्रक्टोज आपके हंगर हॉर्मोन को नियंत्रित करने में मदद नहीं करता है और इस वजह से खाने के बाद भी आपको अधिक भूख लगती है।



# सावधानः डेल्टा प्लस के बाद आ रहे नए वेरिएंट लापरवाही पड़ सकती है भारी

कोविड की दूसरी लहर में डेल्टा वेरिएंट ने अपना जबरदस्त कहर बरपाया है लेकिन आने वाले वक्त में कुछ और नए वेरिएंट्स का प्रसार हो सकता है।
कोविड-19 के डेल्टा वेरिएंट के बाद भी म्यूटेशन जारी है और अब बताया जा रहा है कि आने वाले वक्त में नए वेरिएंट पैदा होंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, जब कोई वायरस खुद की नकल करता है या अपने ही फीचर का निर्माण करता है तो कभी-कभी उसमें थोड़ा बदलाव देखने को मिलता है, जो एक वायरस के लिए सामान्य है। इन्हीं परिवर्तनों को म्यूटेशन कहा जाता है। जैसा कि आप सभी जानते ही हैं कि नोवेल कोरोनावायरस की शुरुआत के बाद से इसके कई रूप सामने आ चुके हैं और दुनिया भर में कहर बरपा रहे हैं। डेल्टा वेरिएंट को दूसरी लहर का जिम्मेदार बताया जा रहा है। इसके बाद अब एक नया स्ट्रेन, डेल्टा प्लस में बदल गया है जो बहुत घातक बताया जा रहा है। अब स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने डेल्टा और डेल्टा प्लस वेरिएंट के अलावा कई नए कोविड वेरिएंट को सूचीबद्ध किया है जो धीरे-धीरे आ रहे हैं।



## लैम्ब्डा वेरिएंट

लैम्ब्डा वैरिएंट का पहली बार पेरू में अगस्त 2020 में पता चला था और तब से लगभग 29 देशों में इसकी सूचना दी गई है। विशेषज्ञों का दावा है कि इस प्रकार के स्पाइक प्रोटीन में कई म्टूटेशन देखे गए हैं, जो इसकी ट्रांसमिसिबिलिटी यानी संक्रमकता की दर काफी अधिक बढ़ा देती है। यूनाइटेड किंगडम ने पिछले सप्ताह डेल्टा कोविड-19 संस्करण के 35,204 नए मामले दर्ज किए। वहीं पब्लिक हेल्थ इंग्लैंड (पीएचई) ने इसके अलावा 23 फरवरी से 7 जून तक लैम्ब्डा वेरिएंट के छह मामलों की सूचना दी है।

## कल्पा वेरिएंट

SARs-COV-2 वायरस का कप्पा वेरिएंट पैंगो वंश B.617.1 के तीन उप-वर्गों में से एक है। इसे B.617.1 के नाम से भी जाना जाता है और भारत में पहली बार दिसंबर 2020 में इसका पता चला था। ये म्यूटेशन वायरस के दो वेरिएंट्स E484Q और E484K के जरिए हुआ है, जो कि ब्राजील और दणिक्ष अफ्रिका में तेजी से फैल रहे हैं। इसमें L452R म्यूटेशन भी शामिल है, जो वायरस को हमारे शरीर के इम्यून रिस्पॉन्स से बचने में मदद करता है।

## B.11.318

कथित तौर पर कोविड के कप्पा वेरिएंट की तरह ही B.11.318 वेरिएंट E484K म्यूटेशन में शामिल है। भारत ने इस नए वेरिएंट के दो जीनोम अनुक्रमों की सूचना दी है।

## जरूरी है सावधान रहना



ऐसे समय में जब कोविड के नए इतने सारे नए रूप सामने आ रहे हैं तब हमारी जिम्मेदारी है कि हमें सावधानी बरतनी चाहिए। मामलों की संख्या होते ही सभी सीमओं पर प्रतिबंध हटा दिए हैं और अनलॉक प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है, ऐसे हालातों में हमें अवेयर रहने की ज्यादा जरूरत है। खासकर तब जब आप घर से बाहर निकल रहे हों तब आपको कोविड के सभी प्रोटोकॉल को फॉलो करना चाहिए।



# गठिया का रामबाण इलाज है कच्चे पपीते की चाय

उम्र बढ़ने के साथ-साथ या फिर कैल्शियम की कमी से हड्डियों से जुड़ी समस्याएं होना आम बात है। इन्हीं में से एक समस्या है गठिया की, जिससे कई लोग परेशान होते हैं। इसमें जोड़ों में दर्द, यूरिक एसिड के क्रिकेट का जोड़ों में जमा होना जैसी समस्याएं आती है। इससे बचने के लिए या फिर इलाज के लिए आप काफी कुछ आजमा चुके हैं और फिर भी कोई असर नहीं होता, तो इसका एक बेहतरीन घरेलू उपाय है हमारे पास। ये उपाय है कच्चे पपीते की चाय। जी हां, आपको जानकर हैरानी होगी कि पपीते की चाय का सेवन आपकी गठिया की समस्या समाप्त कर सकती है। मेडिकल साइंस की दुनिया में भी इस चाय का काफी महत्व है। पपीता शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा को घटाता है और इसमें सूजन को दूर करने वाले गुण होते हैं।

विधि - इस चाय को बनाने के लिए आपको चाहिए - पानी, कच्चा हरा पपीता, ग्रीन टी बैग या ग्रीन टी की पत्तियां। अब चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में पानी लेकर उसमें कच्चे पपीते के टुकड़े डाल दें और इसे आंच पर रख दें। जब यह उबलने लगे, तो आंच बंद करके इसे थोड़ा ठंडा होने के लिए रख दें। इस इसे छान लें और इसमें ग्रीन टी डालकर लगभग 3 मिनट के लिए छोड़ दें। अब यह चाय पीने के लिए तैयार है, इसे गर्मागर्म या गुनगुनी ही पिएं।

जानिए पपीते की इस चाय के फायदे -

- गठिया की समस्या में फायदेमंद।
- शारीरिक सूजन कम करने में मददगार।
- ब्लड प्लेटलेट्स की संख्या बढ़ाने में मददगार।
- शरीर के अवांछित तत्वों को बाहर कर आंतरिक सफाई में मददगार।

# फिल्मों में बेहतरीन अभिनय के लिए दुबई में सम्मानित होंगी ज़ारा खान!

फ़िल्म अभिनेत्री सह समाजसेविका ज़ारा खान को आगामी 29 सितम्बर को दुबई में सम्मानित किया जाएगा। ज़ारा खान फ़िल्म जगत में अपनी खूबसूरत अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। मूलतः ग्वालियर मध्य प्रदेश की निवासी ज़रा हिंदी, तमिल ,तेलुगु और मराठी सहित कई भाषाओं में अपनी बेहतरीन अभिनय से लोगों के दिलों में खास जगह बना चुकी हैं। उनकी फिल्मों में वे अपने शसक्त अभिनय के लिए जानी जाती रही हैं। अभिनय के अलावा ज़ारा खान अपने समाजसेवा के लिए भी लोगों के बीच खासी लोकप्रियता हासिल कर चुकी हैं , समय समय पर और अपने जन्मदिन सहित ज़िन्दगी के कुछ खास पलों को ज़ारा खान अनाथ बच्चों, और असहाय लोगों के बीच उनकी जरूरत की चीजों के साथ खुशियां मनाती हैं। वे गरीबों में इसलिए भी लोकप्रिय हैं क्योंकि वे उनके बच्चों को स्कूल भेजने में मंदद करती हैं , उनके बच्चों के लिए स्टेशनरी का मुफ्त वितरण करती हैं। ज़ारा खान के समाज मे इन्हीं योगदानों और समर्पण को देखते हुए उन्हें दुबई में आगामी 29 सितम्बर को सम्मानित किया जाएगा। दरअसल दुबई में आगामी 29 सितम्बर को एक वृहद आयोजन होने जा रहा है जिसमें दुनियाभर के बड़े बड़े इन्वेस्टर और बिज़नेस जगत की जानी मानी हस्तियां शामिल होने जा रही हैं। इस आयोजन को जेनेसिस अल्टीमा दुबई - यूएई और महेज़ फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मिट में दुनियाभर से तमाम सेलिब्रिटी और बिजनेस टायकून हिस्सा लेने आ रहे हैं। यह एक तरह का टूरिज्म कान्क्लेव भी है जिसे दुबई के मशहूर पार्क रेजिस क्रिस किन होटल में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में शामिल होने को लेकर ज़ारा खान खासी उत्साहित हैं और कहती हैं कि अब देश के साथ दुनिया के हर कोने में पहचान मिलना अपनेआप में काफी गौरव की बात है और इस सम्मान से उन्हें काफी फ़ख्र महसूस हो रहा है।



# श्वेता तिवारी के पास रिश्ते के लिए वक्त नहीं था: राजा चौधरी



अभिनेत्री श्वेता तिवारी ने तलाक के बाद राजा चौधरी पर घरेलू हिंसा के गंभीर आरोप लगाए थे, लेकिन अब सालों बाद राजा चौधरी ने इस पर अपनी बात रखी। एक इंटरव्यू में राजा चौधरी ने बताया कि उनकी और श्वेता की मुलाकात एक दोस्त के जरिए हुई थी। दोनों पहले दोस्त बने और फिर उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई। हालांकि, श्वेता के परिवार वाले इस शादी के खिलाफ थे, लेकिन उन्होंने परिवार के विरोध के बावजूद शादी की और फिर उनकी एक बेटी पलक का जन्म हुआ। राजा ने कहा कि कसौटी जिंदगी की सीरियल के दौरान श्वेता के आसपास बहुत से लोग सलाह देने वाले आ गए थे। इसी वजह से वह अपने करियर पर ज्यादा ध्यान देने लगीं और उनके पास उनके रिश्ते के लिए वक्त नहीं था। राजा चौधरी ने श्वेता द्वारा लगाए गए घरेलू हिंसा के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि तलाक के दौरान उन पर झूठे केस लगाए गए और उन्हें एक राक्षस बना दिया गया। राजा ने यह भी कहा कि तलाक के बाद श्वेता ने उनकी सारी प्रॉपर्टी ले ली और उनके पास बस एक फ्लैट ही बचा।

गौरतलब है कि श्वेता तिवारी ने राजा चौधरी से तलाक के बाद अभिनव कोहली से शादी की थी। दोनों ने तीन साल तक डेटिंग के बाद शादी की थी और उनका एक बेटा है जिसका नाम रेयांश है। श्वेता ने अभिनव पर भी घरेलू हिंसा के आरोप लगाए थे। श्वेता तिवारी अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा निजी जीवन को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। श्वेता ने दो शादियां कीं, लेकिन दोनों ही ज्यादा समय तक नहीं चलीं।



# प्रभुदेवा के साथ नजर आईं सनी लियोन

**चेन्नई में आयोजित एक कार्यक्रम में बालीवुड एक्ट्रेस सनी लियोन प्रसिद्ध कोरियोग्राफर–फिल्म निर्माता प्रभुदेवा के साथ नजर आईं। सनी लियोन ने आगामी फिल्म पेट्टा रैप के गाने वेची सेयुथे के ऑडियो लॉन्च के लिए प्रेस मीट में शिरकत की।**

महीने की शुरुआत में रिलीज हुआ गाना वेची सेयुथे दर्शकों के बीच धमाल मचा चुका है। गाने की आकर्षक बीट्स और ऊर्जावान कोरियोग्राफी के साथ-साथ सनी लियोन की स्क्रीन उपस्थिति को उनके प्रशंसकों से अपार प्यार मिल रहा है। प्रभुदेवा की प्रसिद्ध नृत्य कला और सनी लियोन के ग्लैमर का एक आदर्श मिश्रण पेश करते हुए, इस ट्रैक ने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है। प्रशंसकों ने गाने को पसंद किया है, डांस स्टेप्स को फिर से परिभाषित किया है और अपना उत्साह ऑनलाइन साझा किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, सनी लियोन और प्रभुदेवा दोनों ने पेट्टा रैप के लिए अपने सहयोग और वेची सेयुथे गाने के निर्माण के बारे में जानकारी साझा की। इस कार्यक्रम ने एक यादगार सिनेमाई अनुभव प्रदान करने के लिए उनके उत्साह और प्रतिबद्धता को उजागर किया। पेट्टा रैप के अलावा, सनी लियोन कई अन्य परियोजनाओं में भी अभिनय करने के लिए तैयार हैं। वह प्रभुदेवा और हिमेश रेशमिया की आने वाली फिल्म बदमाश रविकुमार में शामिल हैं। उनके पास पाइपलाइन में एक बेनाम मलयालम परियोजना भी है। इसके अलावा, सनी फिल्म शेरो में दिखाई देंगी, परियोजना के बारे में विवरण अभी भी गुप्त हैं।



# क्या आप सभी का व्यक्तित्व भी अतिवादी होता है: रश्मिका



अभिनेत्री रश्मिका एक तस्वीर साझा की जिसमें वह बिस्तर पर लेटी हुई मुस्कुरा रही हैं। इस तस्वीर के कैप्शन में उन्होंने लिखा, क्या आप सभी का व्यक्तित्व भी अतिवादी होता है?

एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार और विचार-प्रोवोकिंग पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने अपनी बदलती पर्सनालिटी पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कभी-कभी उन्हें बेवजह घंटों तक वर्कआउट करना पड़ता है, भले ही वह समय अनजाने में अजीब क्यों न हो। वहीं, कुछ दिनों में उनका मन वर्कआउट करने का नहीं होता, और वह सोफे पर लेटकर अनहेल्दी खाना खा रही होती हैं और के-ड्रामा देख रही होती हैं। रश्मिका ने अपने प्रशंसकों से पूछा, क्या आप भी ऐसा करते हैं? हां या ना में जवाब दें। 78 प्रतिशत लोगों ने हां का विकल्प चुना, जबकि 22 प्रतिशत ने ना का। रश्मिका की इस बातचीत ने दर्शकों के बीच एक दिलचस्प संवाद को जन्म दिया है। इसके अलावा, इंस्टाग्राम स्टोरी में मलेशियाई मॉडल-ब्लॉगर कुआन ने रश्मिका के साथ एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह तेलुगू सीख रही हैं। कुआन ने इसे मेरी नई दोस्त के रूप में कैप्शन दिया, और रश्मिका ने तेलुगू में यही बात दोहराई। कुआन ने आगे लिखा, मैं तमिल सीख रही हूं दोस्तों। रश्मिका की फिल्मी करियर की बात करें तो वह जल्द ही अल्लू अर्जुन और फहाद फासिल के साथ बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2ःद रूल में नजर आएंगी। यह फिल्म 6 दिसंबर, 2024 को तेलुगू, तमिल, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। इसके अलावा, रश्मिका शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित धनुष स्टार कुबेर में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। वह सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म सिकंदर में भी दिखाई देंगी, जिसे गजनी के निर्देशक एआर मुरुगादॉस बना रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस रश्मिका इस समय मिलान फैशन वीक में भाग ले रही हैं।



# ईशा ने की ट्रेन की सवारी, अनुभव किया सांझा

हाल ही में बालीवुड एक्ट्रेस ईशा देओल ने वंदे भारत ट्रेन में यात्रा की और अपने अनुभवों को भी सोशल मीडिया पर सांझा किया। ईशा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह वंदे भारत ट्रेन में सफर करते हुए अपनी यात्रा के बारे में बात कर रही हैं। इस वीडियो में वह ट्रेन में चढ़ने से लेकर मुंबई सेंट्रल तक के कुछ बेहतरीन पलों का जिक्र करती हैं। हालांकि, ईशा ने यह नहीं बताया कि वह इस यात्रा पर कहां जा रही हैं। वीडियो में वह कहती हैं, मैं बहुत लंबे समय बाद ट्रेन की सवारी कर रही हूं। हम वंदे भारत से जा रहे हैं। उन्होंने इस पोस्ट में कई हैशटैग का इस्तेमाल किया, जैसे सट्रेनराइड, सट्रैवलडायरीज और समेकइनइंडिया। ईशा देओल की अभिनय यात्रा 2002 में कोई मेरे दिल से पूछे से शुरू हुई थी। उन्होंने सैफ अली खान और ऋतिक रोशन के साथ ना तुम जानो ना हम जैसी सफल फिल्मों में काम किया। इसके बाद, उन्हें क्या दिल ने कहा और एलओसीः कारगिल जैसी फिल्मों में भी देखा गया। उनकी पिछली फिल्म 2019 में आई लघु फिल्म केकवॉक थी, जिसमें उन्होंने एक शेफ की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म का निर्देशन राम कमल मुखर्जी ने किया था, और इसमें ईशा ने समाज में एक महिला की पेशेवर और व्यक्तिगत यात्रा को दर्शाया था।

# पुष्पा 2 का रोमांचक पोस्टर जारी

पुष्पा 2ःद रूल इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, और इसके रिलीज़ से पहले ही दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। टीज़र और गानों की रिलीज़ के बाद फैंस का इंतजार बढ़ता जा रहा है। अब फिल्म की रिलीज़ से केवल 75 दिन बचे हैं, और जल्द ही अल्लू अर्जुन के दमदार किरदार पुष्पराज को बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा। फिल्म के निर्माताओं ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अल्लू अर्जुन का एक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें वह अपने आइकॉनिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में उनका सिग्नेचर स्वैग पूरी तरह से झलक रहा है, जिसने फैंस की उम्मीदें और बढ़ा दी हैं। कैप्शन में लिखा गया है, 75 दिन में दुनिया को पुष्पा और उनकी बेमिसाल आभा को बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा। फैंस अब इस मेगा एंटरटेनर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, और यह फिल्म रिलीज के बाद नए रिकॉर्ड बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# श्रद्धा ने मनाया 'स्त्री 2' की सफलता का जश्न

मशहूर अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने अपनी फिल्म स्त्री 2 की जबरदस्त सफलता का जश्न अपनी खास मैजिक गर्ल्स के साथ मनाया। श्रद्धा ने इंस्टाग्राम पर गर्ल्स नाइट आउट की कुछ तस्वीरें शेयर की, जिनमें वह अपनी करीबी दोस्तों के साथ नजर आईं। श्रद्धा ने इस सफलता का जश्न खास अंदाज में मनाया, जिसमें उन्होंने और उनकी दोस्तों ने लाल रंग की ड्रेस पहनी हुई थी। उन्होंने एक केक भी शेयर किया, जिस पर रिकॉर्ड तोड़ स्त्री लिखा हुआ था।श्रद्धा ने अपनी पोस्ट में लिखा, जश्न का वातावरण... मेरे जीवन की सबसे प्रेरणादायक और अद्भुत महिलाओं के साथ - मेरी मैजिक गर्ल्स। इंस्टाग्राम पर श्रद्धा के 93.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं, और वह सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली बॉलीवुड हस्तियों में से एक हैं। स्त्री 2 ने 600 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है और यह 2018 में रिलीज हुई फिल्म स्त्री का सीक्वल है। इस फिल्म में राजकुमार राव, अभिषेक बनर्जी, पंकज त्रिपाठी और अपारशक्ति खुराना जैसे कलाकार शामिल हैं। फिल्म की कहानी एक समूह पर आधारित है, जो चंदेरी की महिलाओं का अपहरण करने वाले एक दुष्ट व्यक्ति से लड़ता है।

# जुड़वा बेटों संग वेकेशन पर निकलीं नयनतारा

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की प्रसिद्ध अभिनेत्री नयनतारा इन दिनों अपने जुड़वा बेटों उइर और उलग के साथ ग्रीस में छुट्टियां मना रही हैं। उन्होंने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ दिल छू लेने वाली तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह अपने बेटों के साथ क्वालिटी टाइम बिताती नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में मां-बेटों के बीच का गहरा प्यार और खूबसूरत बंधन साफ झलक रहा है। एक तस्वीर में नयनतारा अपने बेटे को गाल पर प्यार से किस करती दिख रही हैं, जबकि दूसरी तस्वीर में वह अपने बेटों के साथ आनंदित क्षण बिता रही हैं। नयनतारा ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा, मेरा दिल, जिससे यह साफ जाहिर होता है कि वह अपने बच्चों के साथ बेहद खास समय बिता रही हैं। उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, और फैंस और दोस्तों से ढेरों लाइक्स और कमेंट्स मिल रहे हैं।

# अनन्या ने रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड का कॉल किया इग्नोर

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में वह अपनी वेब सीरीज कॉल मी बे को लेकर चर्चा में थीं, लेकिन इस बार उनका नाम मॉडल वॉकर ब्लैंको के साथ जुड़ने लगा है। अब अनन्या को वॉकर ब्लैंको के साथ जोड़ा जा रहा है, जो फिलहाल अनंत अंबानी के जानवरों के पुनर्वास प्रोजेक्ट 'वनतारा' में काम कर रहे हैं। हाल ही में, एक्ट्रेस को एक लॉकेट पहने देखा गया, जिसमें वॉकर का नाम लिखा था, जिससे अफवाहों को और बल मिला। इसके अलावा, एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें अनन्या एक इवेंट के दौरान अपने फोन पर वॉकर का कॉल आने पर उसे नजरअंदाज करती नजर आईं। फोन में वॉकर का नंबर उनके नाम से सेव था और उसमें इमोजी भी लगे हुए थे।

# महिलाएं भी सच्ची दोस्त साबित हो सकती हैं: अनन्या पांडे



फिल्म इंडस्ट्री में अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए अभिनेत्री अनन्या पांडे ने कहा, मैं अपने विचारों और अपने मूल्यों के बारे में अब ज्यादा खुलकर बोलने लगी हूं। इससे मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। अब मैं अपनी आवाज के माध्यम से वास्तव में बदलाव ला सकती हूं। एक्ट्रेस ने कहा,अगर कोई भी लड़की उनसे प्रेरित होकर अपने आप को स्वीकार करती है, तो यह उनके लिए सबसे बड़ी सफलता होगी। अनन्या ने 2019 में स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से अपने करियर की शुरुआत की और उनका सबसे हालिया काम कॉल मी बे है। उन्होंने अपने अपने साथ काम करने वालों के लिए एक सहायक वातावरण बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके साथ ही ग्लैमर की दुनिया में दोस्ती की शक्ति के बारे में विचार रखे। अभिनेत्री ने कहा, लोग अक्सर महिलाओं को एक-दूसरे के खिलाफ करने का काम करते है। लेकिन सारा अली खान और जान्हवी कपूर के साथ मैंने यह साबित करने की कोशिश की है कि महिलाएं भी एक सच्ची दोस्त साबित हो सकती है। हम खुलकर एक - दूसरे के समर्थन में आगे आकर बात करते है। 2022 में लॉन्च की गई, मैत्री फीमेल फर्स्ट कलेक्टिव एक पहल है, जिसका उद्देश्य भारतीय मीडिया और मनोरंजन में महिलाओं के लिए एक सुरक्षित स्थान बनाना है।

## ब्रीफ न्यूज

### अवैध पिस्टल बेचने निकला था, न्यायालय ने सुनाई तीन साल की सजा

**खरगोन।** अवैध रूप से देशी कट्टा रखने के मामले में दोषी पाए गए आरोपी को न्यायालय ने 3 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया है। प्रकरण के पैरवीकर्ता अधिकारी हरेसिंह पाण्डर ने बताया कि23अप्रैल2017 को मुखबीर की सूचना पर पुलिस चौकी खलटाका ने कसरावद फाटे पर पुल के निचे से एक सिकलीगर को पकड़ा था। उसके पास तलाशी के दौरान एक कपडे की थैली में छिपाकर देशी कट्टा रिवाल्वर रखी थी, जिसे वह बेचने की फिराक में था। पूछताछ में उसने अपना नाम नानक सिंह पिता गोगा उर्फ गुरुदेवसिंह निवासी सिगनुर होना बताया। नानक को गिरफ्तार कर प्रकरण का अनुंसधान कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण केविचारण उपरांत जेएमएफसी न्यायाधीश विवेकजैन ने नानक सिंह को दोषी पाते हुए 03 वर्ष के सश्रम कारावास व 5000 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

### पत्रकार सोनी बने तहसील अध्यक्ष



**खरगोन।** शहर के सक्रिय पत्रकार राजकुमार सोनी को भारतीय पत्रकार संघ का तहसील अध्यक्ष बनाया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन के निर्देश पर जिलाध्यक्ष श्याम कुशवाह ने की है। अपनी नियुक्ति पर सोनी ने पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि वे संगठन के उद्देश्य के अनुसार पत्रकार जगत के हितों के लिए सक्रियता से कार्य करेंगे एवं संगठन को मजबुती प्रदान करने का प्रयास करेंगे। सोनी की नियुक्ति पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजीजुद्दीन शेख, प्रदेश सचिव उमेश रेवलिया, प्रदेश प्रभारी रंजीतसिंह ठाकुर, संभागीय उपाध्यक्ष ओम रामणेकर, संभागीय सचिव तेज कुमार बर्वे, यूथ विंग प्रदेश संयोजक आमिर शेख, तरुण सोनी, भारत पटेल, आशुतोष पुरोहित, शशि शर्मा, राकेश जायसवाल, आसिफ खान विशाल छटिये, रामेश्वर बड़ोले, संजय पाराशर, ममताराम पाटूद, आलोक गुप्ता, जाकिर खान, शुभम, लुकमान खत्री, अबूबकर जिया आदि पत्रकारों ने हर्ष जताते हुए बधाई दी है।

### रपट पर बहाव के बीच नदी पार करते हुए बाईक सहित बहा युवक

**खरगोन।** जिले के कमोदवाडा में वेदा नदी की रपट पार करते एक युवक बाइक सहित बह गया, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। युवक का शव करीब 6 घंटे बाद गुरुवार सुबह नदी से निकाला गया। मिली जानकारी अनुसार भीकनगांव नगरपरिषद में कार्यरत अविनाश पटेल (23) दोस्तो के साथ घुमकर बुधवार- गुरुवार की दरमियानी रात बाईक से रिश्तेदार के घर जा रहा था। इसी दोरान कमोदवाडा में वेदा नदी की रपट पर रात करीब 2 बजे बहाव के बीच नदी पार करते हुए वाहन असंतुलित हो गया और अविनाश बह गया, जबकि साथ गए दोस्त सुरक्षित बच गए और उन्होंने तुरंत भीकनगांव थाने पर हादसे की सूचना दी। पुलिस के मुताबिक हादसे से करीब एक किलोमीटर अविनाश का शव सुबह करीब 9 बजे बरामद हुआ।

# खेती में हरदा जिला प्रदेश में अग्रणी, किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से



सत्ता सुधार ■ हरदा

कृषि विभाग द्वारा किसानों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। कृषि उपसंचालक संजय कुमार यादव ने बताया कि खरीदी के भुगतान के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता और प्रमुखता से निपटाया जाता है ताकि किसानों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े। शासन की मन्शा अनुरूप की जानकारियां आदि उपलब्ध कराई जाती है। ताकि किसान अच्छी पैदावार ले सके। उत्पादन के मामले में हरदा जिला प्रदेश में अग्रणी है। सोयाबीन का उत्पादन अन्य जिलों की तुलना में यहां अधिक है। यहां के किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। बीमा सहित अन्य क्लेम को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाता है।

### 4800 रुपये समर्थन मूल्य

कृषि उपसंचालक श्री यादव ने बताया कि सोयाबीन का समर्थन मूल्य अभी 4800 रूपये है। 6000 रूपये समर्थन मूल्य करने की मांग को लेकर किसान संघर्ष कर रहे हैं। इस दिशा में शासन से जो भी दिशा-निर्देश जारी होगा उसका पालन सुनिश्चित किया जायेगा।

**खेती में हरदा जिला अव्वल:** कृषि उपसंचालक यादव ने बताया कि जिले में उन्नतशील कृषकों की संख्या काफी अधिक है। खेती के मामले में हरदा जिला अव्वल है। शासन की योजनाओं का लाभ लेकर यहां के किसानों ने अपनी दिशा-दशा बदलने के साथ-साथ प्रदेश को खेती में अग्रणी राज्य बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। खरीदी की पूरी प्रक्रिया आनलाइन है। जिसका फायदा किसानों को मिल रहा है। किसानों को भटकना नहीं पड़ता है जो थोड़ी बहुत दिक्कत परेशानी आती है उसका त्वरित निराकरण कर किसानों को संतुष्ट किया जाता है ।

**जागरूकता पर विशेष जोर:** किसानों को जागरूक करने के लिए कृषि विभाग का दल सदैव भ्रमण करता रहता है । कृषि उपसंचालक श्री यादव ने बताया कि हर क्षेत्र में जाकर किसानों को जागरूक किया जाता है । योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। शासन की योजनाओं का लाभ लेकर किसानों की तकदीर तस्वीर बदल गई है।

### रवि सीजन के फसल की तैयारी -

कृषि उपसंचालक श्री यादव ने बताया कि रवि सीजन के फसल की तैयारी के मद्देनजर खाद बीज आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो उसके लिए विशेष प्रयास किया जा रहे हैं। सहजता, सरलता और सुगमता से खाद बीज किसानों को उपलब्ध हो । गेहूं चने के बीज उन्नत किस्म के उपलब्ध हो इस पर विशेष फोकस दिया जाता है।

### रातातलाई में किट का वितरण -

कृषि उपसंचालक श्री यादव ने बताया कि कृषि विभाग के अधिकारियों का दल सतत

### 481 किसानों में डाली गई राशि



कृषि उपसंचालक श्री यादव ने बताया कि खरीदी के बाद 481 किसानों के खाते में राशि डाल दी गई है। जिन किसानों के खाते फेल हो जाते हैं उनके कारणों का पता लगाकर नये खातों में राशि भेजने की कार्यवाही की जाती है किसानों की समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता से हल किया जाता है। मध्य प्रदेश शासन के मंशा के अनुरूप किसानों को हक हित दिलाने का भरपूर प्रयास किया जाता है ।

भ्रमण पर रहता है। उन्हें आवश्यकता और जरूरत के अनुसार साधन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शासन से उपलब्ध किट का वितरण कर किसानों को साधन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है।

# शासकीय कर्मचारियों को भी लगाया जा रहा है सदस्यता अभियान में: गुजराती

## जबरदस्ती सदस्यता अभियान चला रही है भाजपा

सत्ता सुधार ■ सीहोर

भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान को जिला कांग्रेस कमेटी के सीहोर जिलाध्यक्ष राजीव गुराती ने आड़े हाथ लेते हुए बयान जारी किया है कि भाजपा के जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी द्वारा सारे नियम कायदे ताक में रखते हुए जिस तहर सदस्यता अभियान चला रहे हैं जो तर्कहीन है।

ऐसा ही उदाहरण पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज सीहोर में देखा गया जहाँ पर भाजपा के पदाधिकारियों व कायज़्कताओं द्वारा भोपाल नाका स्थित प्रधानमंत्री ऑफ एक्सीलेंस कॉलेज जो कि सीहोर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सारे नियम कायदे ताक में रखते हुए अपना सदस्यता अभियान विगत तीन-चार दिनों से चलाया जा रहा था। शासकीय स्थल होने के नाते प्राचार्य को हमारे छात्र संगठन एनएसयूआई द्वारा अवगत भी करा दिया गया था। लेकिन प्राचायज़् द्वारा इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। दूसरी और भारतीय जनता पार्टी द्वारा सत्ता का दुरूपयोग करते हुए आंगनबाडी कार्यकर्ता सहित पंचायतों के कर्मचारियों को भी सदस्यता अभियान में लगाकर आम जनता के मोबाइल पर ओटीपी भेज कर अनैतिक रूप से लक्ष्य हासिल करने का प्रयास किया गया। दरअसल भाजपा इन



दिनों सदस्यता अभियान चला रही है। अभियान में जनप्रतिनिधि से लेकर पदाधिकारी को सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है। इस कारण भाजपा नेता सत्ता का दुरूपयोग कर शसकीय कर्मचारियों के माध्यम से सरकारी व्हाट्सएप ग्रुप में खुलेआम कर्मचारी सदस्यता के स्क्रीनशॉट डालकर अभियान को आगे बढ़ाने के लिए शासकीय व्हाट्सएप ग्रुपों में खुलेआम कर्मचारी सदस्यता के स्क्रीनशॉट डाल्कर अभियान को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहे हैं यह दुर्भाग्यपूर्ण है। अपनी साख बचाने के लिये लोगों को ढूंढ-ढुंढ कर जबरिया सदस्यता दिलवा रहे हैं। कोचिंग संस्थान और कॉलेज में चलती पढ़ाई के बीच में घुस कर भाजपा के कार्यकर्ता सदस्यता अभियान चला रहे हैं यह बहुत ही दुर्भायपूर्ण है। कांग्रेस पार्टी इसकी घोर निंदा करती है। भाजपा द्वारा सीहोर जिले में आंगन बाड़ी और पंचायत कर्मचारियों को भी भाजपा के सदस्यता अभियान में झोक दिया है, जो कि शासन के नियम विरूद्ध भाजपा का सदस्यता अभियान चलाने को मजबूर है।

जबकि इस सरकार की महंगाई, भ्रष्टाचार, बैरोजगारी से पीड़ित जनता इस सदस्यता अभियान से दूरी बनाये हुए हैं और इसका मूहतोड़ जवाब जनता आगामी चुनावों में देगी। पिछले लोकसभा चुनाव के विपरीत परिणामों से घबराई भाजपा सरकार हाबड़-ताबड़ में सारे नियमों को ताक में रखते हुए दिखावा करने के लिये शासकीय कर्मचारियों को भी सदस्यता अभियान में लगा दिया है, जबकि सच्चाई यह है कि यह कर्मचारी स्वयं भाजपा सरकार से त्रस्त हो चुके हैं। देश देश में पिछले लोकसभा चुनावों के विपरीत परिणामों के कारण भाजपा में घबराहट है और अपनी साख बचाने लोगों को ढूंढकर जबरिया सदस्यता दिलवाने में लगी हुई है।

### नपा कर्मचारियों की ऐरियर राशि दिये जाने पर अखिल कांग्रेस ने माना आभार

**सीहोर।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष छुट्टन चावरिया के नेतृत्व में नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों मांगों को लेकर कई बार ज्ञापन दिये गये थे। नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर के द्वारा नगर पालिका के कर्मचारियों को ऐरियर राशि एवं समय वेतनमान का लाभ दिया गया। जिस पर अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष छुट्टन चावरिया ने नपाध्यक्ष का आभार व्यक्त कर आशा जताई है कि हमारी शेष मांगों को भी शासन द्वारा शीघ्र पूर्ण किया जावेगा। आभार व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से छुट्न चावरिया, मनोहर लाल घावरी, अन्ना नरवारे, प्रकाश तेजी, मुकेश चावरिया, देवकुमार बोयत, अरूण चावरिया, देवकुमार दिसावरी, प्रकाश तेजी सुनील तेजी, लोकेश चावरिया, चन्दन तेजी, विजय चावरिया, राकेश बीलवान, बंकट खरे सहित सभी कर्मचारी साथी शामिल है।

# नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ



सत्ता सुधार ■ सीहोर

शहर के चचज़् मैदान पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने स्वच्छता अभियान को गति देने और जागरूक करने के लिए आयोजित राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस मौके पर यहां पर मौजूद खिलाडियों का उत्साहवधज़्न करते हुए नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि स्वास्थ्य और स्वच्छता ही जीवन का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए।

उन्होंने इस मौके पर पहले दिन खेल रही बडवानी, मंडला, नेशनल फुटबाल क्लब मऊ और लेक सिटी भोपाल टीम के खिलाडियों के साथ पदाधिकारियों को स्वच्छता के लिए जागरूक करने का संकल्प दिलाया। शुभारंभ अवसर पर भाजपा नेता नरेश मेवाड़ा, दीपक शमाज़्, मनोज दीक्षित मामा, आनंद उपाध्याय, मधुर विजयवगीज़्य, अनिल राय आदि शामिल थे। प्रतियोगिता का शुभारंभ बडवानी और मंडला के मध्य पहले मैच के साथ किया गया। इसमें बडवानी ने शानदार तरीके से 3-1 से मंडला को हराया। इस मैच में बडवानी की ओर से मैच के 32 वें मिनिट में क्रिप्सल ने गोल किया था, वहीं उनके साथी खिलाडी गौरव-ऋषि ने भी एक-एक गोल किया।

इधर मंडला की ओर से एकमात्र गोल प्रिंस उईके ने किया। इसका अलावा एक अन्य मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रहा। बराबरी का मुकाबला नेशनल फुटबाल क्लब मऊ और लेक सिटी भोपाल के मध्य खेला गया। जिसमें लेक सिटी भोपाल के तेज तराज़्र खिलाड़ी विक्टर ने मैच के 25 वें मिनिट पर अपनी टीम को बढ़त दिलाई थी।

# अग्रसेन जयंती महोत्सव में रक्तदान शिविर का आयोजन, 31 यूनिट रक्तदान किया

सत्ता सुधार ■ सीहोर

शहर के बड़ा बाजार अग्रवाल धर्मशाला में हर साल की तरह इस साल भी महाराज अग्रसेन की जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन समाज के लोगों ने करीब 31 यूनिट रक्तदान किया। इस मौके पर युवक और युवतियों ने बढ़चढ़कर शिविर में हिस्सा लिया। मात्र दो घंटे के इस शिविर के दौरान दो दर्जन समाजजनों ने रक्तदान देकर महोत्सव को सफल बनाया। इसके साथ ही रक्तदान शिविर में रक्तवीरों ने संकल्प लिया है कि जब भी कभी आपातकाल में रक्त की आवश्यकता होगी वह उसी समय तत्काल रक्तदान करने के लिए तत्पर और उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए अग्रसेन जयंती महोत्सव के मीडिया प्रभारी पवन गुप्ता ने बताया कि रक्तदान का



शुभारंभ विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, समाज के अध्यक्ष निलेश जयपुरिया महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल आदि ने किया।

रक्तदान में बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों को रक्तदान करना है। रक्तदान जीवन का सबसे अमूल्य दान है, हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान शिविर को सफल बनाने वाले सभी को बधाई दी। रक्तदान से पहले भोपाल के अस्पताल के भव्य निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों और समाजजनों की जांच और परामशज़् दिया।

# भाषण प्रतियोगिता आयोजित




**हरदा।** निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। शासकीय आदिवासी महाविद्यालयीन बालक छात्रावास में स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्रावास अधीक्षक एस डी पनागरे ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान छात्रावास के सभी छात्र उपस्थित थे।

## विकास

### जबसे मोहन यादव मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं तबसे वे केवल उज्जैन के विकास में लगे हुए हैं

# 2 सिंचाई परियोजनाएं रद्द किए जाने की कांग्रेस पार्टी ने की कड़ी आलोचना



सत्ता सुधार ■ सीहोर

जिले के लिए 19 करोड़ की राशि से स्वीकृत 2 सिंचाई परियोजनाओं को रद्द करने के मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार के फैसले पर कांग्रेस पार्टी ने करारा हमला बोला है । जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने एक बयान जारी कर इस फैसले के लिए मोहन यादव सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि जबसे मोहन यादव मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं तबसे वे केवल उज्जैन के विकास में लगे हुए हैं और उनको शेष मध्यप्रदेश से कोई लेना देना नहीं है, वे अपने आपको मुख्यमंत्री स्वीकार ही नहीं कर पा रहे हैं और उनकी मानसिकता अब भी एक छुटभैये क्षेत्रीय नेता जैसी ही बनी हुई है और उनको लगता है कि केंद्र की अनुकंपा से मिली मुख्यमंत्री की कुसीज़् कभी भी उनसे छीनी जा सकती है इसलिए वो केवल अपने गृह जिले के विकास में लगे हुए हैं ताकि उनकी विधायकी सुरक्षित रहे । वहीं दूसरी ओर वचज़्स्व की लड़ाई के कारण मुख्यमंत्री पद से हटाए गए शिवराज सिंह चौहान केंद्र में मंत्री बनाए जाने के बाद से लगातार सक्रिय रहकर अपनी लाइन बड़ी करने में लगे हुए हैं जिससे मोहन यादव की चिंताएं और ज्यादा बढ़ गई हैं और इसी कारण मोहन यादव कभी भी शिवराज सिंह चौहान को नीचा दिखाने का कोई मौका छोड़ते नहीं हैं । सीहोरवासियों को तो इसका सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ रहा है क्योंकि मुख्यमंत्री रहते शिवराज सिंह चौहान ने यहां कोई विकास नहीं किया और अब उनसे जंग के चलते मोहन यादव भी उसी तर्ज पर काम कर रहे हैं और यहां विकास कायज़् तो दूर बल्कि यहां की पुरानी स्वीकृत योजनाएं भी छीनकर उज्जैन और इंदौर लेकर जा रहे हैं जो कि अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण और नाकाबिले बदाज़्श्त है । पंकज शर्मा ने इस मामले में स्थानीय भाजपा नेताओं की चुप्पी पर भी निशाना साधते हुए कहा है कि जब सीहोर जिला मुख्यालय का हक छीनकर शासकीय मेडिकल कॉलेज को बुदनी ले जाया गया था तब भी भाजपा के स्थानीय नेताओं के मुंह से इसके विरोध में एक शब्द भी नहीं निकला था और अब इन दोनों सिंचाई परियोजनाओं को राज्य सरकार द्वारा रद्द किए जाने पर भी स्थानीय भाजपा नेताओं का मौन समझ से परे है और उनकी सीहोर जिले के विकास में रुचि और निष्ठा की सोच और गंभीरता को दशार्ता है। भाजपा की आपसी लड़ाई की भेंट मध्यप्रदेश का हर जिला चढ़ रहा है और सीहोर को तो इसका सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ रहा है लेकिन अब ये भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और राज्य सरकार को इन दोनों योजनाओं को फिर से शुरू करना होगा तथा सीहोर जिला मुख्यालय पर शासकीय मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज की स्वीकृति भी तत्काल देकर उसका निर्माण कार्य भी प्रारंभ करना होगा और ऐसा ना किए जाने पर कांग्रेस पार्टी जनता को साथ लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ बड़ा जन आंदोलन करेगी और सीहोर की जनता को उसका विकास का हक दिलाकर ही दम लेगी।

# 7वें दिन भी जारी रही नपा की अतिक्रमण हटाओ मुहिम



**खरगोन।** शहर में अतिक्रमण मुहिम लगातार 7वें दिन भी जारी रही। हालांकि कार्रवाई के दौरान हो रहे विरोध को देखते हुए गुरुवार को पुलिस की मदद ली गई। सांतवे दिन भी दोपहर 3 बजे उपयंत्री केके जोशी, मनीष महाजन, प्रभारी राजस्व अधिकारी महेश वर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी राजेंद्र चौहान, नपा अमला पुलिसकर्मियों के साथ एमजी रोड़ पहुंचा। एमजी रोड़ और तिलक पथ के व्यापारियों के विरोध का असर भी देखने को मिला, गुरुवार को हुई कार्रवाई में केवल ओटले तोड़े जो चर्चा का विषय रहे। वहीं थाना प्रभारी बीएल मंडलोई ने बताया कि बुधवार को तिलक पथ पर चल रही कार्रवाई के दौरान हंगामा करने पर अदीप बाबा के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया है। नपा प्रभारी राजस्व अधिकारी ने इसकी शिकायत की थी।

## ब्रीफ न्यूज

### सोने, चांदी की कीमतों में उछाल

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में उछाल आया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत ब्याज दरों को बढ़ाने से भी कीमती धातुओं की मांग बढ़ी है। जिससे कीमतें उछली हैं। माना जा रहा है कि त्यौहारी सीजन शुरु होने पर कीमतें और बढ़ेंगी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने की कीमत तेजी के साथ 75,321 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी की कीमत 0.26 फीसदी बढ़कर 92,280 रुपए प्रति किलोग्राम पर कामकाज कर रहीं थीं। दिल्ली सर्राफा बाजार में गत दिवस सोने का भाव 900 रुपए की तेजी के साथ 77,850 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर था। मंगलवार को, 99.5 फीसदी शुद्धता वाला सोना 76,950 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की मांग के कारण चांदी की कीमतें 3,000 रुपए बढ़कर 93,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। वहीं इसका पिछला बंद भाव 90,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर था। इसके अलावा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 900 रुपए ऊपर आकर 77,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले सत्र में सोना 76,600 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बाजार जानकारो के अनुसार कमजोर डॉलर, वैश्विक केंद्रीय बैंकों से और अधिक ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद, सुरक्षित निवेश की मांग और ईटीएफ कोष के प्रवाह से कीमतों को बल मिल रहा है। कारोबारियों के अनुसार, आभूषण विक्रेताओं की लगातार खरीदारी और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के कारण भी सोने की कीमतों में तेजी रही।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आया बदलाव

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड) की कीमतों में गिरावट से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी बदलाव आया है। क्रूड की कीमतें आज सुबह 70 डॉलर प्रति बैरल नीचे आ गयीं। वहीं ब्रेंट क्रूड 73 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर कामकाज करता दिखा। देश के चारों महानगरों में से केवल चेन्नई में पेट्रोल की कीमतें नीचे आयी हैं। वहीं दिल्ली, मुंबई और कोलकाता में ईंधन की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.76 रुपये और डीजल 92.35 रुपये प्रति लीटर जबकि कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वहीं दमन और द्वीप और गोवा , छत्तीसगढ़, के अलावा अन्य कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ी हैं जबकि बिहार और आंध्र प्रदेश के अलावा कुछ राज्यों में पेट्रोल के दाम नीचे आये हैं। गुरुग्राम में पेट्रोल 94.90 रुपये और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर है। गौतमबुद्ध नगर में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.83 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 94.56 रुपये और डीजल 87.66 रुपये प्रति लीटर हो गया है। जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपये और डीजल 90.36 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

स्मार्टफोन डिस्प्ले असेंबली यूनिट स्थापित करने की बना रही योजना

# ताइवानी फॉक्सकॉन भारत में करेगी एक बिलियन डॉलर का निवेश

एजेंसी ■ नई दिल्ली





ताइवानी टेक्नोलॉजी कंपनी फॉक्सकॉन ने भारत में स्मार्टफोन डिस्प्ले मॉड्यूल्स की असेंबली यूनिट स्थापित करने की योजना बनाई है, जिसके लिए वह करीब एक बिलियन डॉलर यानी करीब 83,528 करोड़ रुपए निवेश करेगी। यह भारत में फॉक्सकॉन की पहली ऐसी यूनिट होगी, जो विशेष रूप से एप्पल के लिए आईफोन के डिस्प्ले मॉड्यूल्स बनाएगी। फॉक्सकॉन का यह कदम एप्पल की रणनीति का एक अहम हिस्सा है, जिसमें कंपनी चीन से अपनी सप्लाई चेन को बाहर निकालने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। फॉक्सकॉन का मॉडल पेगाट्रॉन और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे अन्य कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर्स को चीन से आयात किए गए मॉड्यूल्स के बजाय स्थानीय स्तर पर बने कंपोनेंट्स का इस्तेमाल करने का अवसर प्रदान करेगा। कंपनी ने चेन्नई के पास ईएसआर ओरगडम इंडस्ट्रियल एंड लॉजिस्टिक्स पार्क में करीब 500 हजार वर्ग फुट जगह ली है, जो नई असेंबली यूनिट का स्थल होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि फॉक्सकॉन की प्रस्तावित यूनिट भारत की इलेक्ट्रॉनिक असेंबली और मैन्युफैक्चरिंग में एक मील का पत्थर साबित होगी। काउंटरप्वाइंट के रिसर्च डायरेक्टर तरुण पाठक ने बताया कि फोन असेंबली से भारत को पांच फीसदी स्थानीय मूल्य वर्धन मिलता है, जबकि डिस्प्ले असेंबली से यह आंकड़ा 2-3फीसदी और बढ़ सकता है। फॉक्सकॉन की नई यूनिट गूगल पिक्सल फोन की असेंबली में भी मदद करेगी, जिससे भारत में स्मार्टफोन उद्योग को और मजबूती मिलेगी। भारत में डिस्प्ले मॉड्यूल्स की स्थानीय असेंबली से देश की आयात निर्भरता कम होगी। वर्तमान में, डिस्प्ले मॉड्यूल्स का 60-65फीसदी आयात चीन से और 20-25फीसदी दक्षिण कोरिया से होता है। स्थानीय असेंबली यूनिट्स से उत्पाद की मार्केट टाइमिंग और लागत में कमी आ सकती है, जो कि भारत के लिए अहम है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में स्थित यूनिट्स को सप्लाई चेन और कौशल विकास से संबंधित कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है जो वर्तमान में चीन से नियंत्रित होती हैं। फॉक्सकॉन भारत में स्मार्टफोन बिजनेस के साथ-साथ सूचना और संचार प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी, और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में भी अपने संचालन का विस्तार कर रहा है, जो देश के आर्थिक विकास के लिए सकारात्मक संकेत है।

# टूटेगा एलआईसी का रिकॉर्ड, हुंडई लेकर आ रही है सबसे बड़ा आईपीओ

कंपनी के साथ जुड़ा है शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण का नाम

एजेंसी ■ नई दिल्ली







देश का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ हुंडई मोटर लेकर आने वाली है। कंपनी शेयर बाजार से 25000 करोड़ रुपये (करीब तीन अरब डॉलर) जुटाने की को?शिश करेगी। इससे पहले एलआईसी के नाम आईपीओ लाने का रिकॉर्ड है, जो अब टूट जाएगा। हुंडई के आईपीओ में प्रमोटर ऑफर फॉर सेल के तहत शेयरों की बिक्री करेंगे। इससे पहले 2022 में एलआईसी के नाम 2.7 बिलियन डॉलर का आईपीओ लाने का रिकॉर्ड है, जो अब टूट जाएगा। 15 जून को कंपनी ने सेबी को डीआरएचपी दिया था, जिसमें बताया गया था कि ऑफर फॉर सेल के तहत हुंडई मोटर के प्रमोटर 142,194,700 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश करेंगे। साउथ कोरिया की इस कंपनी को शेयर मार्केट रेगुलेटर सेबी से आईपीओ को मंजूरी मिल गई है।

बताया जा रहा है कि यह आईपीओ अक्टूबर में लॉन्च होने की संभावना है। हुंडई ने करीब 20 बिलियन डॉलर के वैल्युएशन पर आईपीओ के जरिए 3 बिलियन डॉलर जुटाने की योजना बनाई है। खास बात है कि 20 साल बाद कोई बड़ी कार निर्माता कंपनी आईपीओ लेकर आ रही है। हालांकि इस पूरे मामले में अभी हुंडई इंडिया की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हुंडई मोटर, भारत में पिछले 28 सालों से सक्रिय है। इस दौरान कंपनी ने अपने सबसे पहले ब्रांड एंबेसडर के तौर पर शाहरुख खान को चुना था. वहीं, दीपिका पादुकोण भी कंपनी को इंडोर्स कर चुकी हैं। ?वित्त वर्ष 2024 में पैसेंजर्स व्हीकल्स की सेल्स के मामले में हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड, मारुति सुजुकी के बाद भारत की दूसरी सबसे बड़ी कार निर्माता रही. कंपनी फोर व्हीलर पैसेंजर्स व्हीकल बेचती है और उसके पास 13 मॉडल का कार पोर्टफोलियो है। इनमें सेडान, हैचबैक, स्पोर्ट्स-यूटिलिटी व्हीकल और इलेक्ट्रिक वाहन शामिल है। इसके अलावा कंपनी ट्रांसमिशन और इंजन जैसे पार्ट्स भी बनाती है।

### एसयूवी नेक्सान का सीएनजी वेरिएंट लॉन्च

**नई दिल्ली।** स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स ने एसयूवी नेक्सान का सीएनजी वेरिएंट लॉन्च किया है। इस मॉडल में कंपनी ने डुअल-सिलिंडर टेक्नोलॉजी का उपयोग किया है, जिससे बूट स्पेस का कोई समझौता नहीं करना पड़ता है। नेक्सान सीएनजी में 321 लीटर का बूट स्पेस उपलब्ध है, और यह इंजन सीएनजी मोड में 99बीएचपी की पावर और 170 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। नेक्सान सीएनजी में 1.2 लीटर की टर्बोचार्ज पेट्रोल इंजन की क्षमता दी गई है, जो 6-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन गियरबॉक्स के साथ आती है। कंपनी का दावा है कि यह एसयूवी 24 किमी/किग्रा का माइलेज देगी। नए नेक्सान के केबिन में भी कई अद्यतन किए गए हैं। इसमें एक नया टचस्क्रीन सेट-अप, टू-स्पोक स्टीयरिंग व्हील और पतले एसी वेंट्स शामिल हैं।

# गोदरेज एंड बॉयस ने शुरू किया 'खुशियों के रखवाले' अभियान

हजारों लोगों ने माना घर की सुरक्षा से मिलेगा दिमागी शुकून व खुशियां



एजेंसी ■ मुंबई

गोदरेज एंटरप्राइजेज समूह की इकाई गोदरेज एंड बॉयस के सिक्योरिटी सॉल्यूशंस ने 'खुशियों के रखवाले' नाम से एक अभियान शुरु किया है। यह अभियान घर की सुरक्षा के भावनात्मक पहलुओं को उजागर करता है, जिससे परिवार सुरक्षित महसूस कर सकें और दिमागी शुकून और खुशियां हासिल हो सकें। गोदरेज एंड बॉयस ने एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण भी किया, जिसका उद्देश्य शारीरिक और भावनात्मक सुरक्षा के संबंध को समझना था। इस अध्ययन में यह जानने का प्रयास किया गया कि सुरक्षा किस प्रकार खुशी पर सकारात्मक असर डालती है। गोदरेज एंड बॉयस के सिक्योरिटी सॉल्यूशंस बिजनेस के ईवीपी और बिजनेस हेड पुष्कर गोखले ने कहा कि हमारा कैम्पेन लोगों को भावनात्मक स्तर पर सुरक्षित महसूस कराने का प्रयास करता है। सर्वेक्षण में 2,400 लोगों में से 67 फीसदी ने कहा कि घर की सुरक्षा बढ़ाने से उनके कल्याण पर सकारात्मक असर पड़ेगा। इसके अलावा, 57 फीसदी ने सुरक्षा में सुधार के बाद खुशी या संतोष की भावना में वृद्धि का अनुभव महसूस किया। यह सर्वेक्षण दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर, कोलकाता और चेन्नई समेत 12 शहरों में किया गया, जिसमें 18 से 45 साल के लोग शामिल किए गए थे। गोदरेज एंड बॉयस का सुरक्षा समाधान प्रभाग सुरक्षा मानकों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है।

हाल ही में डीपीआईआईटी ने उच्च सुरक्षा वाली तिजोरियों और सुरक्षित जमा लॉकरों पर बीआईएस गुणवत्ता चिह्न अनिवार्य करने का आदेश जारी किया है। इस कदम से उपभोक्ताओं को सुरक्षा मानकों में सुधार करने में मदद मिलेगी, जिससे वे ज्यादा सुरक्षित महसूस कर सकें।

# डिजिटल लेंडर्स ने पहली तिमाही में बांटा 37,676 करोड़ रुपए का लोन

एजेंसी ■ मुंबई




डिजिटल लेंडर्स ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 37,676 करोड़ रुपए के 2.64 करोड़ लोन बांटे हैं। लोन के वॉल्यूम में सालाना आधार पर 15 फीसदी और लोन की वैल्यू में 27 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। फिनटेक एसोसिएशन फॉर कंज्यूमर एम्पावरमेंट (एफएसीई) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक इस तिमाही में लोन का औसत टिकट साइज 12,997 रुपए रहा, जो कि 2023-24 की पहली तिमाही के मुकाबले 16 फीसदी ज्यादा है।

आंकड़ों से साफ होता है कि डिजिटल क्रेडिट की मांग मजबूत बनी हुई है, जिसमें वित्तीय समावेशन की महत्वपूर्ण भूमिका है। एफएसीई के सीईओ सुगंध सक्सेना ने बताया कि हमारी सदस्य कंपनियों ने कंज्यूमर गाइडलाइन और विवेकपूर्ण रिस्क मैनेजमेंट के जिरए से ग्राहकों की क्रेडिट जरूरतों को पूरा किया है, जिससे वे सभी पक्षकारों का विश्वास जीतने में सफल रहे हैं।

रिपोर्ट में यह भी बताया कि अप्रैल से जून की अवधि में 11 कंपनियों ने पांच लाख से ज्यादा लोन दिए हैं, जिनकी कुल वॉल्यूम में 93 फीसदी हिस्सेदारी रही। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में करीब 55 फीसदी कंपनियों की वॉल्यूम में बढ़ोतरी हुई है, जबकि 80 फीसदी कंपनियों ने लोन की वैल्यू में इजाफा किया है। रिपोर्ट में शामिल 33 कंपनियों में से 27 कंपनियों का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट जून 2024 तक 47,362 करोड़ रुपए था, जो कुल बांटे गए लोन की वैल्यू का 80 फीसदी है। इनमें से 10 कंपनियों का एयूएम एक हजार करोड़ से ज्यादा है। एफएसीई, फिनटेक क्षेत्र में आरबीआई द्वारा मान्यता प्राप्त स्व-नियामक संगठन है, जो डिजिटल लेंडर्स की बढ़ती भूमिका और वित्तीय समावेशन को सुनिश्चित करने में सहायक है।

### बजाज ने पल्सर 220 एफ बाइक में जोडे कई फीचर्स

**नई दिल्ली।** आज के प्रतिस्पर्धी बाजार में कई नई और अत्याधुनिक बाइक्स खड़ी हैं। 2024 में अपडेट के बाद, बजाज ने पल्सर 220 एफ में फुल डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और ब्लूटूथ कनेक्टिविटी जैसे फीचर्स जोड़े हैं। यह बाइक 1,38,560 रुपये की एक्स-शोरूम कीमत पर उपलब्ध है। हालांकि, इसके मूल डिजाइन में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है, जिससे यह अपने क्लासिक सेमी-फेयर्ड लुक को बरकरार रखे हुए है। पल्सर 220 एफ की सबसे बड़ी खासियत इसकी किफायती कीमत और दमदार परफॉर्मेंस है। इसकी सीटिंग पोजीशन और सस्पेंशन सेटअप लंबी यात्राओं के लिए इसे आरामदायक बनाते हैं। सेमी फेयर्ड डिजाइन भी आज भी युवाओं के बीच आकर्षण का केंद्र है। हालांकि पल्सर 220 एफ में कुछ अपडेट हुए हैं, लेकिन इसमें एलईडी लाइट्स, डुअल चैनल एबीएस और राइडिंग मोड्स जैसी नई बाइक्स की सुविधाएं नहीं हैं।

# डिजिटल धोखाधड़ी से ग्राहकों को बचाने एयरटेल ने की नई सर्विस लॉन्च

एजेंसी ■ नई दिल्ली




आजकल स्पैम कॉल्स और एसएमएस काफी बढ़ते जा रहे हैं। स्पैम कॉल्स और एसएमएस से लोगों के साथ फ्रॉड हो जाता है। ऐसे में स्पैम कॉल्स और एसएमएस पर प्रतिबंध लगाने के लिए भारती एयरटेल ने अपने ग्राहकों की सुविधा के लिए नई सर्विस लॉन्च की है। कंपनी ने डिजिटल धोखाधड़ी से अपने ग्राहकों को बचाने के लिए यह पहल की है। एयरटेल ने भारत का पहला नेटवर्क-बेस्ड, एआई पावर्ड स्पैम डिटेक्शन सॉल्यूशन लॉन्च किया है। इस सर्विस से यूजर्स स्पैम कॉल्स और एसएमएस से बच सकते हैं। कंपनी का कहना है कि ये सॉल्यूशन स्पैम कॉल्स और सॉल्यूशन की रियल टाइम की जानकारी यूजर्स को देगा।

सभी एयरटेल यूजर्स के लिए यह एआई-पावर्ड स्पैम डिटेक्शन सॉल्यूशन एकदम फ्री है। ये सर्विस एयरटेल का कोई भी प्रीपेड और पोस्टपेड यूजर्स इस्तेमाल कर सकता है। इसके अलावा यूजर्स को अपने फोन में इस सर्विस को एक्टिव करने के लिए कुछ नहीं करना है। सर्विस अपने आप ही एयरटेल यूजर के फोन में एक्टिव हो जाएगी। एयरटेल ने इस बात को कंफर्म किया है कि यह सर्विस सिर्फ स्मार्टफोन के लिए है।

एयरटेल के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर और मैनेजिंग डायरेक्टर गोपाल विट्ठल ने बताया कि स्पैम कस्टमर्स के लिए एक खतरा हैं। हमने पिछले 12 महीने इस परेशानी को दूर करने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि डुअल लेयर प्रोटेक्शन के तौर पर डिजाइन इस सॉल्यूशन में दो फिल्टर हैं। एक फिल्टर नेटवर्क लेवल पर काम करता है और दूसरा आईटी डिस्टम लेयर पर। सभी कॉल्स और एसएमएस इस डुअल लेयर प्रोटेक्शन सिस्टम से पास होती हैं। एयरटेल का यह सिस्टम सिर्फ दो मिली सेकंड में 1.5 अरब एसएमएस और 2.5 अरब कॉल्स को डेली प्रोसेस करता है।

## अर्थव्यवस्था

ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस गोल्डमैन सैश का अनुमान

# 2030 तक बुलेट की गति से दौड़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

एजेंसी ■ नई दिल्ली





भारत 2030 तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बने रहने की संभावना है। यह बात ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस गोल्डमैन सैश द्वारा जारी रिपोर्ट में कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की स्थिर आय और मजबूत आर्थिक विकास के कारण अर्थव्यवस्था वैश्विक चुनौतियों के बावजूद मजबूती से आगे बढ़ रही है।

गोल्डमैन सैश ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत की निफ्टी की कुल आय और बाजार पूंजीकरण पिछले पांच वर्षों में 18 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ी है। रिपोर्ट में बताया गया कि जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था का विकास होगा, निवेश चक्र की ओर शिफ्ट होने की संभावना है, इसमें ऑटोमोबाइल, रियल एस्टेट और केमिकल जैसे उद्योगों में मुनाफे की हिस्सेदारी में बढ़ोतरी हो सकती है। यह आर्थिक गतिविधियों और निवेश प्रवाह को भी प्रोत्साहित करेगा। बात दें कि इसके पहले मूडीज ने कहा था कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 में 7.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जबकि एसएंडपी ग्लोबल ने इस दर को 6.8 प्रतिशत बताया था। साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय जीडीपी वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने की संभावना है। हालांकि, ग्लोबल रेटिंग एजेंसियों ने जून तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि में मामूली गिरावट की आशंका जाहिर की है। इसका प्रमुख कारण अधिक ब्याज दरों के चलते शहरी मांग में कमी और खाद्य महंगाई को बताया गया है। आरबीआई के लिए ब्याज दरों में कटौती करने की सबसे बड़ी चुनौती महंगाई पर नियंत्रण है। रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष अक्टूबर में आरबीआई ब्याज दरों में कटौती कर सकता है, और चालू वित्त वर्ष में दो बार ब्याज दर में कटौती की संभावना है। भारत की बढ़ती जीडीपी और सकारात्मक निवेश माहौल इस बात का संकेत है कि देश आने वाले वर्षों में भी आर्थिक रूप से वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखेगा।

# जुकरबर्ग दुनिया के तीसरे सबसे अमीर इंसान बने, मस्क व बेजोस टॉप पर

**नई दिल्ली।** दुनिया की करीब आठ बिलियन की आबादी में कुल 2,781 लोग अरबपति हैं और इनसे ज़्यादा अमीर लोगों की सूची में से सिर्फ़ तीन ही ऐसे लोग हैं जिनकी कुल संपत्ति 200 बिलियन डॉलर के बराबर या उससे भी ज़्यादा है। मेटा प्लेटफॉर्म्स के को-फाउंडर और सीईओ मार्क जुकरबर्ग भी 200 बिलियन डॉलर नेटवर्थ के साथ सबसे अमीर अरबपतियों के क्लब में शामिल हो गए हैं। टेस्ला के चीफ एलन मस्क और अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस पहले से इस क्लब में शामिल हैं। लुईस वुटिटोन के चेयरमैन बर्नार्ड अरनॉल्ट 200 बिलियन डॉलर की संपत्ति के क्लब में शामिल होने से कुछ ही दूरी पर है। बर्नार्ड अरनॉल्ट के पास 183 बिलियन डॉलर की संपत्ति है। डेटाबेस कंपनी ओराकल के लैरी एल्लीसन भी 200 बिलियन डॉलर नेटवर्थ के आसपास ही हैं और उनके पास 189 बिलियन डॉलर की संपत्ति है। बर्नार्ड अरनॉल्ट की संपत्ति में इस साल 24.2 बिलियन डॉलर की कमी आई है जबकि लैरी एल्लीसन के नेटवर्थ में 55.6 बिलियन डॉलर का उछाल आया है।

ब्लूमबर्ग बिलियनायर इंडेक्स के मुताबिक भारत के सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी के पास 113 बिलियन डॉलर की संपत्ति है। जबकि गौतम अडाणी के पास 105 बिलियन डॉलर की संपत्ति है।

## ब्रीफ न्यूज़

### सातों विकासखण्डो में रोजगार कैम्पों का होगा आयोजन

**मुरैना।** ग्रामीण युवाओं को रोजगार दिलाने के लिये कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देश पर सीईओ जिला पंचायत डॉ इच्छित गढ़पाले ने सातों विकासखंडों में रोजगार कैंप लगाने का निर्णय जारी किया है। जिसमें रोजगार कैंप का आयोजन प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक किया जायेगा। पोरसा विकासखंड में 3 अक्टूबर को,अंबाह विकासखंड में 4 अक्टूबर को, जौरा विकासखंड में 7 अक्टूबर को, कैलारस विकासखंड में 8 अक्टूबर को, पहाड़गढ़ विकासखंड में 9 अक्टूबर को, सबलगढ़ विकासखंड में 10 अक्टूबर को और मुरैना विकासखंड में 11 अक्टूबर को कैंप 11 से 4 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। रोजगार कैंप में समस्त विकासखण्ड स्टॉफ विकासखण्ड में उपस्थित समस्त आईटीआई, कॉलेज एवं ग्रामीण युवाओं से समन्वय कर शिक्षित युवा बेराजगारों को दिये गए।

### वॉइस ऑफ चम्बल के ऑडिशन 28 एवं 29 सितंबर को

**मुरैना।** रोटरी क्लब चम्बल मुरैना द्वारा 13 अक्टूबर को आयोजित होने वाले वॉइस ऑफ चंबल कार्यक्रम के लिए ऑडिशन, 28 एवं 29 सितंबर को दोपहर 12:00 से 4:00 बजे तक होटल धर्म इन मुरैना पर रखे गए हैं। गायन से जुड़ी हुई सभी प्रतिभाओं को सूचित किया जाता है कि जो भी प्रतिभागी वॉइस ऑफ चम्बल कंपटीशन जो कि 13 अक्टूबर को आयोजित होगा। उसमें पार्टिसिपेट करना चाहते है, उनको 28 एवं 29 सितंबर को होने वाले ऑडिशन में अपनी प्रस्तुति निर्णायक मंडल के समक्ष देनी होगी। निर्णायक मंडल द्वारा फाइनल किये गए 10 प्रतिभागियों को वॉइस ऑफ चम्बल के मंच पर गाने का अवसर प्रदान किया जाएगा। सभी को सूचित किया जाता है कि ऑडिशन एवं वॉइस ऑफ चम्बल में रजिस्ट्रेशन हेतु कोई चार्ज नहीं रखा गया है।

### महाराज दक्ष प्रजापति की भव्य शोभायात्रा आज, होगा लाइव प्रसारण

**मुरैना।** प्रजापति सभा मुरैना के तत्वावधान में 27 सितंबर को जिला मुख्यालय पर महाराज दक्ष प्रजापति की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस चल समारोह का यूट्यूब चौनल पर लाइव प्रसारण किया जायेगा। सभा के अध्यक्ष रामऔतार सिंह प्रजापति ने बताया कि शोभायात्रा सुबह 10 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण से शुरू होगी, जो शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई शाम को गोपालपुरा बनखण्डी रोड स्थित वृंदावन गार्डन में पहुंचकर समाप्त होगी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद शिवमंगल सिंह तोमर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव शक्ति धर्मार्थ सेवा संस्थान सती माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश प्रजापति नई दिल्ली करेंगे। शोभायात्रा में महाराज दक्ष प्रजापति सहित भगवान शंकर, राधा कृष्ण,राम दरबार,भक्त प्रहलाद की गुरु श्री यादे मां संत गोरा भगत, संत कूवा भगत, काशी भगत महाराज आदि की भव्य एवं जीवंत झांकियां निकाली जाएगी। सभा ने समाज के लोगों से इस भव्य शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भागीदार कर पुण्य लाभ उठाने की अपील की है।

### पिछले तीन माह में वाहनों के 17 लायसेंस निरस्त

# नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही करने में कोताई न बरतें: कलेक्टर



सत्ता सुधार ■ मुरैना

गुरूवार को कलेक्टेट सभागार मुरैना में यातायात संबंधी बैठक कलेक्टर अंकित अस्थाना एवं पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री अस्थाना ने आरटीओ एवं ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिये कि नियम विरूद्ध वाहन चलाने वाले मालिकों पर चालानी कार्यवाही करें। इस कार्य में कोई कोताई न बरतें। ई-रिक्शा को एक दिन के लिये एसएफ ग्राउण्ड में बंद कर दें ताकि यातायात में सुधार हो सके। कलेक्टर ने कहा कि पिछली बैठक में निर्देश दिये गये थे कि पुराना हॉस्पीटल गेट व बस स्टेण्ड पर ई-रिक्शा रूकने के लिये मिट्टी मुरम डालकर एक अतिरिक्त पाइप लगाकर रस्सा से रौ बनाई जाये, ताकि ई-रिक्शा उसी रौ में आकर रूके और सवारियों को बिठा सकें। इससे एमएस रोड़ पर ट्राफिक व्यवस्था खराब न हो। कलेक्टर ने कहा कि छौंदा टॉल प्लाजा पर एक अतिरिक्त लेन एम्बुलेंस के लिये छोड़नी चाहिये। मेरे द्वारा पिछली बैठक में भी निर्देश दिये गये थे। कलेक्टर ने कहा कि छौंदा टोल प्लाजा पर जाम के हालात नहीं सुधरे तो कार्यवाही के लिये पत्र जारी किया जायेगा। पिछले तीन माह में ऐसे वाहन चालकों के 17 लायसेंस निरस्त किये है, जो नियमों का पालन नहीं कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने कहा कि चालानी कार्यवाही में ट्रैफिक पुलिस कोताई न बरतें, नियमों का पालन होना चाहिये। ट्रैफिक पुलिस नेम प्लेट लगाकर कार्यवाही करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि फ्लाईओवर के नीचे सिविल वर्क 15 दिन में पूर्ण हो जायेगा, उसके बाद बस ऑपरेटर्स नियमों का पालन करते हुये बसों का संचालन करें। बैठक में बस ऑपरेटर्स एवं अन्य गणमान्य नागरिकों के सुझाव भी प्राप्त हुये, जिनपर अमल करने का आश्वासन अधिकारी द्वारा दिय गया।

#### अगले 15 दिवस में आवारा गौवंशो को गौशाला भिजवायें

कलेक्टर श्री अस्थाना ने कहा कि शहरी सीमा में आवारा पशुओं से होने वाली समस्या से निजात दिलाने के लिये नगर निगम को प्रतिदिन ट्रोला चलाकर आवारा गौवंश को आसपास की गौशालाओं में छोड़ने के निर्देश दिये गये थे। किन्तु निगम के द्वारा मात्र 72 गायों को गौशालाओं में शिफ्ट किया गया है, यह कार्य संतोषजनक नहीं है। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि अगले 15 दिवस में शहर की एमएस रोड़ से 300 आवारा गौवंशो को नगर के आसपास बनी गौशालाओं में भिजवायें, इसके लिये भले ही उन्हें ट्रोला किराये पर क्यों न लेना पड़े। उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिये कि प्रतिदिन भेजी जाने वाली गौवंश की संख्या मोबाइल पर भेजे।

# जिले की सभी गौशालायें संचालित करायें : कलेक्टर

### जहां पानी का स्त्रोत नहीं है, वहां पंचायत टेंकर के माध्यम से गौशालाओं में पानी उपलब्ध करायें



सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले में 82 गौशालायें स्वीकृत है, जिनमें से 80 गौशालायें पूर्ण हो चुकी है, दो गौशालायें अपूर्ण है। अपूर्ण गौशालाओं की जानकारी एवं पूर्ण ना होने के कारण वैटनरी विभाग टीएल में प्रस्तुत करें। ये निर्देश कलेक्टर अंकित अस्थाना ने जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की बैठक में दिये। बैठक में गौपालन समिति के सभापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री अस्थाना ने कहा कि मेरे द्वारा चुरहेला की गौशाला का निरीक्षण किया गया। गौशाला संचालन होने में क्या-क्या कमियां आ रही है, उन कमियों को दूर करने के लिये सभी मीटिंग में बैठे पदाधिकारी अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि छोटी-मोटी कमियों के कारण जो गौशालायें अप्रारंभ है, उन्हें प्रारंभ कराया जाये। उन्होंने कहा कि लभनपुरा और पलकिनी, जारोनी की गौशालायें भी छोटे मोटे कारणों को बताकर बंद करवाई गई हैं। कलेक्टर ने कहा कि पानी के अभाव में सगोरिया गौशाला बंद बताई जा रही है, जहां-जहां गौशालाओं के बोर बंद है, पानी का स्त्रोत नहीं है। वहां पंचायतों के माध्यम से टेंकर का प्रबंध करके गौशालायें संचालित होना चाहिये। कलेक्टर ने कहा कि नगर निगम मुरैना के अंतर्गत एमएस रोड़ के अलावा नूरावाद से बेरियर चौराह तक आवारा गौवंश सड़कों पर घूम रहे हैं। उन गौवंशों को नगर निगम ट्रोला में भरकर इन गौशालाओं में शिफ्ट करें, ताकि गौशालायें भी संचालित हो सकेगी। आवारा गौवंश के कारण घटिनायें घटित नहीं होगी। कलेक्टर ने कहा कि संचालित गौशालाओं पर डॉक्टर का प्रबंध रहे। नगर निगम के अंतर्गत लगभग 50 नंदी को करह आश्रम की गौशाला में शिफ्ट कराया जायेगा। इसके अलावा धनेला गौशाला के संचालन में करह आश्रम सहयोग करेगा।

# नगर परिषद ने सड़क किनारे से दुकानदारों का हटवाया अतिक्रमण, व्यापारियों ने किया विरोध



सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले की बानमोर नगर परिषद द्वारा बुधवार को स्वच्छता अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। नगर परिषद टीम द्वारा बानमोर के सदर बाजार, स्टेशन रोड़ पर दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। जिन दुकानदारों ने अतिक्रमण नहीं हटाया तो उनका सामान जब्त किया गया। साथ ही आगे से अतिक्रमण न करने की समझाईश दी गई। टीम ने सड़क किनारे मलवा, मिट्टी, दुकानदारों के टपरे भी हटवाए। इस दौरान सीएमओ दिनेश श्रीवास्तव, नगर परिषद अध्यक्षा गीता लक्ष्मण जाटव, वार्ड पार्षद अशोक राजपूत, सफाई दरोगा सुनील बाल्मीकि अन्य सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

इस दौरान नगर परिषद सीएमओ दिनेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अतिक्रमण से सभी लोगों को परेशानी होती है, दुकानदरों को नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा था। बुधवार को सीएमओ ने अतिक्रमण दस्ते के साथ शहर की सड़कों पर पैदल भ्रमण कर स्वयं अपनी देखरेख में अतिक्रमण हटवाया और नाले-नालियों की सफाई कराकर डेंगू मच्छरों से बचाव के लिए फॉगिंग मशीन से शहर में दवा का छिड़काव भी किया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान नपा टीम की कुछ दुकानदारों से हल्की नोकझोंक भी हुई, लेकिन सीएमओ के अतिक्रमण हटाने के सख्त रवैया के आगे किसी की एक भी नहीं चली। टीम द्वारा दुकानदारों का कुछ समान जब्त कर लिया और कुछ दुकानदारों ने समझाईश के बाद अपना सामान स्वयं अपने हाथों से हटाकर अंदर कर लिया।

# सिविल सर्जन के दबाव में कराया झूठा मामला दर्ज, एएसपी को दिया ज्ञापन



**मुरैना।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत जिला अस्पताल में बुधवार की सुबह सिक्योरिटी गार्ड की डॉक्टर के पर्सनल सिक्योरिटी गार्ड ने मारपीट कर दी थी, जिसका वीडियो वायरल हुआ और पीड़ित ने मामला भी दर्ज कराया। अब इस मामले में एक नया मोड़ आ गया है और आरोपी पर्सनल सिक्योरिटी गार्ड ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को झूठी एफआईआर दर्ज होने की जांच कराने की मांग की है। आरोपी राम शर्मा ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में कहा है कि वह तो भूरे सिंह मामा से मजाक कर रहा था। 3 साल से वहीं काम करता है तथा वीडियो में ऐसा कुछ भी नहीं है। राम शर्मा ने बताया कि सिविल सर्जन एवं पूर्व आरएमओ डॉ सुरेंद्र के बीच कुछ चल रहा था, इसके चलते मेरे विरुद्ध षड्यंत्र पूर्वक तरीके से मामला दर्ज कराया गया है। उल्लेखनीय है कि बुधवार की सुबह 8:30 बजे के लगभग अस्पताल के इमरजेंसी सेवा के यहां पदस्थ सिक्योरिटी गार्ड भूरे सिंह ड्यूटी कर रहा था, तभी डॉ सुरेंद्र गुर्जर का पर्सनल सिक्योरिटी गार्ड राम शर्मा वहां शराब पीकर आया और भूरे सिंह से अभद्रता कर शराब के लिए रुपए मांगने लगा। भूरे सिंह द्वारा मना करने पर राम शर्मा ने उसे उठाकर जमीन पर पटक दिया और मारपीट कर डाली तथा धमकी दी। उक्त घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इधर सिक्योरिटी गार्ड ने आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में मामला दर्ज कराया है।

# सफाई संरक्षकों को किया गया स्वास्थ्य के प्रति जागरूक



सत्ता सुधार ■ मुरैना

एकीकृत परामर्श और प्रशिक्षण केंद्र, आईसीटीसी सिविल हॉस्पिटल जौरा द्वारा म.प्र. राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल व जिला एड्स नियंत्रण समिति मुरैना द्वारा चलायें जा रहें सघन जागरूकता अभियान अंतर्गत आउटरीच गतिविधि के तहत नगर पालिका परिषद जौरा में एचआईवी एड्स जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सीएमओ वीरेंद्र सिंह रावत, स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश कुमार शर्मा, दरोगा महेशचंद्र त्यागी आईसीटीसी परामर्शदाता संदीप सेंगर एसटीएस दिनेश पचौरी, काजल शर्मा एवं जौरा विकास खण्ड के समस्त सफाई संरक्षक मौजूद थे। शिविर के दौरान उपस्थित सभी सफाई संरक्षको को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करते हुए एचआईवी, एड्स एवं यौन रोगों के बारे में जानकारी दी तथा उन्हें स्वस्थ्य रहने हेतु जीवन में स्वच्छता अपनाने की सलाह दी गई। इस अवसर पर सीएमओ रावत के कहा कि आप सभी स्वच्छता के दूत हैं। आपके द्वारा आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं साफ रखा जाता है।आप सभी लोग अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें एवं स्वच्छ रहें समय-समय पर अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करते रहे एवं एचआईवी आदि की निःशुल्क जांचों को सिविल अस्पताल पहुंचकर अवश्य कराएं।



### आयुर्वेदिक/होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**मुरैना।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुष ग्राम गोठ जिला मुरैना में आयुष्मान आरोग्य मन्दिर (आयुष) गोठ द्वारा आयोजित आयुर्वेद/होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया जो जिला आयुष अधिकारी डॉ. सौरभ पुरवार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। शिविर में स्थानीय सरपंच श्रीमती पिंकी तोमर उपस्थित थी। शिविर में आयुर्वेदिक/होम्योपैथी के चिकित्सकों के द्वारा कुल 235 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया। स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकीय सेवाएँ प्रदान करने के लिए चिकित्सकों द्वारा वात रोग, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गठिया, एसिडिटी, साइटिका पाचन संबंधी विकारों और अन्य बीमारियों का विशेष उपचार निःशुल्क किया गया। इसके अतिरिक्त बी.पी, शुगर, हिमोग्लोबिन की जांचे भी मुक्त में की गई।

# जमीन पर कब्जा करने का प्रयास, नहीं काटने दे रहे फसल, एसपी को दिया ज्ञापन



सत्ता सुधार ■ मुरैना

बानमोर क्षेत्र के जयनगर भोज का पुरा में एक परिवार की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा करने का प्रयास करते हुए फसल को नहीं काटने दिया जा रहा है। नूराबाद थाने में शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में उत्तम सिंह मावई ने बताया है कि जयनगर भोज का पुरा में उसके भाई एवं माताजी के नाम से पुश्तैनी जमीन है, जिसकी तार फे ंसिंग एवं बाउंड्री भी वर्षो से है। बगल से ही हाकिम सिंह की जमीन स्थित है। काफी समय से हाकिम सिंह के पुत्र भागीरथ, भारत, घनश्याम, शत्रुघ्न, बलराम, बंटी, श्रीकृष्ण आदि द्वारा आए दिन जमीन पर कब्जा करने की धमकी दी जा रही है और बटाईदार रविंद्र गुर्जर को खेती करने से मना किया जा रहा है। इस संबध में नूराबाद थाने में भी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आरोपियों द्वारा फसल को नहीं काटने दिया जा रहा तथा धमकी दी जा रही है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की है।

# एलडीएम श्री मंगल ने स्वच्छता की दिलाई शपथ



**मुरैना।** स्वच्छता पखवाड़ा 2024'' के तहत अग्रणी जिला प्रबंधक एन.के. मंगल ने सेंट आरसेटी संस्थान मुरैना में उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों व समस्त स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई। एलडीएम एनके मंगल ने बताया कि हम अपने कार्यालय, समाज और देश को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही ''एक पेड़ मां के नाम अभियान'' के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। आइए, हम सब मिलकर स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य का निर्माण करें। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक भगवान सिंह, सीनियर फैकल्टी सचिन बंसल, फैकल्टी ब्रजेश कुमार वर्मा, कार्यालय सहायक दीपक शाक्य, शिवमोहन सिंह भदौरिया एवं डीएसटी श्रीमती पूजा शर्मा उपस्थिति थीं।

# स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत ग्राम पंचायत मांगरोल में विधायक के नेतृत्व में निकाली स्वच्छता रैली




सत्ता सुधार ■ सबलगढ़

कलेक्टर मुरैना अंकित अस्थाना एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इच्छित गढ़पाले के निर्देश पर विधायक श्रीमती सरला रावत के नेतृत्व में ग्राम पंचायत मांगरोल में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा मनाया गया जिसमें ग्राम पंचायत के मुख्य मार्गो से होकर स्वच्छता रैली निकाली गई।

इस दौरान सभी ग्राम वासियों से अपील की गई कि वे लगातार स्वच्छता का वातावरण बनाने में ग्राम पंचायत का सहयोग करें। ग्राम पंचायत की हर गली में स्वच्छता संदेश लिखे गए हैं एवं पंचायत के सरपंच द्वारा लगातार इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल माँगरोल में किया गया, जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वछता रैली निकाली गई। रैली में सबलगढ़ जनपद सीईओ आर के गौड, ग्राम पंचायत मांगरोल के सरपंच रामदास मरैया, सचिव दर्शन लाल धाकड, जनपद पंचायत से राकेश गोस्वामी बीसी स्वच्छ भारत मिशन, शासकीय विद्यालय मांगरोल के सभी शिक्षक गण छात्र-छात्राएं और ग्रामवासी मौजूद रहे।

# बैंक से 3,40,000 निकालने के बाद विकलांग युवक रहस्यमय तरीके से लापता, गुमशुदगी हुई दर्ज



सत्ता सुधार ■ मुरैना

शहर की दो बैंकों से रुपए निकालने के बाद स्कूल संचालक विकलांग रहस्यमय परिस्थितियों में बुधवार की सुबह लापता हो गया और मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ है। इसके बाद परेशान परिजनों द्वारा काफी तलाश किए जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर कोतवाली थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई गई है। पुलिस द्वारा स्कूल संचालक की तलाश की जा रही है।

जीएसएच स्कूल हिंगोना कलॉ निवासी गौरी शंकर जाटव ने बताया कि उसका पुत्र विनोद जाटव शादीशुदा है और तीन बच्चों का पिता है तथा विकलांग भी है, वही गांव में स्कूल संचालित करता है। स्कूल के लिए एक मैजिक गाड़ी खरीदनी थी, जिसके लिए उसे बुधवार की सुबह 10:00 बजे बैंक से पैसा निकालने के लिए मुरैना भेजा था, जिसके बाद उसने मुरैना भारतीय स्टेट बैंक जीवाजी गंज एवं व्यवसायिक औद्योगिक बैंक में पहुंचकर 3,40,000 निकाले। दोनों बैंक से पैसा निकालने के कुछ देर बाद उसका मोबाइल फोन बंद आने लगा और वह घर नहीं पहुंचा। काफी इंतजार के बाद उसे सभी जगह तलाश किया गया, लेकिन वह नहीं मिला। बुधवार से ही उसका फोन बंद है, पुत्र के न मिलने पर निराश होकर गौरी शंकर ने ग्रामीणों के साथ सिटी कोतवाली पहुंचकर विनोद के लापता होने की सूचना दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा गुमशुदगी दर्ज करते हुए युवक की तलाश की जा रही है। पिता गौरीशंकर द्वारा किसी भी आशंका को लेकर अनविज्ञता जताई है।

## ब्रीफ न्यूज

### आज 13 वाहन जप्त कर चालानी कार्रवाई की गई, परिवहन और पुलिस द्वारा की गई संयुक्त कार्यवाही



**दमोह ।** जिले में परिवहन और यातायात विभाग वाहनों की चेकिंग कर कार्यवाही कर रहा है, आज 13 वाहन जप्त कर चालानी कार्रवाई की गई है और यातायात थाने में रखा गया है।इसमें 11 ऑटो और एक स्कूली वैन तथा एक पिकअप शामिल है। कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर लगातार कार्यवाही की जा रही है, जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस के सहयोग से जिला परिवहन विभाग दमोह द्वारा ओवरलोडिंग, बिना परमिट, फिटनेस, बीमा के संचालित वाहनों यथा मालयान में सवारी ले जाने एवं अन्य मोटरयान में नियमो अधिनियमों के उल्लंघन करने पर तीन माह में 69 वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 14 लाख से अधिक का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। एक पिकअप वाहन ओवरलोड जप्त कर यातायात थाने में रखा गया। इसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वच्छता का संदेश देने बनाई पेंटिंग

**शहडोल।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आवाहन में देश भर में स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। शहडोल जिले में भी स्वच्छता ही सेवा अभियान अभियान को सफल बनाने हेतु कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मागदर्शन एवं निर्देशन में जिले के प्रत्येक नगर, नगरपरषिद, नगरपालिका ग्राम, ग्राम पंचायत, कार्यालयों एवं स्कूल कालेजों में साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा तथा स्वच्छता का संदेश देने अनेक प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

इसी कड़ी में आज शहडोल जिले के विकासखंड सोहागपुर के शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय विरचारपुर के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता का संदेश देने पेंटिंग बनाई तथा पेंटिंग के माध्यम से अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता का महत्व बताने प्रेरित भी किया।

### पूरे प्रदेश के साथ खंडवा जिले में भी पंडित जी की जयंती मनाकर बड़े स्तर पर चलाया सदस्यता अभियान

**खंडवा ।** एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर पूरे प्रदेश में संगठन पर्व मनाकर बुथ स्तर पर महा सदस्यता अभियान चलाया गया, प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारी के साथ ही सांसद विधायक और पार्टी के पदाधिकारी ने अलग-अलग बुथो पर पहुंचकर पंडित जी की जयंती मनाकर सदस्यता अभियान में सहभागिता की, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व ने प्रदेश के प्रमुख बूथों पर पहुंचकर लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। वार्ड क्रमांक 2 के बूथ क्रमांक-53 के आदित्य एवेन्यू कॉलोनी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को पुष्पांजलि अर्पित कर मकान न. 18 से घर-घर संपर्क कर पार्टी की सदस्यता दिलाकर उन्हें कमल का फूल भेंट किया।

# जैव विविधता को संरक्षित करने में जनजातियों का महत्वपूर्ण योगदान : डॉ. शकुन मिश्रा

### श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का सराहनीय कदम, ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण को लेकर जन जागरूकता शपथ के साथ संदेश

सत्ता सुधार ■ खंडवा

श्री नीलकण्ठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खण्डवा प्राचार्य डॉ. गणेश दावरे के दिशा-निर्देश में प्रो.डॉ. शकुन मिश्रा को प्रमुख अन्वेषक का कार्य दिया है। इस कार्य हेतु जनपद पंचायत पंधाना, छैगांवमाखन, जनपद पंचायत खंडवा एवं जनपद पंचायत खंडवा के ग्राम पंचायत जामन्या कला, ग्राम दोगलिया, ग्राम खियाला चुने गए। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इन ग्राम





पंचायतों में लोगों को पर्यावरण से संबंधित शपथ दिलाई गई। वहीं शिवानी सोनी, रजनी पटेल, सिन्धु सुचार, महेश पवार, सुनिता सूचार, योगिता प्रजापति, प्रिया गोस्वामी, आरती झाला आदि विद्यार्थियों ने ग्राम पंचायतों में जाकर, जनता को पर्यावरण हेतु जागरूक किया है। साथ ही बीएमसी गठित कर दिए गए फॉर्मेट्स में जानकारी जैसे वनस्पति, जीव जंतु, जलीय जंतु, फसल, जंगली जीव, जलीय वनस्पति एवं उनसे संबंधित पारंपरिक ज्ञान की जानकारियां संधारित की। जैव विविधता को संरक्षित करने में जनजातियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। जो पौधे उनके गोत्र से संबंधित होते उन्हें वे नुकसान नहीं पहुंचाते है। उसकी पूजा करते है। इसका उदाहरण भी देखने को मिला। एक ग्राम में 102 वर्षीय दादाजी का कहना है कि मैंने जीवन भर जानवर चराए और जंगल में भूख लगने पर गकर्या कंद, काल्या कंद सेमल कंद, अनाज में कोदो कुटकी खाई। आज सुनाई कम देता है पर स्वस्थ हूं। लोक जैव विविधता पंजी, राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल कार्यालय में 6 ग्राम पंचायत के पीबीआर जमा किए गए।

#### इनके मार्गदर्शन में किया कार्य

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि प्रो. डॉ. शकुन मिश्रा आज जाना-पहचाना नाम है। सभी पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए रिश्तो को साधते हुए। स्वर्गीय श्री चंद्रशेखर मिश्रा की बहू एवं श्री दिनेश मिश्रा सेवानिवृत डिप्टी कमिश्नर की पत्नी एवं दो बच्चो सहित माता पिता भाई बहन परिवार के सभी बच्चो को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाया। मध्य प्रदेश एसबीबी भोपाल के श्री शुभम पंकज सर, मेडम शिवानी शर्मा तकनिकी विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में जमीनी स्तर पर सराहनीय कार्य किया गया।

# दमोह जिले में सड़क दुर्घटना रोकने में सहभागी बने आमजन

### जिला प्रशासन की जिले वासियों से अपील

### कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आज मन बहुत दुःखी है

सत्ता सुधार ■ दमोह



कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर कल ग्राम समन्ना के समीप कटनी मार्ग पर हुई भीषण दुर्घटना से दुखित होते हुए कहा दमोह के गुप्ता परिवार के 09 लोगों का सड़क दुर्घटना में निधन के समाचार ने पूरे दमोह को झकझोर कर रख दिया है। क्या आप उस घनघोर पीड़ा की कल्पना कर सकते हैं , जिससे परिवार के सदस्य गुजर रहे होंगे, साधारण परिस्थिति में अपने जीवन का गुजारा करने वाले एक परिवार के लिए ये सचमुच असाधारण दुख की बेला है। आज किसी ने बेटा, किसी ने पिता , किसी ने भाई, किसी ने बहन , किसी ने मां को खो दिया। परिवार के लिए ये एक ऐसी अपूरणीय क्षति है , जिसकी अब दुनिया की कोई ताकत भरपाई नहीं कर सकती। ये निश्चय ही सुकून का विषय है कि इस रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना में एक्सीडेंट के स्पॉट से लेकर पीड़ित परिवार के घर तक दमोह का जन - जन संकट का साथी बनकर पीड़ित मानवता की सेवा के लिए उमड़ पड़ा । मीडिया के साथी , समाज सेवी संगठन, स्वयं सेवी संस्थाएं, राज्य सरकार, सम्मानीय जनप्रतिनिधिगण, स्थानीय नागरिक और चिकित्सकों- सभी ने जिला पुलिस और प्रशासन को जो सहयोग दिया , वो कभी भुलाया नहीं जा सकता। सभी के प्रति हृदय से आभार। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा लेकिन यह घटना एक बड़ा सवाल खड़ा करती है और उसका जवाब भी चाहती है। क्या इतनी बड़ी घटना हमारे लिए पहला और आखरी सबक नहीं होना चाहिए कि सड़क पर जीवन रक्षा को लेकर अब बहुत सतर्क और सख्त होने का समय आ गया है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि एक्सीडेंट के कारक कुछ गंभीर विषयों पर ध्यान देने की आवश्यकता है जैसे - नशे में वाहन चलाना, बिना वैध लाइसेंस/परमिट के वाहन चलाना, अनफिट वाहन से यात्रियों का परिवहन, वाहन की तय क्षमता से अधिक सवारी या सामान भरकर ले जाना, रांग साइड चलना, बहुत स्पीड में वाहन चलाना और कट मारना,मोटर साइकल पर 2 से अधिक सवारी बैठकर जाना, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाना,चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट नहीं लगाना,निर्धारित रूट पर वाहन नहीं चलाना और उसे मनमर्जी से नए रूट पर ले जाना, यात्री वाहनों में यात्री सुरक्षा और सुविधा के पर्याप्त इंतज़ाम नहीं होना। उन्होंने कहा इन सब बिंदुओ पर एक एक्शन प्लान के तहत पुलिस और प्रशासन मिलकर कार्यवाही करेंगे और दोषियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। लेकिन क्या हम समाज की ओर से भी एक मुहिम चला सकते हैं ।

### पोषण माह अंतर्गत पोषण प्रदर्शनी कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**शहडोल ।** महिला बाल विकास ब्यौहारी अंतर्गत पोषण माह की गतिविधियां आयोजित की जा रही है इसी कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत सरसी एवं चौरी में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मनोज लरोकर और प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती रोशनी तिवारी के मार्गदर्शन में सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती सुनीता नामदेव और समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्राम की महिलाओं और किशोरियों के द्वारा पोषण प्रदर्शनी का कार्यक्रम आयोजित किया गया साथ ही दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पोषण प्रदर्शनी में मोटे अनाज और संतुलित आहार और पूरक पोषण आहार से बनने वाले व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाकर हितग्राहियों को जानकारी दी गई।

## पोषण वाटिका विकसित करने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



सत्ता सुधार ■ शहडोल

महिला बाल विकास परियोजना बुढ़ार अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ियों केन्द्रों को सक्षम बनाने की दिशा में केन्द्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में उन्नयन किए जाने के क्रम में पोषण वाटिका का निर्माण भी एक महत्वपूर्ण घटक है, जिस हेतु परियोजना बुढार के अंतर्गत चयनित 56 आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ताओं को पोषण वाटिका विकसित करने हेतु बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र की कृषि वैज्ञानिक श्रीमती डॉक्टर अल्पना शर्मा द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ाने एवं आंगनबाड़ी की बाउंड्री के अंदर क्यारी बनाने फल एवं सब्जियों के पौधे लगाने के साथ में ऑर्गेनिक खाद बनाने की विधियां बताई गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा पूछे गए प्रश्न एवं शंकाओं पर भी चर्चा की गई आंगनबाड़ी केंद्रों में जहां जगह सीमित है उन स्थानों के लिए टी एच आर के बैग में भी मिट्टीभर कर पौधे उगाने की तकनीक बताई गई उक्त प्रशिक्षण में प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती राम कुमारी पांडेय मैडम के साथ परियोजना की समस्त पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## लायन्स क्लब खण्डवा ने करवाया सेंड स्लेट का निर्माण

### दिव्यांग बच्चे होंगे लाभान्वित

**खण्डवा ।** बधिर लोगों और सांकेतिक भाषा का इस्तेमाल करने वाले लोगों की भाषा और संस्कृति का समर्थन करने और उसका जश्न मनाने के दिन अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस 2024 के अवसर पर लायन्स क्लब खण्डवा अध्यक्ष अणिमा उबेजा, सचिव घनश्याम वाधवा, कोषाध्यक्ष, वसीम कुरेशी एवं कार्यक्रम संयोजक रेखा रामस्नेही के नेतृत्व में सीडब्ल्युएसएन दिव्यांग छात्रावास खण्डवा पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नारायण बाहेती ने जानकारी देते हुए बताया कि लायन्स क्लब मानव सेवा के कार्यों के साथ साथ विशेष दिवसों पर भी सम्बंधित कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए जनजागरुकता के कार्य निरंतर रुप से आयोजित करता है। इसी कड़ी में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस 2024 के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरमीत सिंह उबेजा ने कहा की अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस सभी बधिर व्यक्तियों और सांकेतिक भाषाओं का उपयोग करने वाले लोगों की भाषाई पहचान और सांस्कृतिक समृद्धि के संरक्षण और संवर्धन की वकालत करने का एक विशेष अवसर प्रदान करता है।

## केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को दी मंजूरी

सत्ता सुधार ■ शहडोल

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनजातीय बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में जनजातीय परिवारों के लिए परिपूर्णता लक्ष्य को अपनाकर जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार हेतु 79,156 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्सा 56,333 करोड़ रुपये और राज्य हिस्साः 22,823 करोड़ रुपये) के कुल परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मंजूरी दी। बजट भाषण 2024-25 की घोषणा के अनुरूप इसमें लगभग 63,000 गांव शामिल होंगे, जिससे 5 करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को लाभ होगा। इसमें 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के जनजातीय बहुल 549 जिले और 2,740 ब्लॉक के गांव शामिल होंगे।

उक्त अभियान के तहत शहडोल जिले के 284 जनजातीय बहुल गांव लाभान्वित होंगे। विकासखंड सोहागपुर के 63, गोहपारू के 50, बुढ़ार के 69, जयसिंहनगर के 54 तथा व्यौहारी के 48 गांव लाभान्वित होंगे। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या 10.45 करोड़ है और देश भर में 705 से अधिक जनजातीय समुदाय हैं, जो दूरदराज और पहुंच से दूर क्षेत्रों में रहते हैं। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का उद्देश्य भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को भरना और पीएम जनमन (प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान) की सीख और सफलता के आधार पर जनजातीय क्षेत्रों एवं समुदायों का समग्र और सतत विकास सुनिश्चित करना। इस मिशन में 25 कार्यक्रम शामिल हैं, जिन्हें 17 मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा। प्रत्येक मंत्रालय/विभाग अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्य योजना (डीएपीएसटी) के तहत उन्हें आबंटित धनराशि के माध्यम से अगले 5 वर्षों में समयबद्ध तरीके से इससे संबंधित योजना के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी होगा, ताकि निम्नलिखित लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। कौशल विकास उद्यमिता को बढ़ावा देना और आजीविका (स्वरोजगार) में सुधार करना प्रशिक्षण (कौशल भारत मिशन/जेएसएस) तक पहुंच प्रदान करना और यह सुनिश्चित करना कि एसटी समुदाय के छात्र/छात्राएं हर साल 10वीं/12वीं कक्षा के बाद दीर्घकालिक कौशल पाठ्यक्रमों तक पहुंच प्राप्त करें। इसके अलावा, जनजातीय बहुउद्देशीय विपणन केंद्र (टीएमएमसी) के माध्यम से विपणन सहायता, पर्यटक गृह प्रवास, कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन के माध्यम से एफआरए पट्टा धारकों को सहायता प्रदान करना।

#### समक्ष बुनियादि ढांचा निश्चित करना

पात्र परिवारों के लिए पक्का घर और अन्य सुविधाएं पात्र अनुसूचित जनजाति (एसटी) परिवारों को पीएमएवाई (ग्रामीण) के तहत नल के पानी (जल जीवन मिशन) और बिजली आपूर्ति (आरडीएसएस) की उपलब्धता के साथ पक्के आवास मिलेंगे। पात्र एसटी परिवारों की आयुष्मान भारत कार्ड (पीएमजेएवाई) तक भी पहुंच होगांव के बुनियादी ढांचे में सुधारः एसटी बहुल गांवों (पीएमजीएसवाई) के लिए सभी मौसम में बेहतर सड़क संपर्क, मोबाइल कनेक्टिविटी (भारत नेट) और इंटरनेट तक पहुंच प्रदान करना, स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा में सुधार के लिए बुनियादी ढांचा (एनएचएम, समग्र शिक्षा और पोषण) सुनिश्चित करना।

## सदाचारी और संतुष्ट व्यक्ति सदा सुखी रहता है, सुखी रहने के लिए मनभेद नहीं होना चाहिएः मुनि श्री विनत सागर

### सेठीनगर नगर प्रवास के लिए मुनिसंघ को किया श्रीफल भेंट सेठी नगर मंडल ने

सत्ता सुधार ■ खण्डवा

सुख और शांति बाहर नही हमारे भीतर ही है, सुख की रोशनी ज्ञान के चिराग जलाने से मिलती है परंतु हम वह सुख विषय भोगों मे ढूंढते हें, बाहरी विषय सुख शांति के पैमाने नही होते, ज्ञानी, सदाचारी और संतुष्ट व्यक्ति सदा सुखी रहता है, यह उदगार मुनी श्री विनत सागर जी महाराज ने चल रहे भक्तांबर शिविर में प्रवचन देते हुए कहें, मुनि श्री ने कहा कि मतभेद , प्रतिस्पर्धा सदैव संभव हैं परंतु हमारे बीच मनभेद कभी नहीं होना चाहिए, चाहे कितना भी किसी से झगड लो परंतु आपसी



संप्रेषण कभी भी बंद नही करना चाहिए बातचीत बंद होने की अवस्था किसी रिश्ते के प्राण समाप्त कर देती है, समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि नगर में पहली बार मुनि संघ के सानिध्य में भक्तांबर शिविर का 48 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान चल रहा है, प्रतिदिन पूजा अर्चना भगवान के अभिषेक व शांति धारा के साथ मुनिश्री के प्रवचन का लाभ श्रद्धालु प्राप्त कर रहे हैं, गुरुवार को प.पू गुरुदेव विनतसागर जी ने भक्तामर शिविर के 43 वें दिवस पर सर्व शांति प्रदायक छंद की विवेचना प्रस्तुत की, मुनी सेवा समिति के प्रचार मंत्री सुनील जैन प्रेमांशु जैन ने बताया कि शिविर की मांगलिक क्रियाओं को टीकमचंद बडजात्या परिवार ने संपन्न किया, कार्यक्रम में मंगलाचरण श्रीमती शीला,रश्मि,राशि बडजात्या ने किया, इस अवसर पर सेठी नगर मंडल ने मुनिसंघ के श्रीचरणों मे सेठीनगर प्रवास हेतु श्रीफल भेंट किया, मंगलवार एक अक्टूबर को मुनिसंघ के दीक्षागुरु उच्चारणाचार्य विनम्रसागरजी महाराज का अवतरण दिवस मनाने 60 यात्रियों का दल भोपाल जायेगा।

### श्रीमद्भागवत समापन अवसर पर भावुक हुए महाराज श्री व श्रोता

**खण्डवा।** भक्त की साधना से खुश होकर भगवान रीझ जाते हैं। कलयुग केवल नाम अधारा ,सुमिर सुमिर नर उतरहि पारा।कलियुग में जीवन के सभी पापों से मुक्ति का एक मात्र आधार भगवान की भक्ति है। भगवान का नाम स्मरण करने से ही भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है।भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है। उपरोक्त उदगार श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ समिति खण्डवा द्वारा 19 सितंबर से 25 सितंबर तक पुरानी अनाज मंडी प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन दिवस व्यासपीठ पर विराजित पंडित अंकित कृष्ण तेनगुरिया बटुक जी महाराज श्री बटेश्वर धाम विदिशा ने व्यक्त करते हुए कहे। श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ समिति खण्डवा के संरक्षक हरिप्रसाद बंसल, अध्यक्ष रामस्वरूप बाहेती, सचिव शेलेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष घनश्याम दास शाह, मुख्य जजमान ललित सेन सह जजमान सुनील बंसल व सुनील अग्रवाल ने व्यासपीठ का विधि विधान से पूजन किया।बटुक जी महाराज ने कथा में सुदामा चरित्र के माध्यम से श्रोताओं को श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता की मिसाल पेश की।समाज को समानता का संदेश दिया।

## समाज ने सहयोग किया यह निश्चय ही इस बात का प्रतीक है कि दमोह में लोग कितने संवेदनशील है-कलेक्टर



### नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी

सत्ता सुधार ■ खण्डवा

जिले के ग्राम समन्ना के समीप कटनी मार्ग पर हुई दुर्घटना में नौ लोगों की मृत्यु होने पर आज जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के मुखिया शमशान घाट पहुंचकर अंतिम संस्कार में शामिल हुए। कलेक्टर श्री कोचर और पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने शोक संतप्त परिवार के लोगों से बात की और संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया। शमशान घाट में बड़ा ही हृदय विधायक दृश्य था । प्रशासन द्वारा किए गए इंतजामों को लेकर लोगों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके पूर्व कलेक्टर श्री कोचर और पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी एक अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए हटा नाका शमशान घाट भी पहुंचकर शामिल हुए थे। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कुल 9 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी, जिसमें से एक अंत्येष्टि हटा नाका मुक्तिधाम तथा शेष 8 अंत्येष्टियां जटाशंकर मुक्तिधाम में हुई। एक साथ यहां पर 08 चिताओं को अग्नि दी गई है, बहुत ही दुखद माहौल यहां पर रहा, पूरा शहर यहां पर उमड़ा, समाज के सभी वर्गों के लोग यहां पर आए, जिस तरीके से समाज ने कल से इनका सहयोग किया है यह निश्चय ही इस बात का प्रतीक है कि दमोह में लोग कितने संवेदनशील है और संकट के समय में मदद करने के लिए कितने आगे रहते हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा यहां के पार्षद जी ने लगातार काम किया, सभी लोगों ने परिवार का पूरा सहयोग किया। बालक हर्ष गुप्ता जिनकी माताजी 4 साल पहले शांत हो गई थी, अभी उसके पिताजी भी इसमें शांत हो गए हैं, वह अकेले बचे हैं, उस बालक की पूरी देखरेख की जिम्मेदारी प्रशासन की है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा बालक को मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना का पूरा लाभ दिलवाया जायेगा, इसके अलावा जितने भी मृतक और घायल है उनके परिवारों के लिए मुख्यमंत्री जी ने सहायता राशि घोषित की है।

**मदद** रेल्वे,मेडिकल कालेज ,जिला चिकित्सालय ,लियो व लायन्स ने दी सेवाएं

# राजधानी एक्सप्रेस में महिला को ऑक्सीजन सिलेंडर देने पहुंचे विभिन्न संस्था सदस्य

सत्ता सुधार ■ खण्डवा

खण्डवा शहरवासी व संस्थाए सेवा के लिए सदैव तैयार रहते हैं। जब भी सेवा की आवश्यकता होती है।सूचना मिलते ही सेवा के लिए दौड़ पड़ते हैं। समाजसेवी सुनील जैन व नारायण बाहेती ने बताया कि मंगलवार रात्रि में भी कुछ ऐसा ही हुआ।मंगलवार रात्रि में राजधानी एक्सप्रेस के,3 कोच में परिवार के साथ इलाज करवाकर मुम्बई से दिल्ली जा रही मरीज माधुरी गौतम उम्र 48 वर्ष यात्रा कर रही थी। आवश्यकता के लिए आक्सीजन सिलेण्डर भी साथ था। रास्ते मे आक्सीजन की अधिक आवश्यकता पड़ने से सिलेण्डर खाली हो गया। साथ जा रहे परिवार के लोग घबरा गए।उन्होंने रेल्वे के



साथ ही अपने अलग अलग रिश्तेदारों के माध्यम से खण्डवा में जिला चिकित्सालय, मेडिकल कालेज, लायन्स क्लब व लियो क्लब सदस्यों को फोन से सूचना प्राप्त हुई ।कुछ ही समय मे राजधानी एक्सप्रेस खण्डवा पहुँचेगी ।डॉक्टर्स व आक्सीजन सिलेंडरों की आवश्यकता है। सभी ने अपने अपने स्तर पर प्रयास किये।सूचना के आधार पर रेल्वे ने रात्रि 10 30पर राजधानी एक्सप्रेस जिसका स्टॉप खण्डवा नही है उसे रुकवाया रेल्वे डॉक्टर सुमन जिला चिकित्सालय से डॉ अनिरुद्ध कौशल, डॉ रश्मि कौशल,मेडिकल कालेज की टीम व लियो क्लब खण्डवा के अध्यक्ष अर्पित बाहेती, सचिव सुमित परिहार कोषाध्यक्ष शिवम जायसवाल ,पवन जायसवाल व लायन्स क्लब खण्डवा के सचिव घनश्याम वाधवा,डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन नारायण बाहेती , समाजसेवी सुनील जैन,हेमा बाहेती ,झोंन चेयरमैन राजीव मालवीय मदद के लिए आक्सीजन सिलेंडर लेकर पहुचे।डॉक्टर्स टीम ने जांच की । लियो व एक्सपर्ट टीम ने आक्सीजन सिलेंडर बदलकर साथ मे एक्स्ट्रा आक्सीजन सिलेण्डर व फ्लो मीटर दिया। अलग अलग सभी को फोन से सूचना मिलने पर सभी डिपार्टमेंट व संस्थाओं ने बिना समय गंवाए आक्सीजन सिलेंडर लेकर स्टेशन पहुचे। स्टेशन पर चार से अधिक सिलेंडर आ गए। कुछ माह पूर्व में भी लायन्स के राजीव मालवीय ,नारायण बाहेती सुनील जैन व लियो के अर्पित बाहेती सुमित परिहार शिवम जायसवाल के नेतृत्व में लायन्स क्लब खण्डवा व लियो क्लब खण्डवा द्वारा देर रात ट्रेन में आवश्यकता पड़ने पर टीम के साथ आक्सीजन सिलेंडर लाकर मरीज की जान बचाई।

## ब्रीफ न्यूज

### मध्य भारत एग्रो इंडस्ट्रीज करेगी विस्तार 400 करोड़ का और होगा निवेश



**बंडा(सागर)।** ओसवाल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज की इकाई मध्य भारत एग्रो प्राइवेट लिमिटेड अपना विस्तार करेगी यह 400 करोड़ का निवेश करने जा रही है। ग्रुप चीफ ऑपरेशन ऑफिसर अनिल दुबे ने बताया कि एग्रो इंडस्ट्रीज अपना विस्तार करने जा रही है यह इकाई बंडा में बीते 12 साल से चल रही है इसमें खाद एनपीके, डीएपी, एसएसपी खाद बनाई जा रही है इसकी उत्पादन क्षमता 420000 टन सालाना है यहां 500 लोग प्रत्यक्ष व 1500 लोग अप्रत्यक्ष रूप से काम कर रहे हैं यह एएनपी व डीएपी का प्रदेश का पहला प्लांट है।इसका फायदा प्रदेश के किसानों को भी मिल रहा है खाद की किल्लत काफी हद तक कम हुई है अब प्रबंधन इकाई का विस्तार करने जा रही है कानक्लेब में 400 करोड़ का निवेश विस्तार परियोजना पर कर रही है इसकी घोषणा कंपनी के प्रबंधक ने कानक्लेब के पहले ही कर दी है विस्तार से रोजगार में बढ़ोतरी होगी साथ ही खाद उत्पादन बढ़ेगा इसके साथ ही बना नगर का विस्तार भी होगा प्रबंधन का मानना है कि प्रशासन का सहयोग मिलता रहा तो यह इकाई सागर की सबसे बड़ी इकाई बन जाएगी और क्षेत्र के युवाओं को यहां रोजगार भी मिलेगा।

### टीआई बबीता कठेरिया ने 6 साल से फरार बदमाश मुकेश, झांसी यूपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**बीना(सागर)।** पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार लोढ़ा द्वारा स्थाई वारंटी तामील के विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक बबीता कठेरिया द्वारा मुखबिर की सूचना पर टीम गठित की गई, जिसके के बाद जीआरपी बीना की टीम ने आरोपी मुकेश निवासी झांसी को गिरफ्तार किया,बाद वारंटी को न्यायालय के समक्ष पेश किया।उक्त कार्यवाही मे टीआई बबीता कठेरिया के साथ प्रआर.राकेश नरवरिया, आरक्षक अविनाश प्रजापति की सराहनीय भूमिका रही।

### चार पहिया वाहन से अवैध शराब कीमत लगभग 95,000 रूपये एवं वाहन बुलेरा को जब्त किया

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी दीपक अवस्थी के मार्गदर्शन में थाना सानौधा अंतर्गत ग्राम-पड़रिया मुख्य मार्ग पर चार पहिया वाहन बुलेरो, क्रमांक एमपी 36 टी 0978 से अवैध शराब कुल 950 पाव मदिरा ( कुल 171 बल्क लीटर ) जिसकी कुल कीमत लगभग 95,000 रूपये एवं वाहन बुलेरा को जब्त किया। एवं आरोपी वाहन चालक विष्णु बैरागी व राम प्रसाद बैरागी, निवासी-ग्राम भड़राना, थाना- ंडा, सागर को विधिवत गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही के दौरान वृत-प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक डी. के. सिंह,संगीता गुर्जर एवं राजवीर ठाकुर उपस्थित रहे।

# आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित देश-विदेश के उद्योगपति और अधिकारी रीजनल इण्ड्रस्ट्रियल कॉनक्लेव में होंगे शमिल

### रीजनल इण्ड्रस्ट्रियल कॉनक्लेव आयोजन के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था

सत्ता सुधार ■ सागर

रीजनल इण्ड्रस्ट्रियल कॉनक्लेव का आयोजन 27 सितंबर को पीटीसी ग्राउण्ड सागर में आयोजित जाना है।जिसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित देश-विदेश के उद्योगपति और अधिकारी शामिल होंगे। इस दौरान यातायात डायवर्सन एवं पार्किंग व्यवस्था निम्नानुसार रहेगी - आमजनता के आवागमन हेतु प्रतिबंधित / डायवर्ट मार्ग ( समयावधि - प्रातः 09 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक )सिविल लाईन चौराहा से पीली कोठी की ओर मार्ग आवागमन हेतु प्रतिबंधित रहेगा।इमानुअल स्कूल तिराहा से पहलवान बब्बा की ओर जाने वाला मार्ग आमजन हेतु प्रतिबंधित




रहेगा।कृष्णगंज तिराहा एवं एमएलबी स्कूल तिराहा से पहलवान बब्बा की ओर जाने वाला मार्ग प्रतिबंधित रहेगा। झण्डा चौक से पीटीसी ग्राउण्ड वाला मार्ग आम आवागमन हेतु प्रतिबंधित रहेगा। पीटीसी ग्राउण्ड मुख्य द्वार से एमएलबी स्कूल तिराहा से तहसीलदार बंगला तिराहा से पहलवान बब्बा मंदिर तक का मार्ग ( मुख्य कार्यक्रम स्थल के चारों ओर का मार्ग) आवागमन हेतु पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

#### आमजनता के आवागमन हेतु वैकल्पिक मार्ग

सिविल लाईन से कटरा की ओर जाने वाले आमजन सिविल लाईन से केन्ट अथवा जिला पंचायत कार्यालय होकर कटरा की ओर आवागमन कर सकते है।कृष्णगंज तिराहा से सिविल लाईन की ओर जाने वाले आमज, कृष्णगंज वार्ड होकर इमानुअल स्कूल से बीएसएनएल कार्यालय मार्ग होकर सिविल लाईन की ओर आवागमन कर सकते है । एमएलबी स्कूल तिराहा एवं झण्डा चौक तिराहा से सिविल लाईन की ओर जाने वाले लोग, लाल स्कूल गोपालगंज से होकर काली चरण तिराहा से सिविल लाईन वाले मार्ग का उपयोग कर सकते है ।

#### कार्यक्रम स्थल पर आने वाले आगंतुकों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था-

रीजनल इण्डस्ट्रियल कॉनक्लेव में आने वाले आगन्तुको हेतु निम्न लिखित पार्किंग स्थल रहेगे- होमगार्ड कार्यालय ग्राउण्ड खेल परिसर के बाजू में स्थित ग्राउण्ड वात्सल्य स्कूल ग्राउण्ड इमानुअल स्कूल ग्राउण्ड डीएफओ बंगला के पीछे ग्राउण्ड यातायात पुलिस आमजन से यह अनुरोध करती है की उक्त दिनांक को वीआईपी आवागमन से संबंधित क्षेत्रों में वाहनों का दबाव अधिक होने से, यातायात अवरोध की स्थिति से बचने हेतु वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर व्यवस्था में सहयोग प्रदान करे।

## बुंदेलखंड हैकाथॉन 2024, यह सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हमारे युवाओं के सपनों को उड़ान देने का मंच हैः मंत्री राजपूत

सत्ता सुधार ■ सागर

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत आज सागर में आयोजित हुई बुंदेलखंड हैकाथॉन 2024 के आयोजन में शामिल हुए।

मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि बुंदेलखंड हैकाथॉन 2024 में आज हम एक ऐसे मोड़ पर खड़े हैं, जहाँ से बुंदेलखंड की प्रतिभा पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित करने वाली है। यह हैकाथॉन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हमारे युवाओं के सपनों को उड़ान देने का मंच है।क्या आप जानते हैं कि भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप देश बन गया है? यह गर्व की बात है। और अब सागर जैसे शहरों की बारी है इस स्टार्टअप क्रांति में अपनी अमिट छाप छोड़ने की।



#### सपनों को यथार्थ में बदलने का माध्यम है बुंदेलखंड हेकेथान , स्टार्टअप इस दिशा में पहला कदम - विधायक

सागर विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि बुंदेलखंड हेकेथॉन सपनों को यथार्थ में बदलने का माध्यम साबित होगा। स्टार्टअप इस दिशा में पहला कदम है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार सूक्ष्म, लघु उद्योग तथा स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने एवं स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुंदेलखंड के औद्योगिक विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है।

कलेक्टर संदीप जी. आर. ने कहा कि शासन की मंशा हमेशा समस्याओं को हल करने की दिशा में नीति बनाने की होती है। सागर जिले में भी इसी दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं। सागर जिले में रंगीन रोटी कैंपेन भी इस तरीके का ही एक प्रयास है, जिसमें हमारे स्कूली और आंगनवाड़ी बच्चे पोषण युक्त आहार प्राप्त कर रहे हैं। सागर में भी स्टार्टअप्स तथा औद्योगिक वातावरण को बढ़ावा देने के लिए इनक्यूबेशन सेंटर, को-वर्किंग स्पेस जैसी अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### सेंट आरसेटी सागर में- स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के तहत स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

**सागर।** स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता ही संस्कार के आदर्श वाक्य के साथ सेंट आरसेटी सागर में 2024 के स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन बड़े उत्साह और जिम्मेदारी के साथ किया गया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक, चेतेंद्र पाल सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों और संस्थान के समस्त स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर आर. सेटी निदेशक बी. पी. सिंह एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में सभी ने अपने आसपास की सफाई रखने और समाज में स्वच्छता का संदेश फैलाने का संकल्प लिया।इस अभियान के तहत, स्वच्छता के महत्व पर चर्चा करते हुए, एलडीएम ने बताया कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं बल्कि यह हमारे संस्कारों और समाज की उन्नति का प्रतीक है। यह न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करती है।इसके साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## शासकीय प्राथमिक कन्या शाला में मीडिया टीम को नहीं मिले शिक्षक

### सभी शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटा जायेगा

सत्ता सुधार ■ बंडा (सागर)

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में शासन बच्चों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिक्षा विशेष ध्यान दे रहा है किंतु शासकीय शिक्षक अपने कर्तव्यों का तरीका से निर्वहन नहीं कर रहे शासकीय प्राथमिक कन्या शाला जो कि नगर के मध्य सरस्वती शिशु मंदिर के पास स्थित है दोपहर 2~30 पर मीडिया टीम जब निरीक्षण करने पहुंची तो वहां पर सिर्फ एक शिक्षिका ही मिली और शिक्षिका के ही कॉल करने पर शाला प्राचार्य शंभु शरण तिवारी तत्काल विद्यालय में पहुंचे जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि लंच टाइम है इसलिए विद्यालय में शिक्षक नहीं मीडिया टीम को बच्चे यहां वहां घूमते देखे




और विद्यालय में पढ़ाई होती नहीं देखी इस संबंध में अब सवाल यह है होता है कि नगर के बीचो-बीच स्थित विद्यालय में भी शिक्षक अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर रहे तो ग्रामीण क्षेत्र में क्या होता होगा वही नगर में ही बीआर सी एवं बीईओ कार्यालय है और जिम्मेदार अधिकारी आफिस की ठंडी हवा में बैठकर अपनी खाना पूर्ति करते हैं और इन्हें जो दायित्व दिया गया

#### इनका कहना है

मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली जन शिक्षक को भेजा है और दोपहर में लंच के समय शिक्षकों को घर जाना ऐसा कोई नियम विभाग में नहीं है और यदि आगे भी शिक्षक ऐसा करते पाए जाते हैं तो उन पर कार्यवाही की जाएगी।

**- मंतराम सिंह बीआरसी बंडा**

## लोगों ने गैस एजेंसी का स्थान बदलने की मांग की, हो सकती है अप्रिय घटना ?



सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)

प्रदेश में आग लगने की अनेक ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं उससे सबक लेने की आवश्यकता है किंतु बीना में प्रशासन की लापरवाही कहें या उदासीनता बीना गैस एजेंसी शहर के मध्य में ही है किंतु राजनीतिक पकड़ के चलते ना तो प्रशासन बोलता है ना ही जनप्रतिनिधि ऐसा ही एक मामले को लेकर कच्चा रोड पर संचालित भारत गैस एजेंसी का स्थान बदलने की मांग को लेकर बुधवार को स्थानीय लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन देने पहुंचे हिरनछिपा निवासी हरीश राजपूत ने कहा कि जिस बिल्डिंग में गैस एजेंसी संचालित हो रही उसी में श्री नाभिनंदन दिगंबर जैन स्कूल संचालित है। स्कूल में करीब दो हजार बच्चे पढ़ने जाते हैं। स्कूल संचालित होने के दौरान यदि कोई अप्रिय घटना हो जाती है तो भयंकर परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए गैस एजेंसी की संचालन शहर के बाहर या किसी ऐसे स्थान पर किया जाए।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत रिफाइनरी अस्पताल की माध्यम से हुआ नगर पालिका में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर कैंप आयोजित

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत 2 अक्टूबर तक चलने वाले पखवाड़े में स्वच्छता गतिविधियां लगातार आयोजित की जा रही हैं। स्वामी विवेकानंद अस्पताल रिफाइनरी एवं शासकीय चिकित्सालय के माध्यम से बुधवार पंद्रह दिवसीय स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 560 लोगों ने स्वास्थ्य जाँच कराकर लाभ प्राप्त किया।विभिन्न आयु वर्ग, बच्चे, युवा, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाओं ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया, सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर 2.30 बजे तक चला जिसमें 500 से अधिक लोगों ने सामान्य जाँच,पल्स,बीपी,शुगर,ब्लड ग्रुप,कि जाँच करायी, वही नगर पालिका सफ़ाई कर्मियों, गर्भवती महिलाओं एवं बुजुर्गो के संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की गयीं।शिविर में विवेकानंद केंद्र बीना रिफाइनरी से स्वास्थ्य सेवा दल में डॉ ऐ वी एस ठाकुर, डॉ रिचा पुरोहित, फिजियोथेरापिस्ट श्रीमति डॉ मनीषा सिंह राजपूत,बी आर अर्जुन,बी आर सतीश,



धन्नालाल प्रजापति, राकेश ठाकुर, पप्पू भागीरथ, कंचन विश्वकर्मा,सुबेदार विश्वकर्मा, रवि कुर्मी, राहुल उदैनिया सामिल रहे। वही शासकीय अस्पताल की ओर से डॉ गीता आर्य, डॉ धर्मेंद्र सिंह दांगी, डॉ दीपेन्द्र साहू, डॉ सुनील कुमार, लैब टेक्निसीयन दीनदयाल श्रीवास्तव, आदर्श पाटकर, राधेश्याम विश्वकर्मा और जुबेर खान उपस्थित रहे। बुधवार को सुबह स्वास्थ्य शिविर कैंप का उद्घाटन विधायक निर्मला सप्रे नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह,सीएमओ राम प्रकाश जगनेरिया ने फीता काटकर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की।

इस अवसर पर विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि ऐसी स्वास्थ्य कैंपों से कई ऐसे मरीज होते हैं जो अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते वह खुले मन से जांच करवा कर लाभ प्राप्त करते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म उत्सव के साथ ही स्वच्छता ही सेवा को लेकर लगातार नगर पालिका परिषद विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है उसी के तहत नगर पालिका द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें हमारे परिषद के समस्त सभापति पार्षद गण के भरपूर सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हुआ हमारा प्रयास है की आम नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ निरंतर मिलता रहे।नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश जगनेरिया ने बताया कि नगर पालिका परिषद निरंतर आम नागरिकों के बीच पहुंचकर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाने का लक्ष्य है। जिसे हम सफाई मित्रों और कर्मचारियों अधिकारियों के माध्यम से आम नागरिकों को लाभ पहुंचाने का प्रयास निरंतर जारी है। इस मौके पर भाजपा की वरिष्ठ नेता विजय हुरकट, नपा उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया, सभापति संतोष कुमार, राय, नवीन साहू, अजय ठाकुर, शुभम तिवारी, भूपेंद्र राय,कू कुक्कू अजमानी,कैलाश कुशवाहा, हरिओम चौबे,महेंद्र सिंह,अतीक खान, प्रकाश बजाज, बी डी रजक, पहलाद यादव, सौरभ केथोरिया, भारती राय ,नीतू राय,गौरी शंकर राय, जितेंद्र बोहेरे,शैलेश शाह, मधुलिका यादव,डब्बू लखेरा, आदि उपस्थित रहे।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 30 सितंबर को

**सागर।**जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में 30 सितंबर दिन सोमवार को शाम 4 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। बैठक में जिला स्वास्थ्य समिति संबंधी विषयों के संबंध में चर्चा की जायेगी। जिसमें जिला अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत

**बीना(सागर)।** बीना में करीब एक सप्ताह बाद बुधवार की शाम को जोरदार बारिश हुई। बारिश ने उमस भरी गर्मी से लोगों को भले ही राहत दी हो लेकिन बीना के अलग-अलग दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं भी सामने आई हैं। जिसमें एक महिला की मौत हो गई है तो वहीं एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई है। जानकारी के अनुसार आगासौद थाना क्षेत्र के बिल्धई बुजुर्ग गांव निवासी अनीता पति धनीराम सौर (33) खेत पर फसल काटने गई थी। शाम को तेज बारिश होने के कारण महिला अपने बच्चे के साथ घर वापस आ रही थी। इसी दौरान रास्ते में लगे एक पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई।बिजली की चपेट में आने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय बच्चा महिला से कुछ दूरी पर आगे-आगे चल रहा था, जिससे बच्चे की जान बच गई।बिजली गिरने की दूसरी घटना बीना के देवराजी गांव से सामने आई है। जहां राजकुमारी पति तख्त सिंह लोधी (30) गांव में एक पेड़ के पास खड़ी हुई थी।

## जनसुनवाई में बिजली विभाग से संबंधित आई 9 शिकायतें

### मीटर रीडिंग, मीटर बंद,अधिक बिल, रीडिंग नहीं ली गई आदि समस्याओं को लेकर पहुंच रहे लोग

सत्ता सुधार ■ सागर

कलेक्टर कार्यालय में प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में सभी विभाग प्रमुखों के साथ कलेक्टर स्वयं भी उपस्थित रहते है।मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में बिजली विभाग के अधीक्षण अभियन्ता डी. एन. चौकीकर कलेक्टर के साथ स्वयं उपस्थित थे जहां पर बिजली विभाग से संबंधित केवल 09 शिकायती आवेदन आये जिन्हें संबंधित कार्यालय भेजकर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये गये है।

अधीक्षण अभियन्ता श्री चौकीकर ने बताया कि जिले में बिजली उपभोक्ताओं की बिल संबंधी शिकायतो जैसे गलत मीटर रीडिंग, मीटर बंद,अधिक बिल, रीडिंग नहीं ली गई इत्यादि प्रकार की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु पूरे जिले में प्रत्येक मंगलवार को वितरण केन्द्र एवं जोन स्तर पर भी जनसुनवाई शिविर आयोजित किये जाते है जिनमें मौके पर ही बिल संबंधी समस्याओं का शिकायत अनुसार सुधार कर उनका निराकरण किया जाता है। श्री चौकीकर ने बताया कि इस मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय जनसुनवाई में 09 शिकायत आवेदन एवं जिले भर में बिजली कार्यालयों में आयोजित जनसुनवाई शिविरों मे 183 शिकायतो सहित कुल 192 शिकायते आई जिनमें से 159 का तुरंत निराकरण किया गया शेष 33 शिकायतों का शीघ्र समय सीमा में निराकरण किया जावेगा । उन्होनें बताया कि सागर शहर में कुल 46 शिकायते आई। 29 का मौके पर निराकरण हुआ, शेष 17 को समय सीमा में निराकृत किया जावेगा। सागर ग्रामीण में 27 में से 27, रहली में 28 में से 28, बीना में 16 में 16, खुरई मे 27 में से 24, तीन शेष एवे बंडा में 39 मे से 35, 4 शेष है । इस तरह 192 शिकायतो मे से 159 का मौके पर निराकरण किया गया, शेष 33 शिकायतो का समय सीमा में शिघ्र की निराकरण किया जावेगा।

**बैठक** | बरोदिया कलां व बांदरी में सदस्यता अभियान समीक्षा बैठकें लीं

## सदस्यता अभियान को कार्यकर्ता चुनौती नहीं बल्कि एक अवसर के रूप में लें : भूपेंद्र सिंह

सत्ता सुधार ■ बांदरी (सागर)

भाजपा संगठन के अभियानों और कार्यक्रमों में कार्यकर्ता का परफार्मेंस कैसा रहा है, इस से ही अच्छे कार्यकर्ता की पहचान होती है। संगठन भी ऐसे ही समर्पित कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाता है। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने बरोदिया कलां व बांदरी में भाजपा सदस्यता अभियान की समीक्षा के लिए आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठकों को सम्बोधित करते हुए यह उद्गार व्यक्त किए।पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को बताया कि आज जो लोग महत्वपूर्ण पदों पर दिखाई दे रहे हैं उन्होंने अतीत में भाजपा संगठन के लिए निष्ठा और लगन पूर्वक समय दिया है और संगठन की मजबूती के लिए काम किया है। उन्होंने बताया कि 40 साल



पहले मैं स्वयं वेस्पा स्कूटर से पूरे जिले का दौरा करके संगठन को विस्तार देने के लिए काम करता था। उस दौर में आवागमन के साधनों और आपस में संचार के साधनों का पूरी तरह अभाव था और व्यक्ति शुरू संपर्कों के दौरान सदस्यता बंदी में पर्ची काट कर ही मजबूत संगठन की नींव डाली गई थी। उन्होंने कहा कि वह दौर ऐसा संघर्षपूर्ण था जब बीस पच्चीस साल तक कांग्रेस की सरकार होने से विपक्ष में रह कर दमन झेलना पड़ा। उन्होंने कहा कि कमलनाथ की सवा साल वाली कांग्रेस की सरकार का कार्यकाल याद करें। खुरई विधानसभा क्षेत्र के भाजपाई परिवारों के नौकरीपेशा सदस्यों के तबादले कराए गए, 74 कार्यकर्ताओं पर झूठे केस दर्ज कराए गए। पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा कि आज पार्टी का विस्तृत नेटवर्क गांव वार्ड, पंचायत तक है। मोबाइल फोन की उपलब्धता अधिकांश घरों में है। कार्यकर्ताओं को समक्ष अपने ही गांव,वार्ड में संपर्क करके आधुनिक तकनीक के माध्यम से सदस्यों को जोड़ने का कार्य मिला है जो चुनौती से ज्यादा आपके लिए एक अवसर की तरह है जिसमें आप जनता के बीच अपने संपर्कों की मजबूती दिखा सकते हैं। वृहद रूप से चलाया जा रहा यह सदस्यता अभियानएक अवसर के रूप में आपके सामने है। पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने पार्षदों व कार्यकर्ताओं के पास माईक भेज कर उनके द्वारा बनाए गए सदस्यों की संख्या पूछी। वार्ड व गांव के अधिकतम मतदाताओं व नव मतदाताओं को सदस्य बनाने वाले पार्षदों व कार्यकर्ताओं का करतल ध्वनि से अभिनंदन हुआ।

उन्होंने कहा कि यह देखा जा रहा है कि सामान्य कार्यकर्ता जी जान लगा कर सदस्यता अभियान में जुटे हैं और जिम्मेदार पदों पर बैठे कार्यकर्ता इस उद्देश्य में उनसे पीछे छूट रहे हैं जबकि उनके लिए सभी तरह की आसानियां हैं। श्री सिंह ने कहा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र के हर हिस्से में जैसा विकास और परिवर्तन हुआ उतनी बड़ी संख्या सदस्य बनाने में भी दिखाई दे।

